सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 05 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 240, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 150 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 150 अंक की बढ़त के साथ 80,718.01 अंक पर बंद हुआ। } 14

## पीएम मोदी ने लोगों को दिया दिवाली का तोहफा

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए इसे दुर्गा पूजा और दिवाली जैसे त्योहारों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नागरिकों को दिया गया बंपर उपहार बताया। } 16

## एनआईआरएफ रैंकिंग : शीर्ष पर आईआईटी मद्रास

❍ लगातार सातवीं बार मारी बाजी ❍ आईआईएससी का 10वीं बार दबदबा



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने लगातार सातवें वर्ष एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है जबकि भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु लगातार दसवें वर्ष सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय रहा। बृहस्पतिवार को जारी राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में यह जानकारी दी गई। एनआईआरएफ के दसवें संस्करण की घोषणा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा आईआईएससी बेंगलुरु ने समग्र श्रेणी में दूसरा स्थान बरकरार रखा है, इसके बाद आईआईटी मुंबई और आईआईटी दिल्ली ने भी अपना-अपना स्थान बरकरार रखा। विश्वविद्यालयों में, आईआईएससी बेंगलुरु ने शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दूसरे स्थान पर रहा है। विश्वविद्यालयों की श्रेणी में दोनों संस्थानों ने अपनी रैंकिंग बरकरार रखी है, जबकि मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन ने तीसरा स्थान हासिल किया है। कर्नाटक में स्थित यह विश्वविद्यालय एनआईआरएफ की रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल होने वाला पहला निजी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीएसटी सुधार से स्वदेशी व स्वावलंबन की ओर बढ़ेगा भारत : योगी

### दो स्लैब प्रणाली से आमजन को सीधी राहत, किसान, महिला और युवा होंगे सशक्त

विशेष/जिला संवाददाता

लखनऊ/गोरखपुर। जीएसटी सुधार के निर्णय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की कर व्यवस्था एक नए युग में प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा घोषित नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म अब धरातल पर उतरता दिख रहा है। यह केवल कर सुधार नहीं बल्कि भारत को उच्च विकास दर वाली वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कहा कि इन सुधारों से स्वदेशी से स्वावलंबन की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी। उपभोग व्यय में वृद्धि से ऑटोमोबाइल, टिकाऊ उपभोग वस्तुओं और निर्माण क्षेत्र में मांग बढ़ेगी तथा लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा



कि नए सुधारों के तहत अब जीएसटी में केवल दो प्रमुख स्लैब 5% और 18% रहेंगे। अधिकांश आवश्यक वस्तुएं 5% स्लैब में रखी गई हैं, जबकि बहुत कम संख्या में आने वाली विलासिता की वस्तुओं पर 40% तक कर लगेगा। खाना, दवाइयां ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सुरक्षा के माहौल से आता है निवेश

लखनऊ/ गोरखपुर। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण किया। निवेश की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिंग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने वर्तमान सरकार में बने सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताया। इस संदर्भ के उन्होंने पूर्व की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था। गीडा के प्लास्टिक पार्क में हुए आयोजन में मुख्यमंत्री ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### पत्नी की सरेआम गोली मारकर हत्या

गोरखपुर। गोरखपुर जिले के शाहपुर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यक्ति ने आपसी विवाद के बाद भीड़ भरे बाजार में सरेआम अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक विश्वकर्मा चौहान नामक व्यक्ति का अपनी पत्नी ममता (35) से तलाक को लेकर विवाद था और बुधवार शाम शाहपुर के एक भीड़ भरे बाजार में उसने तलाक के मामले को लेकर हुई तीखी बहस के बाद अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी वारदात के बाद भागा नहीं। बाद में उसने पुलिस को बताया कि उसे अपने किये पर कोई पछतावा नहीं है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे ममता काम से लौटते समय शाहपुर इलाके में एक फोटो स्टूडियो में रुकी थी। इसी बीच पीछा कर रहे उसके पति विश्वकर्मा से उसका सामना हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों के बीच बहस हुई और आपसी धक्का-मुक्की के बाद विश्वकर्मा ने पिस्टल निकाली और ममता को दो गोलियां मार दीं।

### माओवादियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत

रांची। झारखंड के पलामू जिले में बुधवार देर रात प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के एक अलग समूह टीएसपीसी के सदस्यों के साथ मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मनातू पुलिस थाना क्षेत्र के केदल इलाके में बुधवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित तृतीया सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के सदस्यों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। पलामू के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नौशाद आलम ने बताया, मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और एक जवान घायल हो गया।

# जीएसटी सुधार से सशक्त होगी भारतीय अर्थव्यवस्था

### ❍ अब पहले से अधिक सरल होंगी नयी दरें ❍ नवरात्र के पहले दिन से लागू : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जीएसटी कर ढांचे में किए गए व्यापक सुधार राष्ट्र को समर्थन एवं वृद्धि की दोहरी खुराक है और 21वीं सदी में भारत की प्रगति को समर्थन देने के लिए अगली पीढ़ी के ये सुधार किए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी जीएसटी परिषद की बैठक में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के स्लैब को चार से घटाकर दो स्लैब पर लाने और दैनिक उपभोग वाली अधिकांश वस्तुओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने के फैसले के एक दिन बाद आई है। जीएसटी परिषद ने अब सिर्फ पांच एवं 18 प्रतिशत की दो कर दरें ही रखने का फैसला किया है जबकि विलासिता एवं अहितकर उत्पादों को 40 प्रतिशत के विशेष कर दायरे में रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद के दौरान कहा कि इन कर सुधारों से भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था में पांच नए रत्न (पंच रत्न) जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी प्रणाली अब पहले से कहीं अधिक सरल हो गई है और नई कर दरें नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो जाएंगी। उन्होंने कहा जीएसटी 2.0 राष्ट्र को समर्थन और वृद्धि की दोहरी खुराक है। 21वीं सदी में भारत की प्रगति को समर्थन देने के लिए अगली पीढ़ी के ये सुधार किए गए हैं। जीएसटी सुधारों से भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था में पांच नए रत्न जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि समय पर बदलाव किए बगैर देश को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में उसका उचित स्थान नहीं मिल सकता है। उन्होंने कहा मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार जरूरी हैं। मैंने देशवासियों से वादा किया था कि दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी खुशी मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान घरेलू उपभोग वाली बुनियादी वस्तुओं पर भारी कर लगाया जाता था। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने आम आदमी की सहूलियत के लिए उन खामियों को दूर करने की कोशिश की है।



**दैनिक उपयोग की खाद्य वस्तुओं पर कर की दर शून्य होगी। वहीं दूध, छेना, पनीर, पिज्जा ब्रेड, खाखरा, सादी चपाती या रोटी पर कर की दर पांच प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दी गई है व आम उपयोग के खाद्य और पेय पदार्थों, मक्खन और घी से लेकर सूखे मेवे, पनीर, अंजीर, खजूर, एवोकाडो, सॉसेज, मांस, चीनी से बनी कन्फेशनरी, जैम और फ्रूट जेली, नारियल पानी, नमकीन, 20 लीटर की बोतल में पैक पेयजल, फलों का गूदा या रस, आइसक्रीम, पेस्ट्री और बिस्कुट, कॉर्न फ्लेक्स और अनाज युक्त पेय पदार्थ और चीनी से बनी मिठाइयों पर कर की दर को मौजूदा के 12 प्रतिशत या 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया जायेगा।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को जीएसटी व्यवस्था में किए गए व्यापक सुधारों (जीएसटी 2.0) को राष्ट्र के लिए समर्थन और वृद्धि की दोहरी खुराक करार देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों की शृंखला अब नहीं थमेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद में कहा कि उन्होंने 15 अगस्त को लाल किले से यह वादा किया था कि दिवाली और छठ पूजा से पहले देशवासियों को डबल धमाका मिलेगा। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की व्यवस्था अब अधिक सरल हो गई है और नई कर दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो जाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी जीएसटी परिषद की बैठक में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के स्लैब को चार से घटाकर दो स्लैब पर लाने और दैनिक उपभोग वाली अधिकांश वस्तुओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने के फैसले के एक दिन बाद आई है। जीएसटी परिषद ने अब सिर्फ पांच एवं 18 प्रतिशत की दो कर दरें ही रखने का फैसला किया है जबकि विलासिता एवं अहितकर उत्पादों को 40 प्रतिशत के विशेष कर दायरे में रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों के दौर में आम घर-परिवार और खेती-किसानी से जुड़ी वस्तुओं या दवाओं पर भी भारी कर लगाया जाता था। उन्होंने कहा अगर वह व्यवस्था जारी रहती तो हर 100 रुपये की खरीद पर 20-25 रुपये का कर देना पड़ता। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि आम लोगों की जेब में अधिक पैसा बचे और उनका जीवन बेहतर बने। उन्होंने कहा जीएसटी 2.0 राष्ट्र को समर्थन और वृद्धि की दोहरी खुराक है। 21वीं सदी में भारत की प्रगति को समर्थन देने के लिए अगली पीढ़ी के ये सुधार किए गए हैं। जीएसटी सुधारों से भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था में पांच नए रत्न जुड़े हैं। मोदी ने नए सुधारों को देश की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत-सिंगापुर रिश्तों में आयेगी मजबूती : पीएम

नयी दिल्ली। भारत और सिंगापुर ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके सिंगापुरी समकक्ष लॉरेंस वोंग की मौजूदगी में अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए एक रोडमैप का अनावरण किया, जिसमें दुनिया में मौजूदा भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया।


वोंग मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे थे। मोदी और वोंग ने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम पर व्यापक वार्ता की। मोदी ने वोंग की उपस्थिति में कहा कि भारत-सिंगापुर संबंध कूटनीति से कहीं आगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों ने निर्णय लिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम और अन्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाया जाएगा। मोदी ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा, आतंकवाद के संबंध में हमारी चिंताएं समान हैं। उन्होंने कहा हमारा मानना है कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से लड़ना उन सभी देशों का कर्तव्य है जो मानवता में विश्वास रखते हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी साझा मूल्यों पर आधारित है और यह आपसी हितों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ऑनलाइन गेमिंग की याचिकाओं पर सुनवाई करे सुप्रीम कोर्ट

### विभिन्न उच्च न्यायालयों में एक ही प्रकार के अनेक मुकदमे लंबित : केंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 के संवर्धन और विनियमन को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को विभिन्न उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया ताकि परस्पर विरोधी फैसलों से बचा जा सके। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कर्नाटक, दिल्ली और मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालयों में लंबित तीन मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की याचिका अगले



सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की है। केंद्र सरकार के वकील ने कहा, भारत सरकार ने स्थानांतरण याचिका दायर की है, ऑनलाइन गेमिंग विनियमन अधिनियम को तीन उच्च न्यायालयों में चुनौती दी गई है। चूंकि यह कर्नाटक उच्च न्यायालय के समक्ष अंतरिम आदेशों के लिए सूचीबद्ध है, इसलिए क्या इसे सोमवार को सूचीबद्ध किया जा सकता है? याचिकाओं के स्थानांतरण की मांग के अलावा, केंद्र ने स्थानांतरण याचिका के निपटारे तक विभिन्न उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाओं पर सभी कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है विभिन्न उच्च न्यायालयों में एक ही प्रकार के अनेक मुकदमे लंबित होने के कारण यह आवश्यक है कि इन्हें इस न्यायालय या किसी अन्य उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया जाए, ताकि विचारों में किसी भी प्रकार की भिन्नता या विभिन्न न्यायालयों में सुनवाई से बचा जा सके। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अधिनियम की वैधता को चुनौती ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शिखर धवन को ईडी ने भेजा समन

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन को बृहस्पतिवार को एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए समन किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जाँच एजेंसी वन एक्स बेट नामक एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़ी इस जाँच के तहत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज करेगी।

ऐसा माना जा रहा है कि 39 वर्षीय पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के ज़रिए इस ऐप से जुड़े हैं। ईडी पूछताछ के दौरान इस ऐप से उनके संबंधों को समझना चाहता है। एजेंसी अवैध सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़े ऐसे कई मामलों की जाँच कर रही है जिन पर कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने या भारी कर चोरी का आरोप है।

## उत्तराखंड : सभी जिलों में खोले जायेंगे वृद्ध आश्रम

### वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए भरण-पोषण अधिनियम लागू : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। सरकार ने बदलते समय के साथ रिश्तों में आई चुनौतियों को देखते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम लागू किया है। इसके माध्यम से हमारे बुजुर्गों को यह कानूनी अधिकार प्राप्त हो जाता है कि वे अपने बच्चों या कानूनी उत्तराधिकारियों से भरण-पोषण की मांग कर सकें। उन्होंने वरिष्ठजनों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपका ये बेटा कभी आपके सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने देगा।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक संवाद के तहत



वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के साथ संवाद करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक वृद्धाश्रम की व्यवस्था की जायेगी। दिव्यांग युवक-युवती से विवाह करने पर प्रोत्साहन अनुदान धनराशि 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया जायेगा। दिव्यांग छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा को समाप्त किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग शादी अनुदान एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का सॉफ्टवेयर लांच किया एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत दी जा रही पेंशन की इस वित्तीय वर्ष की 5वीं किश्त का ऑनलाइन भुगतान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 96 हजार से अधिक दिव्यांगजनों को पेंशन प्रदान की जा रही है। जहां एक ओर 18 वर्ष से अधिक आयु ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ योगी ने कोका कोला के प्लांट किया भूमि पूजन (पृष्ठ-02)
❍ 2047 तक जीरो एक्सीडेंट सरकार का विजन (पृष्ठ-02)
❍ शुल्क को आसियान स्तर तक लाने की जरूरत (पृष्ठ-14)
❍ जीएसटी सुधारों से परिवारों को राहत मिलेगी (पृष्ठ-14)
❍ जीएसटी कटौती से घरेलू मांग बढ़ेगी (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** उफनती यमुना के चलते लोग घर से कैंप में पहुंचे, अब कैंप तक घुसा बाढ़ का पानी

# बाढ़ से पंजाब, जम्मू में 90 बीएसएफ चौकियां क्षतिग्रस्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाब और जम्मू के अग्रिम इलाकों में बाढ़ के कारण भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा की 110 किलोमीटर से ज़्यादा बाड़ क्षतिग्रस्त हो गई है और लगभग 90 बीएसएफ चौकियां जलमग्न हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वहीं दिल्ली में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों ने यहां कुछ इलाकों में नावों की मदद से और अन्य जगहों पर घुटनों तक पानी में चलकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में फंसे लोगों को बचाया है। उनमें यमुना के बढ़ते जलस्तर के कारण बाढ़ग्रस्त राहत शिविरों में फंसे लोग भी शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय सीमा 2,289 किलोमीटर लंबी है, जो देश के पश्चिमी हिस्से में राजस्थान और गुजरात राज्यों से होकर भी गुजरती है। बीएसएफ जम्मू में लगभग 192 किलोमीटर और पंजाब में



553 किलोमीटर की पहरेदारी करता है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगी लगभग 80 किलोमीटर लंबी बाड़ और जम्मू में लगभग 30 किलोमीटर लंबी बाड़ बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। इन जगहों पर लगी बाड़ या तो डूब गई है, उखड़ गई है या झुक गई है। बाढ़ से जम्मू में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की लगभग 20 और पंजाब में 65-67 चौकियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं या जलमग्न हो गई हैं। बीएसएफ की कई अग्रिम रक्षा चौकियां या ऊंचाई पर स्थित निगरानी चौकियां भी प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ ने अब इन दोनों क्षेत्रों में बाड़ और सीमा चौकियों को बहाल करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है ताकि जवान फिर से वहां तैनात हो सकें। उन्होंने बताया कि इन प्रभावित इलाकों में अंतरराष्ट्रीय सीमा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के साथ ड्रोन, बड़ी सर्चलाइट से नजर रखी जा रही है और नौकाओं से गश्त की जा रही है। पानी कम हो रहा है और बीएसएफ कर्मी जल्द ही वहां तैनात हो जाएंगे। कुछ दिन पहले जम्मू में बाढ़ के पानी में बीएसएफ का एक जवान डूब गया। पंजाब 1988 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है, जबकि जम्मू में रिकॉर्ड तोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फर्जी म्यूचुअल फंड कंपनी ने निवेशकों से 93 करोड़ ठगे

जिला संवाददाता

❍ कंपनी के 15 निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भदोही। भदोही में एक फर्जी म्यूचुअल फंड कंपनी के निदेशक ग्राहकों के 93 करोड़ रूपये लेकर कथित तौर पर फरार गए। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि इस संबंध में वेरी वेल म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड के एक कर्मचारी राजेश कुमार मौर्या की ओर से मिली शिकायत के आधार पर 15 निदेशकों के खिलाफ बुधवार रात ज्ञानपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 314(4) के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार कृपा शंकर, उसकी पत्नी आशा देवी, बेटों रवि आनंद, अक्षय, सूरज, अमन के अलावा सुहैल अहमद, आनंद श्रीवास्तव, दया शंकर, विमलेश मौर्य, रमेश मौर्य, वेद प्रकाश, राकेश वर्मा, सूबेदार पाल और सुरेश यादव ने खुद को वेरी वेल कंपनी का निदेशक बताया और धन दोगुना करने का वादा करते हुए सावधि जमा जैसी कई योजनाओं में एजेंटों के जरिये सैकड़ों लोगों के 92.91 करोड़ रुपये जमा कराए। शिकायत में कहा गया है कि कंपनी के मुखिया कृपा शंकर की मौत होने के बाद उसकी पत्नी आशा देवी और चार बेटे मिलकर अपने अन्य निदेशकों के साथ कंपनी का संचालन करने लगे। पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी ने कोका कोला के अमृत बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन किया

## सीएम ने सेक्टर 27 में 640 करोड़ रुपये की निवेश वाली तीन यूनिट्स का किया शिलान्यास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**गीडा, गोरखपुर।** गीडा में निवेश और विकास परियोजनाओं की सौगात देने के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले सेक्टर 27 में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के अमृत बॉटलर्स की बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। 40 एकड़ क्षेत्रफल में बॉटलिंग प्लांट की इस परियोजना में 700 करोड़ रुपये के निवेश से करीब 1200 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। पहले चरण में यहां 3000 बोतल प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट में कोका कोला ग्रुप के थम्सअप, फैंटा, स्प्राइट, माजा ब्रांड के पेय पदार्थ और किनले ब्रांड के बॉटल वाटर का उत्पादन किया जाएगा। गीडा में लोकार्पण और शिलान्यास के समारोह के दौरान सीएम योगी ने सेक्टर 27 में कोका कोला प्लांट के भूमि पूजन के अलावा 640 करोड़ रुपये की निवेश वाली तीन यूनिट्स का शिलान्यास भी किया। इनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, ग्रीनटेक भारत प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएमजी ग्रुप) और कपिला कृषि उद्योग शामिल हैं। इन तीनों यूनिट्स के बन जाने पर करीब 1200 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।



### प्लास्टिक पार्क में टेक्नोप्लास्ट सहित तीन यूनिट्स का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

गीडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये के निवेश से टेक्नोप्लास्ट सहित तीन यूनिट्स का लोकार्पण किया। लोकार्पित यूनिट्स में से टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 96 करोड़ रुपये के निवेश से 250 लोगों को रोजगार दिया है। लोकार्पित अन्य दो कंपनियों, ओमफ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ रुपये और गजानन पाली प्लास्ट में 7 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गोरखपुर से देशभर के लिए प्लास्टिक उत्पादों की आपूर्ति होगी।

### प्लास्टिक पार्क में सीपेट के सेंटर और सीएफसी का शिलान्यास

गीडा के प्लास्टिक पार्क में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी (कामन फैसिलिटी सेंटर) की स्थापना होगी। इसका शिलान्यास गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसके निर्माण पर 16 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सीपेट सेंटर के लिए गीडा द्वारा पांच एकड़ भूमि निशुल्क दी गई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब यहीं डिग्री और डिप्लोमा लेकर, ट्रेनिंग प्राप्त कर युवा नौकरी प्राप्त कर सकेंगे।

### सीईटीपी से होगा औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट का उपचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा की औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट उपचार के लिए कामन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का भी शिलान्यास किया। 4 एमएलडी क्षमता की इस सीईटीपी का निर्माण अड़िलापार में 11.15 एकड़ क्षेत्रफल में करीब 199 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शोधित जल का इस्तेमाल फैक्ट्रियों में दोबारा हो सकेगा और इसका इस्तेमाल खेती में भी किया जा सकेगा। नदियों का जल भी प्रदूषित होने से बचेगा।

### 281 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों की मिली सौगात

गीडा द्वारा विभिन्न सेक्टर्स 281 करोड़ रुपये की अवस्थापना विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया गया। इसमें गीडा क्षेत्र में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, पुलिया, स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत तंत्र के निर्माण से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

### आवासीय व औद्योगिक भूखंडों के आवंटन पत्र का सीएम ने किया वितरण

लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 400 करोड़ रुपये की लागत वाली कालेसर आवासीय योजना सेक्टर 11 के आवंटियों को आवंटन पत्र का वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने गीडा क्षेत्र के कुछ निवेशकों और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के प्रमुख निवेशकों अंबुजा सीमेंट (अडानी ग्रुप), श्रेयस डिस्टिलरीज एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को औद्योगिक भूखंडों के वितरण का आवंटन पत्र प्रदान किया।

## हर पात्र को दिलाये कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री

**जिला संवाददाता, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जरूरतमंदों के इलाज से लेकर आवास तक की व्यवस्था के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। पर, किन्हीं कारणों से यदि कोई व्यक्ति इन योजनाओं के दायरे में अभी नहीं आ पाया हो तो उसे भी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रभावी कार्यवाही की जाए।

सीएम योगी ने ये निर्देश गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।



जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने उसके आवास निर्माण के दौरान कुछ लोगों द्वारा लिंटर डालने में बाधा उत्पन्न करने की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की मदद की जाए और यदि कोई विधि विरुद्ध बाधा डाल रहा हो तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसी तरह जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। सरकार ने गत एक वर्ष में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 1100 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राहत कोष से उपलब्ध कराई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों को गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट दिया और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# ब्रिटिश भी नहीं कर पाये थे गोरखा सैनिकों का सामना : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखा रेजीमेंट के वीर सपूतों की अदम्य साहस और शौर्यगाथा को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनाने के उद्देश्य से गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य और संग्रहालय का शिलान्यास किया। यह परियोजना 45 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी, जो न केवल गोरखा सैनिकों के बलिदान को सम्मान देगी बल्कि भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी। कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित रहे। इस दौरान सीएम योगी ने गोरखा सैनिकों की वीरता को याद करते हुए कहा कि गौरवशाली विरासत की नींव आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। भारतीय सेना का लोहा आज पूरी दुनिया ने माना है। ब्रिटिश भी गोरखा सैनिकों का सामना नहीं कर पाए और उन्हें संधि के लिए मजबूर होना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संग्रहालय का भूमिपूजन किया और परिसर में स्थित मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान गोरखा रिक्रूटिंग डिपो (जीआरडी) की कार्यशैली पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें गोरखा रेजीमेंट के बहादुर जवानों की



कहानियां जीवंत रूप से प्रस्तुत की गईं। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जवानों ने अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुरूप नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गए। मुख्यमंत्री ने गोरखा रेजीमेंट के शहीदों के परिवारों की वीर महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां पढ़ते हुए कहा जला अस्थियां बारी-बारी चिटकाई जिनमें चिंगारी, जो मर गए मातृभूमि के लिए बिना किसी कीमत के मोल... कलम आज उनकी जय बोल। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण गुलामी के अंशों को समाप्त करना, अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति, वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, सामाजिक एकता और कर्तव्यों का निर्वहन का जिक्र करते हुए कहा कि गोरखा सैनिकों ने अलग-अलग मोर्चों पर काम किया है सभी वीर सैनिकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। सेना के शौर्य की चर्चा में गोरखा सैनिकों का नाम सबसे ऊपर आता है। सीएम योगी ने कहा कि जब हम भारत की सेना के शौर्य की चर्चा करते हैं, तो गोरखा सैनिकों का नाम सबसे ऊपर आता है। 'जय महाकाली, आयो गोरखाली' के उद्घोष के साथ जब ये शत्रु पर टूट पड़ते हैं, तो दुश्मन पीछे हटने को मजबूर हो जाता है। 1816 के ब्रिटिश-गोरखा युद्ध में ब्रिटिश सेना को संधि के लिए बाध्य होना पड़ा। उसके बाद गोरखा सैनिकों ने ब्रिटिश आर्मी में भी अपनी बहादुरी दिखाई। स्वतंत्र भारत में भी उन्होंने विभिन्न मोर्चों पर दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर किया। सीएम योगी ने कहा कि जहां गोरखनाथ मंदिर हैं, वहां मां काली की पूजा अनिवार्य है, जो शिव और शक्ति के समन्वय का प्रतीक है। यह समन्वय ही गोरखा सैनिकों की मौत से बेखौफ होकर लड़ने की शक्ति का स्रोत है।

**अग्निवीरों को यूपी पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण :** सीएम योगी ने इस स्मारक को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि यह 100 वर्ष पुराना स्मारक अब भव्य रूप लेगा। यहां म्यूजियम में गोरखा रेजीमेंट के पुराने यूनिफॉर्म, हथियार, अस्त्र-शस्त्र और युद्ध कला के परिवर्तनों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## भारत की डीप टेक कैपिटल बनेगा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को डीप टेक में अग्रणी राज्य बनाने का जो संकल्प लिया है, आईआईटी कानपुर उसे पूरा करने में जुट गया है। उत्तर प्रदेश को भारत की डीप टेक कैपिटल बनाने के लिए टैलेंट, टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप को आधार बनाए जाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री का मानना है कि आने वाले वर्षों में भारत को तकनीकी महाशक्ति बनाने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। ऐसे में योगी सरकार का फोकस है कि उत्तर प्रदेश न केवल स्टार्टअप इकोसिस्टम में अग्रणी बने, बल्कि पूरे देश के लिए इनोवेशन का इंजन साबित हो। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आईआईटी कानपुर ने यूपी को डीप टेक की कैपिटल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। यह कहा जा सकता है कि योगी सरकार की प्रतिबद्धता, आईआईटी कानपुर की विशेषज्ञता और एल्युमनी नेटवर्क की ताकत मिलकर उत्तर प्रदेश को एक नए युग की ओर ले जाएगी। डीप टेक पर आधारित यह विजन न केवल राज्य बल्कि पूरे देश की तकनीकी प्रगति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को ही आईआईटी कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा था कि भारत का पहला डीप टेक भारत 2025 उत्तर प्रदेश में आकार लेगा। इसके लिए एक प्रभावशाली शिखर सम्मेलन (समिट) का आयोजन होना चाहिए, जहां पूरे देश के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और स्टार्टअप मिलकर ठोस रोडमैप तैयार करें। इस पहल का केंद्र आईआईटी कानपुर को बनना चाहिए, जो पहले से ही डीप टेक इनोवेशन में राष्ट्रीय नेतृत्व की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कही कि गौतमबुद्ध नगर जिले में डीप टेक हब के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है और डीआरडीओ, इसरो व अन्य शीर्ष संस्थाओं के साथ मिलकर इसे साकार किया जा सकता है। आईआईटी कानपुर मुख्यमंत्री के इस महत्वाकांक्षी मिशन का नेतृत्व कर रहा है।

## शिक्षकों के सम्मान में सभी वन प्रभाग लगायेंगे 'एक पेड़ गुरु के नाम'

- **शिक्षक दिवस पर आज गुरु के सम्मान में रोपे जाएंगे पौधे, सरकार के प्रयास से निरंतर बढ़ रहा यूपी का फॉरेस्ट कवर**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने एक तरफ पौधरोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत एक दिन में 36.21 करोड़ से अधिक पौध रोप कर नया रिकॉर्ड बनाया तो दूसरी तरफ इस वर्ष भी विशिष्ट वनों की स्थापना की गई। विशिष्ट वनों का आगाज एकलव्य वन के साथ प्रारंभ हुआ तो 'एक पेड़ गुरु के नाम' के तहत विशिष्ट आयोजन भी होगा।

गुरु के सम्मान में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर सभी वन प्रभागों में यह आयोजन किया जाएगा। राजधानी लखनऊ में कुकरैल में वन विभाग के सेवानिवृत्त व वर्तमान अधिकारी पौधरोपण करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रच दिया। 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम के अंतर्गत पौधरोपण महाभियान-2025 में पूरे प्रदेश में एक दिन (9 जुलाई, बुधवार) में 37,21,40,925 पौधरोपण हुए। यह सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्य 37 करोड़ से 21,40,925 अधिक रहा। सीएम योगी ने अयोध्या से अभियान का आगाज किया था। उन्होंने 9 जुलाई को ही आजमगढ़ और गोरखपुर में भी पौधरोपण किया था।

## प्रदेश सरकार का लक्ष्य, 2047 तक जीरो एक्सीडेंट का विजन

विशेष संवाददाता (vol)


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ठोस कार्ययोजना तैयार कर ली है। तीन मिशन, तीन थीम और 12 सेक्टर की मजबूत रूपरेखा तय करते हुए सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि 'विकसित यूपी' का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं होगा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और सुरक्षा के नए मानक भी स्थापित करेगा।

इस रूपरेखा में 'सुरक्षा एवं सुशासन' सेक्टर को सबसे अहम स्तंभ माना गया है। प्रदेश सरकार का मानना है कि भयमुक्त, सुरक्षित और पारदर्शी शासन ही मजबूत अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। गृह विभाग, होमगार्ड, भाषा और सामान्य प्रशासन विभाग के जरिए सरकार इस दिशा में सतत काम कर रही है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सभी जिलों में आधुनिक कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित हों, हर जिले की विकास योजनाएं और मास्टर प्लान तैयार हों और हर घर-हर संस्थान तक हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचे। वहीं 2047 तक प्रदेश को रोड सेफ्टी में ग्लोबल स्टैंडर्ड पर पहुंचाना, जीरो एक्सीडेंट विजन को साकार करना और पूर्ण रूप से पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासन खड़ा करना शामिल है।

**फोकस एरिया :** सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर में सरकार ने 'स्मार्ट गवर्नेंस', 'स्मार्ट पुलिसिंग' और 'जीरो टॉलरेंस' को आधार बनाया है। इसमें रियल टाइम मॉनिटरिंग डैशबोर्ड, आउटकम बेस्ड बजटिंग, रोड सेफ्टी इंफोर्समेंट, बिजनेस कॉन्फिडेंस, क्राइम और करप्शन पर सख्ती तथा पुलिस आधुनिकीकरण को केंद्र में रखा गया है।

**लघु अवधि लक्ष्य (2029-30) :** स्मार्ट पुलिसिंग की ओर से हर नागरिक, बेटी, व्यापारी, किसान व गरीब की सुरक्षा सुनिश्चित करना। सभी जिलों में सीसीटीवी नेटवर्क, एआई आधारित निगरानी और आधुनिक कमांड सेंटर का विस्तार। ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म और एआई आधारित निर्णय प्रणाली से पारदर्शी और जवाबदेह शासन। एकीकृत रियल टाइम डैशबोर्ड से विकास परियोजनाओं व संसाधनों की निगरानी।

**मध्यम व दीर्घ अवधि लक्ष्य :** उन्नत प्रवर्तन व निगरानी प्रणाली से जीरो एक्सीडेंट विजन प्राप्त करना। सभी जिलों के लिए विकास योजनाएं व मास्टरप्लान तैयार कर संतुलित विकास। उच्च गति ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से स्मार्ट ग्रिड, ई-मीटरिंग और डिजिटल ऊर्जा प्रबंधन को बढ़ावा और साढ़े आठ साल में गढ़े गये सुरक्षा और सुशासन के नये मानक। बता दें कि 6 ट्रिलियन डॉलर के 'विकसित यूपी @2047' लक्ष्य को पाने के लिए राज्य को 16% वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। इसका मतलब होगा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 26 लाख रुपये तक पहुंचे और यूपी का भारत की अर्थव्यवस्था में 20% योगदान हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट मत है कि सुरक्षित, भयमुक्त और पारदर्शी उत्तर प्रदेश ही विकसित भारत के विजन का आधार बनेगा।

संक्षेप

## ओवरलोड मौरंग लदे दो ट्रक सीज

जसवंतनगर, इटावा। बलरई थाना भारी निरीक्षक व ट्रेनी सीओ अभय कुमार वर्मा ने देर रात चेकिंग अभियान चलाकर अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। लखेरे कुआं पुलिस चैकी क्षेत्र में आगरा सीमा के पास चेकिंग के दौरान कई ट्रक रोके गए। जांच में दो ट्रक ओवरलोड मौरंग से भरे मिले, जिनकी रॉयल्टी कटवाने के बाद दोबारा अवैध खनन किया गया था। ट्रेनी सीओ अभय कुमार वर्मा ने बताया कि मौके पर ही दोनों ट्रकों को 207 एमवी एक्ट में सीज कर खनन विभाग को सूचना दी गई। खनन अधिकारी और एआरटीओ ने नियमों के उल्लंघन पर दोनों ट्रकों पर करीब एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। इसके अलावा संबंधित रिपोर्ट अन्य विभागों को भेजी गई है। सीओ ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। लखेरे कुआं पुलिस पर खनन कराने में संलिप्तता के आरोप हैं। चैकी क्षेत्र में मछलियों का अवैध शिकार और गैस सिलेंडर से रिफिलिंग का काम भी संरक्षण में होने की बात सामने आई है। यहां तक कि अपराधियों को भी चैकी से मदद मिलती है। तीन दिन पहले एक अपराधी को पकड़ने गई पुलिस के पहुंचने से पहले उसे चैकी से फोन कर भागने का मौका दिया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टाफ को फटकार लगाई है।

## महेंद्र प्रताप मिश्रा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भरोहिया ब्लॉक क्षेत्र के मड़हा निवासी, पूर्व प्रधान स्वर्गीय महेंद्र प्रताप मिश्रा के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधान और श्रीगोरक्षपीठ के अनन्य अनुयायी महेंद्र प्रताप मिश्रा का लंबी बीमारी के बाद 27 अगस्त को निधन हो गया था। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार दोपहर उनके मड़हा गांव में स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय मिश्रा के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और महायोगी गुरु गोरखनाथ से दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों के साथ आत्मीय बातचीत कर उन्हें ढांढस भी बंधाया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, विधायक फतेह बहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, महेंद्र प्रताप मिश्रा के परिजन अरविंद मिश्रा, मुकुट मिश्रा, अंकुर, अनिल, प्रसन्न आदि उपस्थित रहे।

## पद्मश्री विश्वनाथ तिवारी के आवास पहुंचे सीएम

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम प्रसिद्ध साहित्यकार, साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी के बेतियाहाता स्थित आवास पर जाकर उनकी दिवंगत पत्नी दुर्गावती तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की पत्नी दुर्गावती तिवारी का मंगलवार की रात में निधन हो गया था। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार शाम गोरखा वार मेमोरियल के सौंदर्यीकरण और संग्रहालय के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद बेतियाहाता स्थित प्रो. तिवारी के आवास पर गए। उन्होंने दुर्गावती देवी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और महायोगी गुरु गोरखनाथ से दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना की।

# विवादित चकमार्ग का तहसील प्रशासन ने किया सीमांकन

## एसडीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम



गोला/गगहा, गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत विकास खण्ड गगहा के मऊ बुजुर्ग गांव में विवादित चकमार्ग का तहसील प्रशासन ने सीमांकन कर ग्राम पंचायत को सुपुर्द कर दी। जिसके बाद से ही ग्राम पंचायत ने चकरोड पर मिट्टी पटवाने का काम भी शुरू कर दिया है। चकरोड निर्माण को लेकर ग्राम वासियों ने पुलिस-प्रशासन को धन्यवाद देने के साथ ही उक्त चकरोड पर तत्काल खड़ंजा लगवाने की भी मांग किया है।

जानकारी के मुताबिक, गगहा ब्लाक के मऊ बुजुर्ग गांव में पश्चिम टोले की तरफ एक चकरोड था। उक्त चकरोड को लेकर गांव निवासी रविन्द्र नाथ दूबे का आरोप था कि वह चकरोड उनकी निजी भूमि में पूर्ववर्ती ग्राम प्रधान द्वारा जबरन पटवाकर बनवा दिया गया। जिसको लेकर उन्होने तहसील से लेकर उच्च न्यायालय तक न्याय की लड़ाई लड़ी। न्यायालय के निर्देश पर उक्त भूमि से चकरोड हटा दिया गया। जिसको लेकर गांव में दो पक्ष आमने-सामने गोलबंद हो गए। और ग्राम प्रधान पक्ष पर जबरन चकरोड हटवाने का आरोप लगाने लगे। और सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे। जिसको लेकर गांव का माहौल काफी गर्म हो गया और लोग गोलबंद होने लगे। ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी गगहा से चकरोड को बनवाने की मांग किया। तो खण्ड विकास अधिकारी-गगहा ने बीते 30 अगस्त को उपजिलाधिकारी गोला को पत्र लिखकर मऊ बुजुर्ग गांव में चकमार्ग आराजी नंबर 148 क्षेत्रफल दशमलव 057 हेक्टेयर का सीमांकन कराने की मांग किया। जिसके क्रम में एसडीएम गोला अमित कुमार जायसवाल ने पुलिस-प्रशासन की टीम गठित कर उक्त चकमार्ग के सीमांकन का निर्देश दिया। नायब तहसीलदार बड़हलगंज जयप्रकाश यादव की अध्यक्षता की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम ने एसएचओ चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में मौजूद पुलिस बल एवं खण्ड विकास गगहा तथा ग्राम वासियों एवं पक्ष-विपक्ष की मौजूदगी में चकमार्ग आराजी संख्या -148 क्षेत्रफल दशमलव 057 हेक्टेयर का सीमांकन का सीमांकन कर ग्राम पंचायत को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान कानूनगो अरविंद कुमार व लालजी शर्मा, राजस्व कर्मी अमित सिंह, दिनेश कुमार तथा रविन्द्र नाथ दूबे, रमाशंकर दूबे, अखिलेश दूबे समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मिथ्या आरोप से नहीं डिगेंगे उनके समाजसेवा के पथ पर चलते कदम : अखिलेश

गोला, गोरखपुर। गगहा विकास खण्ड के मऊ बुजुर्ग निवासी वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश दूबे उर्फ नन्हें दूबे ने उपनगर गोला में एक पत्रकार वार्ता कर बताया कि मऊ बुजुर्ग गांव में न्यायालय के आदेश पर चकरोड हटाया गया था। उस समय मै गांव में था भी नही, फिर भी कुछ लोग राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मेरे उपर फर्जी आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास किए। लेकिन प्रशासन की कार्रवाई से मेरे उपर लगा हर आरोप निराधार साबित हुआ। श्री दूबे ने कहा कि तहसील, पुलिस व ब्लाक प्रशासन समेत टीम में शामिल सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित कर रहा हुं, जिसने चकमार्ग का सीमांकन कराकर ग्राम वासियों को न्याय दिलाया और सच को सच साबित कर आरोप लगाने वालों को हकीकत से रूबरू कराया। समाजसेवी श्री दूबे ने कहा कि मिथ्या आरोप लगने से समाजसेवा के पथ पर अग्रसर उनके कदम रूकने वाले नही है। वे हमेशा ऐसे ही समाजसेवा के पथ पर अग्रसर रहेंगे।

## फांसी पर झूला युवक 12 दिन बाद हुई मौत

ऊसराहार, इटावा। फांसी पर झूले युवक की इलाज के दौरान बारह दिन बाद मौत हो गई। युवक की तीन माह पहले ही शादी हुई थी। ऊसराहार थाना क्षेत्र के अघीनी निवासी कुलदीप पुत्र रामरत्न कमल उम्र 26 बर्ष ने 23 अगस्त को मकान के एक कमरे मे पत्नी से आपसी कहासुनी के बाद फांसी लगा ली थी जब परिजनों को जानकारी हुई तो कमरे का गेट खोला और कुलदीप को फंदे से उतारा नाजुक हालत मे उसे पहले भरथना उसके बाद सैफई अस्पताल मे भर्ती कराया पिछले बारह दिन से कुलदीप का सैफई मे इलाज चल रहा था गुरवार को कुलदीप ने अस्पताल मे ही दम तोड दिया।

# नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत, जांच शुरू

- हाटा बाजार में झोला छाप डॉक्टर ने ली एक और प्रसूता की जान
- अस्पताल बन्द कर भागे डाक्टर व कर्मचारी

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में संचालित एक नर्सिंग होम में बुधवार की रात प्रसव पीड़िता गोला थाना क्षेत्र के खखरी बलिया निवासी 35 वर्षीय शशिकला की झोला छाप डाक्टर ने जान ले ली। घटना के बाद डाक्टर व कर्मचारी अस्पताल बन्द कर फरार हो गए।


सुचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन अस्पताल बन्द मिला। परिजन शव लेकर घर चले गए और मृतका का दाह संस्कार कर दिए। इधर सुचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो अस्पताल बन्द मिला तो टीम अस्पताल के बाहर नोटिस चस्पा कर वापस लौट गयी।

जानकारी के मुताबिक, गोला थाना क्षेत्र के दिलीप कुमार गिरि अपनी प्रसूता पत्नी शशिकला को लेकर बुधवार को हाटा बाजार में स्थित सावित्री नर्सिंग होम पर पहुंचे। जहां आपरेशन के दौरान शशिकला ने एक पुत्री को जन्म दिया। परिजन काफी खुश थे, दो पुत्र के बाद एक पुत्री का जन्म हुआ था। लेकिन यह खुशी मातम में बदल गयी, जब आपरेशन के बाद प्रसुता की हालत बिगड़ने लगी। उसे यहां से बड़हलगंज स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भेजा गया। जहां डाक्टर ने प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित होते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। परिजन अस्पताल पहुंच नवजात शिशु व शव को लेकर घर पहुंचे। गुरूवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिए। मृतका के पति से पुछने पर रोते हुए कहा अब क्या कहना है जब मेरी पूरी दुनिया उजड़ गयी।

## लगातार हो रही प्रसूताओ की मौत का जिम्मेदार कौन ?

गगहा, गोरखपुर। जिले के दक्षिणांचल में स्थित हाटा बाजार कस्बा इन दिनों फर्जी अस्पताल के संचालकों से घिरा हुआ है बिना डिग्री अस्पताल चलाने वाले महिला व पुरुष डॉक्टरो की भरमार है इन डॉक्टरों में पैसे कमाने की होड़ इंसानियत को मात दे रही है यही वजह है पैसे कमाने की मची अंधी होड़ ने एक बार फिर एक प्रसूता को मौत के घाट उतार दिया आखिर लगातार हो रही इन प्रसुताओं की मौतों का जिम्मेदार कौन? हैवान बन चुके बिना डिग्री के डॉक्टरो की वजह से धरती पर जन्म लेने वाले मासूम लगातार अनाथ हो रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य महकमा आंखे खोलकर भी पूरी तरह बेखबर है। अगर इन डॉक्टरों के बारे में कोई शिकायत भी करता है, तो स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिले की टीम खानापूर्ति के लिए छापेमारी तो करती है मगर कार्यवाही के नाम पर कोरम में पूरा होता है। यही वजह है हाटा बाजार में बीते चार माह में तीन मौत अस्पताल संचालकों और बिना डिग्री के डॉक्टरों की वजह से हुई है। 24 मई को हुई पूजा निषाद की मौत के मामले पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसकी वजह से फर्जी डॉक्टरों की पौ बारह हो गई और वह जेल जाने से वंचित रह गए। फिर क्या मुन्ना भाई की तरह डॉक्टर बड़हलगंज, गोला, हाटा बाजार, गगहा, कौड़ीराम हर जगह घूम-घूम कर प्रसुताओं का ऑपरेशन करने लगे इसी बीच बुधवार को प्रसूता का ऑपरेशन किया कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ी और वह काल के गाल में समा गई। हैवानियत की सारी हदें पार करने वाले डॉक्टर मृतक के परिजनों से दबाव बनाकर मामले को मैनेज करने में जुटे रहे। यही वजह है कि घटना के बाद परिजनों ने अभी तक स्थानीय थाने पर कोई तहरीर नहीं दिया है।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मना शिक्षक दिवस



सिद्धार्थनगर। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, बहबोल पर बड़े उत्साह और हार्दिक कृतज्ञता के साथ शिक्षक दिवस मनाया। उक्त समारोह का आयोजन पूरी तरह से छात्र छात्राओं ने किया गया, जिन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कक्षा की सजावट और एक हर्षोल्लासपूर्ण केक काटने के समारोह के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपने प्रेम और सम्मान का इजहार किया। विद्यालय के दोनों ब्लॉकों के सभी शिक्षकों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए उपहारों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपक कुमार और संस्थान की निदेशक श्रीमती श्वेता कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दिन का मुख्य आकर्षण प्रधानाचार्य दीपक कुमार व निदेशक श्रीमती श्वेता कुमार द्वारा दी गई हार्दिक शुभकामनाएँ और प्रोत्साहन भरे शब्द थे। उन्होंने सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी और विद्यालय के विकास और सफलता में उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें उपहार वितरित किया गया। यह समारोह छात्रों और शिक्षकों के बीच सम्मान, प्रशंसा और स्नेह के बंधन को दशार्ता है, जिसने इस दिन को सभी के लिए यादगार बना दिया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य अमित मिश्रा कार्य योजना सराहनीय रहा, इस अवसर पर श्रीमती रीता, ब्लॉक समन्वयक शीतल और श्रीमती प्रियंका, शिक्षण स्टाफ सुश्री प्रिया, सुश्री सुमन, सुश्री गरिमा, श्री वीरेंद्र, श्री मनीष, श्री रोहित, श्रीमती शिप्रा, सुश्री वंशिका और गैर-शिक्षण स्टाफ सुश्री रुचि, सुश्री सौम्या सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# किसान यूनियन ने तहसील परिसर पर धरना दिया

जसवंतनगर, इटावा। यहां तहसील मुख्यालय पर भारतीय किसान मजदूर दलित यूनियन भारत के कार्यकताओं ने क्षेत्र के ग्राम जगसोरा के एक मामले को लेकर तहसील परिसर में धरना दिया और किसान पंचायत की तथा उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सोपा। उनका आरोप है कि कब्रिस्तान की जमीन को बेच दिया गया है।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रामनरेश यादव के अनुसार ग्राम जगसोरा तहसील जसवंतनगर जनपद में दबंग प्रधान द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर पहले कामता प्रसाद पुत्र रामचरण के नाम पट्टा कर दिया गया इस जमीन को संक्रमणीय होने के बाद बेच दिया गया। जिस जमीन का बैनामा किया गया है उस जमीन की फोटो किसी अन्य खेत में खड़े होकर खिंचवाई गई है और बैनामा गाटा संख्या 465 जो जमीन कब्रिस्तान की है का किया गया है। संगठन की मांग है कि उक्त जमीन को कब्रिस्तान के रूप में ही रखा जाए संगठन का कहना है कि उक्त जमीन को 200 साल से कब्रिस्तान के रूप में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि कामता प्रसाद पुत्र रामचरण ग्राम नगला उदयभान मौजा जगसौरा तहसील जसवंतनगर जिला इटावा के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया जाए तथा सख्त कार्रवाई की जाए जिससे आने वाले समय में कब्रिस्तान की बिक्री न होने पाए। संगठन के लोगों ने उप जिलाधिकारी जसवंत नगर कुमार सत्यम जीत को एक ज्ञापन सौंप कर न्याय की मांग की संगठन के लोगों का कहना था कि इस मामले में लेखपाल की गड़बड़ी सामने आ रही है इसलिए किसी मजिस्ट्रेट से इस मामले की जांच कराई जाए। श्री कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें न्याय प्रदान किया जाएगा। इस किसान पंचायत में लगभग तीन दर्जन से अधिक किसान उपस्थित रहे।

## कुलपति ने ओपीडी का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई ओपीडी में सुबह बजे ही कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने औचक निरीक्षण किया प्रवेश द्वार पर मिली गंदगी और समय पर सफाई कर्मी और सुपरवाइजर की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और कड़े निर्देश दिए ओपीडी खुलने के समय से पहले साफ सफाई हो जानी चाहिए और कूड़ा निस्तारण प्रबंधन बेहतर करने के लिए भी कहा।

कुलपति ने ओपीडी में जाकर मरीज से बात की उसके बाद ओपीडी कक्ष में बैठे सीनियर डॉक्टर्स और जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स को सख्त निर्देश दिया सभी को एप्रन पहन कर बैठना है। जनरल मेडिसिन ओपीडी कक्ष के बाहर रिकॉर्ड रजिस्टर को चेक किया जिसमें कुछ अनियमितता पाई गई उसके लिए भी उन्होंने सख्त निर्देश दिए की मरीज का रजिस्ट्रेशन सही प्रकार से किया जाए मरीज को डॉक्टर्स से दिखाने के बाद भी रजिस्टर में जानकारी अंकित की जाए और रि-विजिट पर्चे का भी नंबर लगाया जाए और उसकी जानकारी रजिस्टर में अंकित की जाए। रेस्पिरेट्री मेडिसिन ओपीडी में भी जाकर माननीय कुलपति जी ने जानकारी ली और निर्देश दिया कि सीनियर डॉक्टर के पर्चे पर अगर जूनियर डॉक्टर कोई दवाई प्रिसक्राइब कर रहा है तो उसे अपने सीनियर डॉक्टर्स से अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा। कुलपति ने बिलिंग काउंटर्स और आभा आईडी काउंटर के बारे में भी जानकारी ली और निर्देश दिए आभा आईडी बनाने के लिए ओपीडी में हिंदी में निर्देश अंकित किए जाएं जिससे ग्रामीण लोग आसानी से फोन से पर्चा बनाने की विधि को समझ पाएं और हेल्प डेस्क पर बैठे रिसेप्शनिस्ट व अन्य स्टाफ को निर्देश दिया कि वह मरीजों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लोगों की पर्चा बनवाने में मदद करें। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ रमाकांत, ओपीडी नोडल ऑफिसर प्रोफेसर डॉक्टर गणेश कुमार वर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## हाइवे पर स्लीपर बस पलटी, 18 यात्री घायल, दो की हालत गंभीर



इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर नगर के ओवरब्रिज के पास कांकरपुर रोड के सामने गुरुवार सुबह साढे 4 बजे तेज रफ्तार बेकाबू स्लीपर बस नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर उसपर लगे अवरोधक पत्थर से टकराने के बाद दूसरी तरफ हाइवे पर पलट गई। जिसमें ड्राइवर कंडेक्टर समेत 18 लोग घायल हो गए। बस जयपुर से बनारस के लिए जा रही थी बस में करीब 40 यात्री सवार थे। बस इकदिल इलाके में पहुचने पर ड्राइवर की आंख झपक गई इसी बीच बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए उसके ऊपर चढ़कर डिवाइडर पर लगे अवरोधक पत्थर से टकरा गई और बस के आगे के दोंनो पहिया टूटकर अलग हो गए जिसके बाद बस दूसरे तरफ हाइवे पर तेज धमाके के साथ हाइवे पर पलट गई, बस में फसे यात्रियों में चीखपुकार मंच गई। आसपास के लोग धड़ाम की आवाज सुन दौड़कर पहुंचे बस के केविन में फंसे यात्रियों को निकलवाने की कोशिश कर कुछ यात्रियों को उन्होंने ऊपर की खिड़की से बाहर निकाला। इसी बीच राहगीरों की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अभय नरायन राय व थाना प्रभारी विक्रम सिंह चैहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने बस में फसे के केविन में फसे और दबे लोगों को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकलवाया जिसमें बस का कंडेक्टर करीब डेढ़ घंटे बस के केविन के नीचे दबा रहा क्रेन के मदद से बस को उठाकर कंडेक्टर को निकलवा कर सभी को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। घायलों में बिहार प्रांत के औरंगाबाद से राजेन्द्र पाठक, दिनेश साहू, दिनेश पाठक गया बिहार से मृत्युंजय सिंह, बनारस के रामजनक, नंदन कुमार, शाहबुद्दीन अंसारी, सोनी गुप्ता, गाजीपुर से अमन सिंह, साहिल राजेन्द्र, रज्जन, मिंटू कुमार, कृष्ण गोपाल, बैजनाथ, सुनील कुमार, प्रयागराज से नीलम दुबे, झुंझुनूं राजस्थान से दीपक शामिल हैं। इस हादसे में घायल दो लोगो को गम्भीर हालात में सैफई रेफर कर दिया।

## जेल में बंद कांग्रेसियों से मिलने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष, प्रशासन ने मिलने की नहीं दी इजाजत

इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों के ऊपर विगत दिनों हुए हमले में कांग्रेस पार्टी के ही वरिष्ठ पदाधिकारियों को पुलिस प्रशासन द्वारा पड़कर उन्हे संगीन धाराओं में वांछित करते हुए जेल में भेज में डाले जाने के मामले को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गुरूवार को अपने कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए इटावा पहुंचे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ से सीधे केंद्रीय कारागार महौला पहुंचे। जहां उन्हें पुलिस प्रशासन ने बाहर गेट पर ही रोक दिया। हालांकि इससे पूर्व एक दिन पहले ही उन्होंने जेल में बंद कांग्रेस पदाधिकारीयों से मिलने के लिए पांच लोगों के अंदर जाने की लिखित अनुमति मांगी थी। उसको भी पुलिस प्रशासन स्वीकृत नहीं किया गया था। जेल अधीक्षक से काफी देर तक कहने सुनने के बाद भी जेल प्रशासन ने यह कहकर अजय राय को जेल में बंद कांग्रेसियों से मिलने की अनुमति नहीं दी कि हमारी मजबूरी है ऊपर से आदेश आया है कि आपको न मिलाने दिया जाए। और इतनी जद्दोजहद के बाद भी आखिर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस प्रशासन ने जेल में बंद किसी भी कांग्रेसी कार्यकर्ता से नहीं मिलने दिया। जिसके चलते एक डेढ़ घंटे बाद आक्रोश में आकर अजय राय वहीं जेल के बाहर कार्यकताओं के साथ धरने पर बैठ गए। जहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा कार्यकताओं द्वारा हमारे कांग्रेस कार्यालय पर आकर हमारे ही घर में घुसकर हम पर हमला किया गया वह निंदनीय होने के साथ-साथ खतरनाक भी है।

**न्यायालय सूचना**

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7

**हेतु संदर्षित करने की सूचना**

**(साधारण प्रारूप)**

धारा 34/35 उ.प्र.

न्यायालय श्रीमान न्यायालय नायब तहसीलदार, स्थान कादीपुर

जिला-सुलतानपुर

वादी संख्या विमलेश कुमार

1. विमलेश कुमार पुत्र श्री हनुमान प्रसाद ग्राम कोटिया पर. अल्देमऊ, कादीपुर ...........वादी

बनाम

1. देवनरायन ......प्रतिवादी

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है .....अतः एवं आपकी एत्त्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 200 के 19/09/2025 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 200 27.08.2025 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय

# स्वच्छता और पर्यावरण पर ईओ का सार्थक प्रयास जारी

- अपने व्यवहार एवं कार्य क्षमता के चलते अल्प अवधि के कार्य काल में लोक प्रिय बने ईओ सचिन कुमार

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत के नवागत अधिशासी अधिकारी सचिव कुमार के कार्यक्षमता के चलते जहां आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों की सुनवाई करते हुए जन समस्या का समाधान कर त्वरित न्याय व सुविधा मुहैया कराया जा रहा है, वहीं नगर वासियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण से संबंधित कार्य तथा दायित्वों से जुड़े कार्यों का विश्वास दिलाते हुए अधिशासी अधिकारी सचिव कुमार द्वारा जनहित में उत्कृष्ट कार्यशैली अपनाते हुए अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, अधिकारी अधिकारी के किए जा रहे सार्थक प्रयास के चलते नगर कस्बा परिक्षेत्र को विकास की गति मिल रहा है, जिसकी पुष्टि गणमान्य नागरिकों ने भी किया, नगर कस्बा परिक्षेत्र को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए जाने के लिये ईओ का नियमित तौर पर सार्थक प्रयास जारी हैं, जनहित में पूरे नगर कस्बा परिक्षेत्र के साफ सफाई स्वच्छता की बात करें तो अधिशासी अधिकारी द्वारा नं0प0 कस्बा परिक्षेत्र में साफ सफाई स्वच्छता हेतु सम्बंधित मातहतों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश डुमरियागंज नगर पंचायत का कमान संभालते ही आगाह कर दिया गया था, नगर कस्बे के वार्डो का निरीक्षण अधिशासी अधिकारी द्वारा दिन में



एक बार किया जाता है, अधिशासी अधिकारी ने अनाधिकृत कब्जा करने वालो से कहा कि कस्बा परिक्षेत्र अंतर्गत के सड़क की पटरियों सार्वजनिक स्थानों पर अनाधिकृत कब्जा अतिक्रमण न किये जाने के अपील को दोहराया गया, अधिशासी अधिकारी ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की दृष्टिगत कहा कि 1 जुलाई 20 22 से प्रत्येक प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतया बैन है, उन्होंने कहा कि पॉलिथीन पर्यावरण को क्षति पहुंचता है इसके स्थान पर कपड़े या जूक जूट के थैले का प्रयोग करें, नगर कस्बा परिक्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग की अपेक्षा कर ईओ ने सम्बंधित से अपील किया, अधिशासी अधिकारी ने कहा कि जन्म मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अंदर कराये, इसके अलावा उन्होंने कहा कि अपने घरों दुकानों में कूड़े को अलग-अलग कर सुखे को नीले तथा गीले को हरे डस्टबिन में ही रखें तथा निर्धारित समय पर कूड़ा कलेक्शन करने वाले सफाई कर्मियों को उपलब्ध कराएं जाने हेतु अपील किया गया, अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने जनहित में पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि नगर को हरा भरा रखने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ जरूर लगाए, तथा पेड़ लगाने पर जोर देते हुए अपील किया, अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत को सुदृढ़ बनाए जाने हेतु नगर पंचायत के समस्त कर जो आप सभी पर देय है उसे समय अवधि के अंदर जमा किए जाने का अपील किया, अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर पंचायत डुमरियागंज स्वच्छ सर्वेक्षण 20-24 में भाग ले रहा है उन्होंने नगर कस्बा की जनता से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील किया, अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने संबंधित वाहन स्वामियों से अपील किया कि अपने-अपने वाहनों को सड़क की पटरियों पर न खड़ा करके नजदीकी पार्किंग में वाहनों को खड़ा किए जाने का अपील किया गया।

## स्कूल में कंप्यूटर लैब व वाटर कूलर लगा

जसवंतनगर, इटावा। पी.एम.श्री प्राथमिक विद्यालय मलाजनी में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। आईडीबीआई बैंक इटावा के सौजन्य से विद्यालय में कंप्यूटर लैब, आरओ वाटर कूलर, इनवर्टर तथा सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इन सुविधाओं का उद्घाटन आईडीबीआई बैंक इटावा के प्रबंधक संदीप कुमार गुप्ता, फिरोजाबाद से आए प्रबंधक रवि मोहन पाठक और ऑपरेटर मैनेजर सुबोध कटिहार की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार ने आईडीबीआई बैंक का आभार व्यक्त किया और कहा कि बैंक द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किया गया यह योगदान सराहनीय है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-तालकटोरा, लखनऊ**

| |
|---|
| **ई निविदा सूचना 17/E.U.D.C.-Talkatora/2025-26: वि.आ.सं. 2348 दि.:02.09.2025** |
| कार्य का नाम- खण्ड अपट्रान के अन्तर्गत उपभोक्ताओ के विद्युत संयोजनों की चेकिंग कार्य हेतु प्रर्वतन दल, लेसा प्रथम के प्रयोगार्थ 01 अद्द डीजल चालित वाणिज्यिक मय चालक, की किराए पर उपलब्धता। |
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रू. 1180.00, धरोहर धनराशि - रू. 3000.00 |
| ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 17 सितम्बर 2025, 14.00 बजे |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचानाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। |

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया, लखनऊ**

| |
|---|
| **ई-निविदा सूचना** वि.आ.सं.-6233 दिनांक 03.09.2025 |
| 1. 41/EUDC-PUR/2025-26 बी.के.टी. खण्ड के उपखण्ड-न्यू यूनिवर्सिटी कैम्पस के अन्तर्गत के 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, आई.आई.एम. एल्डिको से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत जमा योजना मद में एच.टी./एल.टी. लाइनों व उपकेन्द्रों के निर्माण तथा अन्य तत्सम्बन्धी रनिंग विद्युतीय कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 45000.00 |
| 2. 42/EUDC-PUR/2025-26 बी.के.टी. खण्ड के उपखण्ड, इटौंजा से पोषित क्षेत्र में जमा योजना के मद में एच.टी./एल.टी. लाइनों/उपकेन्द्रों के निर्माण तथा अन्य तत्सम्बन्धी रनिंग विद्युतीय कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 25000.00 |
| ई-निविदा की अन्तिम तिथि 20 सितम्बर 2025 |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी। |

संक्षेप

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर क्षेत्र में खेत पर शौच को गई किशोरी को घात लगाकर बैठे युवक ने पीछे से मुंह दबोच कर गन्ने के खेत में उठा ले गया जहां छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर चुपचाप न रहने पर जान से मार डालने की धमकी पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता के अनुसार उसकी पुत्री ने बताया सुबह 9:00 बजे करीब पड़ोस के खेत में शौच करने गई थी जहां पहले से घात लगाकर बैठे गांव के दीपक ने पीछे से मुंह बंद कर दबोच लिया और गन्ने के खेत में उठा ले गया जहां उससे छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर चुपचाप न रहने पर जान से मार डालने की धमकी देने पर उसके चुंगल से छूटकर घर आकर आप बीती बताई जिससे परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई उन्होंने घटना की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट समेत संगीन धाराओं में केस दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। सीओ अरुण कुमार सिंह के अनुसार मामले की जांच कराई जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट पर धाराओं की बढ़ोत्तरी की जाएगी।

## ऑनलाइन ठगी में आठ हजार ठगे

मोहम्मदी खीरी। गांव भोगियापुर निवासी एक व्यक्ति से फोन पर पुरानी करेंसी देने पर लाखों की रकम मिलने का झांसा देकर ऑनलाइन अकाउंट में रुपया ले लेने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। भोगिया पुर निवासी लालाराम ने पुलिस को बताया उसके फोन पर आई काल मे ?5 की पुरानी करेंसी देने पर कई लाख की रकम आपके खाते में मिलने का झांसा देकर उसे अपने अकाउंट में ?8 हजार ट्रांसफर करा कर और बताई हुई रकम डालने की बात कहने पर अपने को ठगी का शिकार होने का पता चलते ही पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## रसोईये की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। शहर के एक रेस्टोरेंट के रसोईये की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर निवासी रामकिशुन के 25 वर्षीय पुत्र पंकज के रूप में हुई है। पंकज सिनेमा रोड स्थित लॉर्ड रेस्टोरेंट में रसोईया था। बुधवार रात लगभग 10:30 बजे वह रेस्टोरेंट से निकला। उस समय रेस्टोरेंट में बर्थडे पार्टी चल रही थी। कुछ देर बाद जब रोटियों की जरूरत पड़ी तो पंकज को ढूंढा गया, लेकिन वह नहीं मिला। फोन करने पर भी उसने कॉल रिसीव नहीं हुई। घटना ऊंची भूड़ स्थित नूरी मस्जिद के पास हुई। पंकज की चप्पल रेल पटरियों के बीच मिली, जबकि शव करीब 15 मीटर दूर पटरियों के पास पड़ा था। आशंका है कि लखीमपुर से आने वाली ट्रेन संख्या 55088 की चपेट में आकर वह दूर जा गिरा। हादसे में उसके पैर बुरी तरह मुड़ गए और सिर पर गंभीर चोट आई। परिवारजनों ने बताया कि गणेश महोत्सव के दौरान पंकज अक्सर देर रात तक झांकियां देखने जाता था। दो माह पहले ही उसके छोटे भाई की भी मौत हो गई थी। लगातार दो बेटों के असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ में उम्मीद की किरण बनी प्रशासन की मदद

- ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चारपाई से निकली गर्भवती, रास्ते में ही कराया गया सुरक्षित प्रसव
- जच्चा-बच्चा स्वस्थ, परिजन बोले- प्रशासन को शुक्रिया



लखीमपुर खीरी। बाढ़ की तबाही के बीच जब हर ओर पानी ही पानी फैला है, उस कठिन घड़ी में इंसानियत और प्रशासन की त्वरित मदद ने एक परिवार को नई जिंदगी दी। तहसील निघासन के ग्रंट नंबर-12 के रण्डुवा गांव निवासी संजय निषाद की गर्भवती पत्नी शीला को गुरुवार को अचानक प्रसव पीड़ा उठी।

घर के चारों ओर बाढ़ का पानी और आवागमन के सभी रास्ते बंद थे। परिवार ने जैसे-तैसे मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। क्षेत्रीय लेखपाल श्याम नंदन मिश्र ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके पर पहुंचे। महिला को चारपाई पर लिटाकर परिजन व ग्रामीणों की मदद से ट्राली पर बिठाया गया और बंधे की ओर निकले। लेकिन मुश्किलें अभी बाकी थीं। बंधे से करीब 50 मीटर पहले ही शीला की पीड़ा असहनीय हो गई। उस नाजुक घड़ी में उपलब्ध कपड़ों और तिरपाल से अस्थायी घेरा बनाकर वहीं सुरक्षित प्रसव कराया गया। कुछ ही देर में शीला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। नवजात की पहली किलकारी सुनते ही परिवार की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। ग्रामीण भी राहत की सांस लेने लगे।

प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को बंधे तक पहुंचाया गया। वहां से एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने आवश्यक जांच और टीकाकरण कर मां-बेटे को सुरक्षित घोषित किया। इसी बीच एसडीएम निघासन राजीव कुमार निगम ने सीएचसी फूलबेहड़ पहुंचकर परिवार से मुलाकात की शुभकामनाएं दीं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर हुई इस त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। संजय निषाद ने भावुक होकर कहा कि बाढ़ के बीच हम पूरी तरह निराश हो गए थे। लगा कि शायद कुछ अनहोनी हो जाएगी। लेकिन प्रशासन ने समय पर मदद कर हमारे परिवार को संभाल लिया। हम जिंदगी भर इस मदद को नहीं भूल पाएंगे।

## पीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री



पलिया कलां खीरी। तहसील पलिया में आई बाढ़ के दौरान तहसील प्रशासन द्वारा ग्राम शाहपुर के मजरा टॉपर पुरवा, कुंवरपुर, नरायनपुरवा में बाढ़ से प्रभावित 350 परिवारों को बाढ़ राहत किटों का वितरण उपजिलाधिकारी पलिया डॉक्टर अवनीश कुमार ने कराया। राहत किट में मिलने वाली सामग्री- अरहर दाल 2, किलो भुना चना 2, किलो चीनी:1 किलो, बिस्किट: 10 पैकेट, माचिस एक पैकेट, मोमबत्ती एक पैकेट, नहाने का साबुन दो पीस, आटा 10 किलो, चावल 10 किलो, नमक 1 किलो, सरसों का तेल अथवा रिफाइंड 1 लीटर, हल्दी 200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम सब्जी मसाला 200 ग्राम, सेनेटरी पैड 20 पीस, सूती कपड़ा 1 मी0, तौलिया 01 पीस, सेवलान 100 मिलीलीटर साबुन कपड़ा धोने का 02 पीस, डिस्पोजल बैग 20 पीस, मग 1पीस, लाई 2.5किलो आलू 10 किलो तिरपाल 1 पीस ढक्कनदार बाल्टी सहित आदि सामग्री दी गई।

## शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर याद किए गये डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन




शाहजहांपुर। जलालाबाद परशुराम पुरी क्षेत्र में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मालपुर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद किया एवं दौरान एक गोष्ठी का आयोजन किया गया पूरे कार्यक्रम का आयोजन बच्चों द्वारा किया गया। सुबह से ही बच्चों ने शिक्षकों की तरह विभिन्न कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाया और अपना अनुभव साझा किया। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्रपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक का महत्व एक मोमबत्ती की तरह होता है जो चारों तरफ शिक्षा का प्रकाश फैलाता है उसका कर्तव्य है कि वह अपने जीवन का एक-एक पल शिक्षा के लिए समर्पित कर लोगों को ज्ञानवान बनाए, गुरु सिर्फ वही नहीं होता जो शिक्षा देता है हर क्षेत्र में जिससे भी आपको कुछ सीख मिलती मिलती है उसका स्थान गुरु के समान होता है। प्रांतीय जूनियर हाई स्कूल अनुदेशक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री ने कहा कि जीवन में गुरु का महत्व सबसे ऊपर बताया गया है। शिक्षक वह होता है जो विद्यार्थियों को एक नई दिशा देने का काम करता है और उनके आगे के जीवन को शिक्षा एवं संस्कार के माध्यम से प्रशस्त करता है इसलिए जीवन में कभी भी किसी भी मोड़ पर हम पहुंच जाए हमें अपने गुरुओं का सम्मान हमेशा करना चाहिए हमें उनके समर्पण को हमेशा याद रखना चाहिए और एक गुरु का यह दायित्व है कि वह अपने कर्तव्य और निष्ठा के साथ पूरे मनोयोग से समाज व शिक्षा के लिए कार्य करें इस दौरान बच्चों द्वारा शिक्षकों को विभिन्न उपहार भेंट किए गए कार्यक्रम में राम शंकर सिंह, नेहा शर्मा, हरिश्चन्द्र, रूचि, रश्मि, अंशिका, अमृत आदि उपस्थित रहे।

# एडीएम ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे बाढ़ प्रभावित गांव, बांटी राहत सामग्री



लखीमपुर खीरी। जिले में बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रभावित परिवारों तक राहत पहुँचाने और मौके की वस्तुस्थिति परखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी खुद मैदान में उतरकर हालात का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील धौरहरा के बाढ़ प्रभावित ग्राम लुधौनी और मड़वा का दौरा किया। एडीएम स्वयं ट्रैक्टर पर सवार होकर गाँव पहुँचे। उनके साथ एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि भी मौजूद रहे। दुर्गम और जलभराव वाले मार्गों से होते हुए जब अधिकारी गांव पहुँचे तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गांव पहुँचकर एडीएम व एसडीएम ने प्रभावित परिवारों से भेंट की। उन्होंने उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली और कहा कि बाढ़ की इस आपदा में प्रशासन आपके साथ खड़ा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि राहत सामग्री, भोजन और चिकित्सीय सुविधाओं की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान डीएम की पहल पर सीएसआर के माध्यम से तैयार की गई विशेष बाढ़ राहत किट का वितरण किया। इस किट में छाता, मच्छरदानी, टॉर्च, पानी की बोतल और सेनेटरी नैपकीन जैसी जरूरी सामग्री सम्मिलित थी। प्रभावित ग्रामीणों ने एडीएम को बताया कि उन्हें प्रशासन द्वारा लंच पैकेट भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। समय से भोजन मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और प्रशासन के प्रयासों के लिए आभार जताया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जिले की सभी तहसीलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य लगातार संचालित हैं। डीएम के नेतृत्व में टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी परिवार राहत से वंचित न रहे। बताते चलें प्रभावितो के लिए मोबाइल टॉयलेट एवं पानी टैंकर की भी व्यवस्था की गई।

## श्री गणेश महोत्सव का भव्य समापन

शाहजहांपुर। महाराष्ट्र मराठा मंडल द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव का भव्य समापन रामचरण लाल धर्मशाला, खिरनी बाग में नवदिवसीय उत्सव के साथ हुआ। प्रतिदिन पूजा-अर्चना और आरती के उपरांत बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभायात्रा एवं विसर्जन महोत्सव के अंतिम दिन नवग्रहों आदि का विधिवत विसर्जन किया गया। इसके बाद भगवान श्री गणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शाम 4:30 बजे बैंड-बाजों की गूंज के साथ रामचरण लाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गर्रा घाट पहुंची।

## गर्रा और खन्नौत नदी से सटी हुई बस्तियों में पानी घुसा



शाहजहांपुर। जनपद से होकर बहने वाली नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद गर्रा और खन्नौत नदी से सटी हुई बस्तियों में पानी घुस गया है जिस कारण बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा जा रहा है।.। गुरुवार सुबह 11 बजे की माप के अनुसार गंगा, रामगंगा, नदियों का स्तर सामान्य सीमा के भीतर दर्ज किया गया। अधिकांश स्थानों पर जलस्तर स्थिर है जबकि गर्रा और खन्नौत में बढ़ोतरी देखी गई है। गंगा नदी कछला घाट पर जलस्तर 162.610 मीटर और भैंसार ढाई घाट पर 143.470 मीटर दर्ज किया गया, दोनों स्थानों पर स्थिति स्थिर बनी हुई है। रामगंगा नदी चौबारी घाट पर 160.680 मीटर के साथ स्थिर है, जबकि डबरी घाट पर जलस्तर 136.930 मीटर पाया गया जो बढ़त की प्रवृत्ति पर है। इसी तरह गर्रा नदी अजीजगंज बांध पर 148.300 मीटर और खन्नौत नदी लोधीपुर पुल पर 145.600 मीटर पर दर्ज की गई, दोनों ही स्थानों पर जलस्तर में वृद्धि का रुख देखा गया।दूसरी ओर दियूनी का डिस्चार्ज 32,472 क्यूसेक मापा गया है, जो घटने की स्थिति में है। इधर जनपद के अक्षरधाम कॉलोनी सहित आधा दर्जन मोहल्ले में जो नदीके किनारे बसे हुए हैं। उसमें रहने वाले लोगों ने जल भराव के कारण अपना घरेलू सामानसरक्षित कर अन्य स्थानों पर शरण ले रखी है।

# ईद मिलादुन्नबी के मौके पर दो लोग सम्मानित

खीरी टाउन खीरी। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बज्म फरोगे अदब खीरी ने दो मुफि्तयों को सम्मानित किया। प्रोग्राम में मेहमाने खुसूसी काजी-ए-शहर मुफ्ती अल्ताफ हुसैन सहित कई मौलाना और हाफि ज मौजूद रहे। इस दौरान इल्म की अहमियत पर रौशनी डालते हुए काजी-ए-शहर मुफ्ती अल्ताफ हुसैन ने कहा इल्म के बगैर ज़िंदगी अधूरी है, समाज में अगर इज्जत की जिंदगी जीना चाहते हो तो इल्म हासिल करो। इस दौरान मिश्र की यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करके मुफ्ती की डिग्री हासिल करने वाले मुफ्ती अजमल हुसैन और केरला से मुफ्ती की डिग्री हासिल करने वाले मुफ्ती मो0 आजाद उवैसी सकाफी को बज्म- फरोगे- अदब की जानिब से बज्म के सदर आमिर रजा पम्मी व सीक्रेटी डॉ एहराज अहमद, इलियास चिश्ती द्वारा काजी-ए-शहर मुफ्ती अल्ताफ हुसैन के हाथों से सम्मानित कराया गया। इस दौरान मुफ्ती अजमल हुसैन ने कहा अल्लाह रब्बुल इज्जत में कुरान की शुरूआत ही इकरा बिस्मिल आयत नाजिल करके हमे यह बता दिया कि दीन और दुनियां में इल्म की कितनी अहमियत है, और इसके बगैर इंसान मुकम्मल इंसान नहीं बन सकता। मुफ्ती मो0 आजाद उवैसी सकाफी ने कहा कि जब भी बातिल ताकते सिर उठाती है तो इल्म की बुनियाद पर ही उन्हें खत्म किया जाता है। वही बज्म- फरोगे- अदब के सदर आमिर रजा पम्मी ने कहा कि बड़े फक्र की बात है कि खीरी में तालीम की ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है और खीरी में भी लोग मुफ्ती की डिग्री हासिल करने में कामयाब हुए हैं अब तमाम मसलों पर यह मुफ्ती हजरात बारीकी से न सिर्फ अपनी राय दे सकेंगे, बल्कि फतवे भी जारी कर सकेंगे। इस दौरान मौलाना अशफाक कादरी, मौलाना अनवार, हाफिज हारून, सहित तमाम मदरसों के बच्चे मौजूद रहे।

## त्रिलोकी नाथ मंदिर में एकादशी पर खाटू श्याम जी का भजन-कीर्तन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। एकादशी के अवसर पर नगर के प्राचीन बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर परिसर में बाबा खाटू श्याम जी का भजन-कीर्तन कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक चले इस आयोजन में श्याम भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीओ रमेश कुमार तिवारी थे। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। भजन-कीर्तन में नगरवासियों सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लिया। मंदिर परिसर में लगे साज-सज्जा, दीपमालाओं और श्रद्धालुओं की आवाजाही से नगर का माहौल आध्यात्मिक हो उठा। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ उठाया। इस दौरान प्रेम चन्द्र गुप्ता, सूरज सिंह, विशाल गुप्ता, शिवम कश्यप, नितिन गुप्ता, राम नरेश गुप्ता, शिवाल गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं कंजा देव स्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में परिवर्तिनी एकादशी के अवसर पर संकीर्तन का आयोजन धूमधाम से किया गया। संकीर्तन की शुरूआत रात्रि 8 बजे हुई और देर रात तक वातावरण श्याम भक्ति से सराबोर रहा।मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी भक्तगण बाबा श्याम के भजनों पर झूमते और नाचते नजर आए। अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता की मधुर वाणी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने देवा हो देवा गणपति देवा, राम सिया राम, और मेरा छोटा सा संसार हरि आ जाओ एक बार, जैसे प्रसिद्ध भजनों से वातावरण को भक्ति रस से भर दिया। वहीं मतलब की दुनिया से मुझे नफरत है, ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है, जैसे भावपूर्ण भजन ने भक्तों की आंखें नम कर दीं। भजनों की धुन और श्याम बाबा के जयकारों से मंदिर प्रांगण देर रात तक गूंजता रहा। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति में डूबे दिखाई दिए। कार्यक्रम का समापन खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और सेवादार अनिल जलोटा, दीपक राजपूत, अजय गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मोहित गुप्ता, शिवम गुप्ता, संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत, आयुष गुप्ता, प्रमोद सोनी, मयंक महेश्वरी, नवनीत श्रीवास्तव, रमेश वर्मा, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, मुकेश राठौर, प्रवीण रस्तोगी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## तिलहर चीनी मिल कर्मचारियों के समर्थन में उतरा राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ

शाहजहांपुर। पिछले तीन दिनों से लगातार चीनी मिल तिलहर के कर्मचारी बैठे हैं अनशन पर जिनकी मांगों को ना कोई नेता सुनने को तैयार है और ना ही अधिकारी उनके हक की लड़ाई के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी ने अनशन स्थल पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कश्यप के साथ पहुंचकर पीड़ित कर्मचारियों के दर्द को सुना, कर्मचारी मात्र 265 रुपए कि दिहाड़ी पर अपनी रोजीरोटी चला रहे हैं उन्होंने जब अपने हक की लड़ाई लड़ना चाही तो चीनी मिल तिलहर के जीएम (प्रधान प्रबंधक) ने अपनी तानाशाही दिखाते उन सभी को सस्पेंड कर दिया। तानाशाही रवैया के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने सभी कर्मचारियों को सिर्फ समर्थन ही नहीं दिया है बल्कि उनकी इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का वादा भी किया है। इस तानाशाही का अब संगठन पीड़ित कर्मचारियों के साथ मिलकर जवाब देगा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता होने पर उन्हें 24 घंटे का अल्टी मेटम दिया है। यदि प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों की मांग पर वार्ता करते हैं तो सही है अन्यथा की स्थिति में संगठन कर्मचारियों के सहित उग्र आंदोलन को बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी समस्त मिल प्रबंधन/पुलिस प्रशासन/ प्रशासनिक अधिकारियों की होगी।यदि आंदोलन को कर्मचारी उग्र करना चाहेंगे तो उनके साथ राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ संपूर्ण ताकत के साथ उनके साथ सहयोग करेगा आवश्यकता पड़ने पर तालाबंदी धरना प्रदर्शन पुतला दहन, चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगा।


# बाढ़ प्रभावित गांवों में बांटे गये लंच पैकेट

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** ब्लाक बिजुआ में बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे ग्राम जौहरा व गुजारा सहित आसपास के कई गांवों में लोगों की परेशानियां लगातार बनी हुई हैं। गुरुवार को विधायक अमन गिरि के चाचा धर्मेंद्र गिरि मोंटी प्रभावित गांवों में पहुंचे और ग्रामीणों का हालचाल लिया। उन्होंने स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचकर पूड़ी सब्जी के लंच पैकेट वितरित किए। मोंटी गिरि ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि लगातार पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने मौके पर मौजूद लेखपाल व कानूनगो को निर्देश दिया कि जब तक बाढ़ का संकट पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता, तब तक प्रभावित परिवारों को लगातार भोजन पैकेट उपलब्ध कराए जाएं। इसी क्रम में रूरा सुल्तानपुर, तनसुख पुरवा व कोरियाना गांव में भी प्रधान जगजीत सिंह जज्जु की ओर से लंच पैकेट भेजकर वितरण कराया गया। ग्रामीणों ने राहत सामग्री पाकर राहत की सांस ली। गांवों में पानी भरने और खेतों के डूबने से जहां किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हुई है। स्कूलों में पानी घुस जाने से बच्चों की पढ़ाई बाधित है और कई ग्रामीणों को ऊंचे स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य वेद प्रकाश दीक्षित, लेखपाल राजीव वर्मा, संदीप शुक्ला, प्रधान श्रवण मिश्रा, सज्जन खान, कलेक्टर राज, गुरदीप सिंह, बीडीसी तरुण, सचिन सिंह, अजीत पांडेय व आयुष शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद थे।



## त्यौहार शांति, सौहार्द और भाईचारे का संदेश लेकर आते हैं : एसपी

शाहजहांपुर।आगामी बाराबफात त्यौहार के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनपदवासियों को सुरक्षित एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराने हेतु राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर क्षेत्र में निकलने वाले बाराबफात जुलूस के निर्धारित रूट/मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, नगर मजिस्ट्रेट,



क्षेत्राधिकारी नगर, विद्युत विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। इस दौरान मार्ग की चौड़ाई, भीड़-नियंत्रण की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता का गहन अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के समय जुलूस मार्ग से जुड़े स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से वार्ता की गई। वार्ता के दौरान उन्हें आश्वस्त किया गया कि त्यौहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। साथ ही उनसे सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की गई कि वे त्यौहार के दौरान आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं गंगा-जमुनी तहजीब की परम्परा को बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जुलूस मार्ग पर विद्युत आपूर्ति, तारों की ऊँचाई एवं ढीले तारों को चेक कर सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर पालिका/नगर निगम अधिकारियों को भी मार्ग की साफ-सफाई, नालियों की व्यवस्था तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# शिक्षक दिवस को लेकर हुआ शिक्षकों का सम्मान

## विद्यालयों में रंगारंग कार्यक्रम, अतिथियों ने दी शुभकामनाएं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। नगर के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित कर सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के आदर्श, शौर्य और प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व को याद कर शिक्षकों का सम्मान किया गया और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्री राजेंद्र गिरी मेमोरियल एकेडमी, चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेकानंद बाल उद्यान और कृषक समाज इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में गीत, नृत्य और भाषण के कार्यक्रम हुए।

सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक केवल विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों में कौशल और दक्षता भी विकसित करते हैं। अंत में प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया।



आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने मां सरस्वती व डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। विशिष्ट अतिथि सिंपी चौधरी, शिवानी सिंह और समाजसेवी सुनील शुक्ला रहे। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता हैं और शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने अतिथियों व शिक्षकों को बैज और स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में शिक्षक अरुण कुमार, आकाश तिवारी, जतिन कुमार, चंदा दीक्षित, शिवा परवीन, साहिबा बानो, मुस्कान खान, श्वेता, प्रीति देवी व दरक्षा परवीन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

## बीडीओ के निरीक्षण में आंगनवाड़ी केंद्र में मिलीं अव्यवस्थाएं

लखीमपुर खीरी। गुरुवार को आत्म प्रकाश रस्तोगी बीडीओ बेहजम ने ब्लाक बेहजम की ग्राम पंचायत बरतेर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में अव्यवस्थाएं देखकर बीडीओ दंग रह गए। आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की अनुपस्थित की शिकायत मिल रही थी। बीडीओ को निरीक्षण के दौरान केंद्र पर छह बच्चे उपस्थित मिले। ब्लैक बोर्ड खाली पाया गया। आंगनवाड़ी केंद्र पर पढ़ने आए बच्चे शारीरिक रूप से कमजोर पाए गए। जानकारी करने पर पता चला कि बच्चों को मिड डे मील नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों कभी-कभी केंद्र पर बच्चों को पढ़ने आती हैं। पोषाहार भी महिलाओं को वितरित नहीं किया जाता। शिकायत करने पर पोषाहार का वितरण होता है। आंगनवाड़ी अनुपस्थित रहती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बाल विकास पुष्टाहार विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे खेल में मिले हुए। बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र जाते हैं आंगनवाड़ी के न मिलने पर वापस घर लौट आते हैं। बीडीओ बेहजम आत्म प्रकाश रस्तोगी के औचक निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र पर निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर मौके पर नहीं मिला। बीडीओ के निरीक्षण में पता चला कि बच्चों मिड डे मील नहीं दिया जा रहा है।

इस संदर्भ में आत्म प्रकाश रस्तोगी बीडीओ बेहजम ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया है कमियां मिलने पर जांच आख्या रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

संक्षेप

## नो हेलमेट नो फ्यूलः विशेष अभियान 30 सितंबर तक

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने शासन के निर्देश के क्रम में बताया कि नो हेलमेट नो फ्यूल को दिनांक 01 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक अभियान के रूप में लेकर जनपद के समस्त पेट्रोल पम्पों के प्रोपराइटर्स एवं प्रबन्धकों के सहयोग से संचालित कराये जाने के निर्देश दिए गये हैं।

उन्होंने बताया कि कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 120 द्वारा दोपहिया वाहन चालक एवं पिलियन हेतु हेलमेट अनिवार्य है तथा धारा 194 डी इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है।

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने हेतु राज्यों को निर्देशित किया गया है। नो हेलमेट नो फ्यूल पहल विधि-सम्मत, जनहितकारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु/गंभीर चोटों को घटाने के उद्देश्य से पूर्णतः औचित्यपूर्ण है।

# बच्चे के भविष्य निर्माण में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान



**देवरिया ।** शिक्षक दिवस के पूर्ण संध्या पर एक परिचर्चा एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय फूड जंक्शन मे किया गया !क्लब केसंरक्षक रोट अखिलेन्द्र शाही, अध्यक्ष रोट कपिल सोनी, मुख्य अथिति टी पी सिंह, डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी, रमेश सिंह एवं डॉ मिथिलेश सिंह ने सर्वप्रथम सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूवात की !इसके बाद मुख्य वक्ता दिनेश मणि ने कहा कि भारतीय वैदिक शिक्षा आज भी श्रेष्ठ है,एक गुरु छात्र को चरित्र वान, मूल्यवान बनाता हैउसे दिशा और सचरित्र बनाता है और यही उसके अंदर राष्ट्रीय चेतना का संचार करता है ! शिक्षा प्राप्त व्यक्ति सबसे पहले अपने माता पिता और गुरु का सम्मान नहीं करता है तो वह व्यर्थ है अखिलेन्द्र शाही ने कहा कि जिस किसी से भी सिखने का मौका कहीं भी मिले तो वह भी एक शिक्षक होता है !, विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह ने कहा कि,देश का भविष्य कैसा होगा यह बच्चों के शिक्षा एवं संस्कार पर निर्भर करता है, !संचालन करते हुए हिमांशु सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति मे बच्चों के तकनीकी एवं वोकेशनल ट्रेनिंग पर जोर दिया गया है ! लेकिन ग्रामीण इलाकों में तकनीकी शिक्षा का अभाव है, अब 5 3, 3 4 आधारित शिक्षा प्रणाली छात्रों के हित मे है !, क्लब की और से निम्न शिक्षक गण सम्मानित किए गए,,,खुर्शीद अहमद 2022 मे राष्ट्र पति पुरस्कार प्राप्त, रविकांत मणि, संगीता सिंह, अनिल मिश्रा, अशोक मिश्रा, मंतोष मौर्या, माया सिंह, अनिल तिवारी, संजय उपाध्यया,राज शेखर,संध्या सिंह, माधव सिंह, वकील सिंह, शिखा बैरनवाल,गरिमा पाण्डेय, अंजनी द्विवेदी,विशाखा जायसवाल,डॉ अभिनव सिंह, डॉ भावना सिन्हा, सचिव रोट पीओस अग्रवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया, !क्लब के सदस्य अतुल बरनवाल, जावेद अहमद, रोट डॉ विपिनबिहारी शर्मा, गुड्डू सिंह, रोट मयंक अग्रवाल, रोट राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।


## देवरिया में जेंडर सेंसिटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन

देवरिया। महिला कल्याण विभाग, देवरिया द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जेंडर सेंसिटाइजेशन अवेयरनेस सेशन्स/वर्कशॉप का आयोजन 04 सितम्बर 2025 को बी.जी.एम. इंटर कॉलेज, भागलपुर, देवरिया में किया गया।कार्यक्रम में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, देवरिया की जेंडर स्पेशलिस्ट मंशा सिंह ने समाज में लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों को सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता है।

वन स्टॉप सेंटर की नीतू भारती ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

वहीं मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी प्रदान क इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा ही नहीं, संस्कार, सद्मार्ग और राष्ट्र निर्माण के प्रणेता हैं शिक्षकः राजेश पांडेय



**कुशीनगर।** बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में शिक्षक दिवस पर शिक्षक संघ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश पांडेय ( पूर्व सांसद, कुशीनगर ने महाविद्यालय से अपना जुड़ाव और अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में शिक्षकों का महत्व राजनीतिज्ञों से भी बढ़कर है। वर्तमान में सोशल मीडिया और अन्य क्षणिक उत्साह के साधनों से युवाओं में भटकाव है,जिन्हें सदमार्ग पर लाने हेतु शिक्षकों की भूमिका और दायित्व ज्यादा बढ़ जाती है। भूगोल के विभागाध्यक्ष प्रो. कौस्तुभ नारायण मिश्र ने पूर्व संस्मरणों से कुछ प्रेरक प्रसंग उकेरकर उपस्थित अतिथियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। पूर्व प्राचार्य प्रो. अमृतांशु शुक्ल ने उपस्थित अतिथियों के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उन्हें भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं संप्रेषित की। प्रो. विश्राट चंद कौशिक ने इस महाविद्यालय में बिताए अपने सेवाकाल को याद करते हुए वर्तमान शिक्षकों को कर्मपथ पर चलने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय से अपना जुड़ाव और अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में शिक्षकों का महत्व राजनीतिज्ञों से भी बढ़कर है। वर्तमान में सोशल मीडिया और अन्य क्षणिक उत्साह के साधनों से युवाओं में भटकाव है,जिन्हें सदमार्ग पर लाने हेतु शिक्षकों की भूमिका और दायित्व ज्यादा बढ़ जाती है।समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकद्वय प्रो. ब्रजेश सिंह ( पूर्व प्राचार्य) और प्रो. विश्राट चंद कौशिक ( पूर्व अध्यक्ष- बी. एड. विभाग ) स्थानांतरित डॉ. श्वेता यादव को सम्मानित किया जाना था। प्रो. कौशिक को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।स्थानांतरण से आए हुए शिक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे का भी स्वागत किया गया।समारोह का समन्वय और संचालन शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. सौरभ द्विवेदी ने किया। शिक्षक संघ के मंत्री डॉ. राजेश कुमार जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्र वासु गौड़ ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने की।उपाध्यक्ष डॉ. राम नवल प्रसाद ने सभी उपस्थित सज्जनों के प्रति आभार प्रकट किया।

## सम्मानित हुए शिक्षक

**बरहज,देवरिया।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बरहज द्वारा शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सेवानिवृत्त अध्यापक उमाशंकर यादव को अंगवस्त्र,उपहार देकर सम्मानित किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी बरहज ने कहा आज के शिक्षक कर्मठ है और सर्वपल्ली राधाकृष्ण के पदचिन्हों पर चल रहे। संयोजक देवेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों के लिए विद्यालय प्रथम है। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य रामेश्वर यादव रहे। अध्यक्षता विजय प्रकाश पांडेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन अमृता मिश्र ने किया। कार्यक्रम में 10 उत्कृष्ट शिक्षक नौशाद अहमद, विनय कुमार सोनकर, हृदयेश दीक्षित, गजाला परवीन,सबिता, बिंदु सिंह, रामाशीष गौतम,समदर्शी शाही, दुर्गा जायसवाल को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान देवेंद्र सिंह, दिनेश जायसवाल, राघवेंद्र सिंह ,अमित सिंह,अमीरचंद गुप्त, प्रवीण कुमार,अजय यादव,आलोक गुप्ता मुकेश मद्धेशिया,चंदन कुमार, कौशलेंद्र कुमार, सुरेन्द्र यादव, गोरख नाथ, गौतम कुमार शिल्पकार, घुरहू प्रसाद , गोरख यादव, इंदु यादव,शिवांगी सिंह,प्रीति यादव ,अमित सिंह संदीप सिंह ,दीपक आदि उपस्थित रहे।

## सांवलियन विद्यालय के शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**कसया, कुशीनगर।** भारत के दूसरे राष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षा विद डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती की पूर्व संध्या पर कसया नगर स्थित जूनियर हाईस्कूल सांवलियन विद्यालय के प्रांगण में शिक्षकों को गौतम फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया ।गुरुवार को कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह सहित शिक्षक और शिक्षिकाओं को फाउंडेशन के प्रबंधक राजू जायसवाल, रवि जायसवाल, राजन जायसवाल, विनय वर्मा, दुर्गेश गुप्ता ने स्मृतिचिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह ने संस्था द्वारा मिले सम्मान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस गुरु शिष्य के संबंधों को याद करने का दिवस है।श्री सिंह ने संस्मरणों को सुनाया।शिक्षक दुर्गेश सिंह, पयोद कांत, रश्मि सिंह, नीतू, वंदना तिवारी, अजय गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेंद्र सोनकर, वंदना पाण्डेय, नंदनी विश्वकर्मा, सोनी सहित पंद्रह अध्यापकों को श्री जायसवाल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र और छात्राओं ने अपने गुरु जनों को उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया।

## लार बाईपास सड़क जल्द ही बनेगीः दिव्या मित्तल



**देवरिया।** गांव में को जोडने वाली मुख्य सड़क खराब हो जाये तो इसकी जिम्मेदारी जिले के अधिकारियों की मुख्यरुप से होती है।ऐसे में सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को भी ग्रामीणों खुब खरी खोटी सुनाते है। बात लार थाना क्षेत्र के बाईपास रोड़ की हो रही है बीते पांच माह से सड़क पर पानी भरने से बड़े गढढे हो गये है जिससे प्रतिदिन सैकड़ो गांव को जोड़ने वाली यह सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।खराब सड़क कि शिकायत हिन्दु युवा वाहिनी के पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने डीएम और लार ब्लाक के अधिकारियों से किया है।सड़क के नही बनने से लार के व्यापरियों में भी भारी आक्रोश है। लार, रोपनछपरा, पिण्डी, नेमा सहित अन्य क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि सड़क खराब होने से गाड़ी को किराया ज्यादा देना पड़ता है।पिण्डी के उदय शंकर पति त्रिपाठी ने बताया कि सत्ता के मंत्री विधायक को यह सड़क नजर नही आती है तो जनता इसका बजाब वोट से देगी ।लिखित शिकायत आयी है, अधिकारियों को सूचित किया गया है।जल्द ही सड़क को बनाया जायेगा।

## 06 सितम्बर की जगह 08 सितम्बर को आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**देवरिया ।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन जैनेंद्र सिंह ने बताया कि कैलेण्डर वर्ष 2025 के अंतर्गत सम्पूर्ण समाधान दिवस ( तहसील दिवस ) के आयोजन हेतु पूर्व में निर्गत रोस्टर दिनांक 28 दिसम्बर 2024 के अनुसार माह सितम्बर का पहला शनिवार अर्थात 06 सितम्बर 2025 को तहसील दिवस प्रस्तावित था। किंतु इस तिथि को प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा ( ढएळ )-2025 की लिखित परीक्षा आयोजित होने के कारण शासनादेश के अनुसार उक्त दिवस का सम्पूर्ण समाधान दिवस अब अगले कार्य दिवस 08 सितम्बर 2025 ( सोमवार ) को आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 08 सितम्बर को तहसील देवरिया सदर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त तहसील सलेमपुर में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील रुद्रपुर में अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ), तहसील बरहज में अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) तथा तहसील भाटपाररानी में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जनपद स्तरीय अधिकारी तहसील देवरिया सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे, जबकि तहसील स्तरीय अधिकारी अन्य तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे। शेष रोस्टर पूर्ववत प्रभावी रहेगा।

# भव्य जलूस के साथ नगर में निकला महावीरी अखाड़ा

**भटनी(देवरिया)** ।स्थानीय नगर में हनुमान अखाड़ा के अवसर पर बड़े ही धूमधाम से महावीरी अखाड़ा भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाला गया। जिसमे गाँधी चौक अखाड़ा नम्बर 1 और रामलीला मैदान अखाड़ा नम्बर 2 के साथ माँ सरस्वती क्लब मुख्य रूप से शोभायात्रा में हिस्सा लिया। जिस दौरान नगर को जगह जगह पंडालों से और रंग बिरंगे झालरों से सजाया गया था। भव्य जुलूस में खिलाड़ियों ने अपने खेल और कौशल का प्रदर्शन बहुत ही जोरदार किया। शानदार झांकियों के प्रदर्शन और नृत्यंगनाओं ने सभी का मन मोह लिया। गाँधी चौक अखाड़ा नम्बर 1 लगभग 50 वर्षो से अपनी परम्परा का निर्वहन करता चला आ रहा है। गाँधी चौक की परिसर में आयोजकों द्वारा प्रत्येक वर्ष रंगारंग कार्यक्रम सहित कौवाली का जोरदार मुकालबला देखने को मिलता है। रामलीला मैदान अखाड़ा नम्बर 2 ने पहली बार रोड शो कर सभी को किया अचम्भित।रोड शो के दौरान लोगों का विशाल भीड़ देखने को मिला। रामलीला मैदान अखाड़ा नम्बर 2 के जुलूस में पाँच अभिनेत्रियां रही आकर्षण का केन्द्र। जिनमे मुख्य रूप से दिशा डान्सर, दीक्षा राज,रानी राज,रिया डान्सर और रिम्पी जिन्होंने अपने आकर्षक नृत्य से भारी भीड़ को आकर्षित किया। तीस सदस्यीय ढोल नगाड़ों के साथ पन्द्रह सदस्यीय डमरू दल ने भगवान शिव का ताण्डव कर सभी को अचम्भित किया। मां सरस्वती क्लब की शोभयात्रा के दौरान युवा पीढ़ी के कलाकारों में एंजिल लिसा सन्नू राय,एलिया राव और सुमन यादव की कला प्रस्तुति ने शोभायात्रा में जान फूंकने का काम किया ।देर रात तक भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम श्रद्धालुओं को देखने को मिला। अन्त में पुलिस प्रशासन की निगरानी में मूर्ति विसर्जन देर रात तक छोटी गण्डक नदी के पक्के पुल पर किया गया। जिस दौरान थानाप्रभारी जितेंद्र सिंह जगह जगह पुलिस बल तैनात कर पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर अपना कमान साधे रखा। भारी भीड़भाड़ होने के बावजूद भी कही कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली ।प्रशासन की इस मुस्तैदी पर नगर के सम्मानित लोगो ने प्रशासन को धन्यबाद ज्ञापित किया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से नगर के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र वर्मा पूर्व अध्यक्ष डॉ बलराम जायसवाल समाजसेवी मोहन लाल गुप्ता चंद्रकेश जायसवाल अशोक गुप्ता भोला दीपक वर्मा विजय शंकर मद्देशिया मंदिर समिति के अध्यक्ष हरेन्द्र वर्मा दोनो व्यापार मण्डल अध्यक्ष सहित सभी सभासदों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया।

## सब्जी लेने गये एक अधेड़ की दिल का दौरा पड़ने से मौत

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके में सब्जी लेने गए एक 40 वर्षीय व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राकेश गुप्ता पुत्र श्रीके सन 40 वर्षीय निवासी रामगढ़ थाना अटरिया गुरुवार को अपने खेतों में सब्जी तोड़ने गए हुए थे। बताते हैं इसी दौरान वह खेत में चक्कर खाकर गिर गये। परिजन आनन फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य सिधौली लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।

## शिक्षक दिवस सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में धूमधाम से गया मनाया

सीतापुर ।सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 4 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के कठिन परिश्रम और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करना रहा। आयोजन की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाश सिंघानिया, श्रीमती मंजू सिंघानिया, संरक्षक भरत त्रिपाठी और सचिव परीक्षित त्रिपाठी द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर संरक्षक भरत त्रिपाठी ने डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नृत्य, गीत और भाषण जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही शिक्षकों के सम्मान में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नपा बरहज में सफाई नायक और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई



**बरहज,देवरिया।** नगर पालिका परिषद गौरा बरहज के सभागार में सफाई नायक व स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई। जिसमें सहयोग से कूड़ा पृथक्करण के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप ने कहा कि कार्मिको को खुशहाल एवं स्वस्थ जीवन के लिए कचरे का पृथक्करण आवश्यक है।हरे व नीले डिब्बों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखकर ही उसका सही निस्तारण संभव है, जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है। इस दौरान जियो स्टेट से रत्नाकर तिवारी, एसबीएम प्रभारी रितिका यादव, मनोज कुमार गुप्त, राजेश जायसवाल मौजूद रहे।

## जीएसटी दरों में कटौती पर भाजपाइयों ने व्यक्त की खुशी

**देवरिया** ।जीएसटी परिषद की बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा 12 फीसदी और 28 फीसदी टैक्स स्लैब खत्म करने पर भाजपा कार्यकताओं जिला पंचायत परिसर में बैठक कर खुशी व्यक्त किया ।इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से जो प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था उसे पूरा किया ।400 से अधिक वस्तुओं, जिनमें अधिकतर रोजमर्रा की चीजें हैं, को 12% और 18% से 5% टैक्स के दायरे में लाया गया है। कई वस्तुओं को शून्य कर स्लैब में भी रखा गया है। इससे व्यापारियों के लिए व्यापार आसान होगा और उपभोक्ताओं की लागत कम होगी।

पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय उपाध्याय ने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से मध्यम वर्ग के लोगों को काफी फायदा होगा ।रोटी, दूध-घी और दवाइयों से लेकर बच्चों की पढ़ाई के सामान तक और सस्ते होंगे।

भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि जीएसटी में कटौती से हर उपभोक्ता को लाभ होगा ।पिछले 11 वर्ष में की गई अनेक पहलों के फलस्वरूप कल जीएसटी में अप्रत्यक्ष करों में जो सुधार किया गया वह परिवर्तनकारी है।

इस दौरान गंगा कुशवाहा,रामाशीष प्रसाद,नवीन सिंह,अम्बिकेश पाण्डेय,रत्नेश्वर गर्ग,धनुषधारी मणि त्रिपाठी,अभिजीत उपाध्याय,पुनीत सिंह अमेठिया,गोविंद मणि,दुर्गेशनाथ त्रिपाठी आदि रहे।

# पांच सौ रुपये कुंतल गन्ना मूल्य घोषित करे सरकारः चेयरमैन




जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** गन्ने की खेती में लगातार बढ़ रही लागतसे पांच वर्षों में चीनी मिलों को 50% आपूर्ति घटी है। सहकारी गन्ना विकास समिति हाटा के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह उर्फ बंटी सिंह और संचालक सदस्यों ने गन्ना मूल्य पांच सौ रुपए प्रति कुंतल घोषित करने की मांग सरकार से की है।

सरकारी गन्ना विकास समिति हाटा कुशीनगर के चेयरमैन श्री सिंह ने कहा कि गन्ने का विकास तभी होगा जब सरकार गन्ने का मूल्य प्रतिवर्ष बढ़ाएं। गेहूं और धान का मूल्य प्रतिवर्ष सरकार द्वारा बढ़ाया जाता है, गन्ने का क्यों नहीं बढ़ाया जाता है। यूरिया किसानों को समय से मिला ही नहीं, पोटाश का मूल दोगुना हो गया। गन्ने की खेती करने में खर्च लगातार बढ़ रहा है। मजदूर नहीं मिल रहे हैं, गन्ना काटने व छीलने का खर्च 60 - 70 रु कुंतल, एक एकड़ गन्ना बोने के लिए 25 कुंतल बीज लागत 10 हजार रुपए और जोताई, उर्वरक का खर्च अलग। गन्ना बोने में कुल 60 से 70000 रुपए खर्च आ रहा है। चेयरमैन बंटी सिंह ने बताया कि हाटा गन्ना समिति की गन्ना आपूर्ति वर्ष 2019- 20 में 28 लाख कुंतल थी, 5 वर्ष बाद वर्ष 2024-25 में घटकर 14 लाख कुंतल हो गई। 12000 किसानों ने अपना गन्ना बेचा है। 5 वर्षों में 50% गन्ना आपूर्ति घटी है। गन्ने का मूल्य न बढ़ने से किसान और चीनी मिल दोनों को नुकसान हुआ है। किसान नेता एवं पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों को दोगुने आय का वादा बेमतलब साबित हो रहा है। किसानों की खुशहाली के लिए गन्ना का दाम सरकार बढ़ाए। गन्ने की खेती से अधिक लाभ गेहूं और धान की खेती में है क्योंकि गेहूं और धान का मूल्य हर साल बढ़ेगा। किसान वही फसल बोएंगे जिसमें उनका अधिक लाभ होगा। मजदूरों की उपलब्धता कम होना, उत्पादन लागत बढ़ना व गन्ने का मूल्य न बढ़ाना, गन्ना क्षेत्रफल के घटने का प्रमुख कारण है। गन्ना सबसे अच्छी फसल है, सभी जानते हैं। लेकिन लागत बढ़ने और दाम ल्ल बढ़ने से किसान चिंतित है। किसान गमला सिंह, सुनील चौहान, दीनदयाल मिश्रा, उदयभान सिंह, संचालक सदस्यों ने मांग किया कि गन्ना समिति को भी यूरिया व अन्य उर्वरक दिया जाए।

# त्यौहार के दृष्टिगत अधिकारियों, प्रबुद्ध जनों के साथ पीस कमेटी की बैठक




*कुशीनगर।* ईद ए मिलाद/बारावफात सहित अन्य त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांन्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक के साथ आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित /संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा की अब तक हम लोगों ने सभी त्योहारों को शांति पूर्वक मनाए हैं इस परम्परा को आगे भी बरकरार रखना है, विगत त्योहारों में पुलिस विभाग सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों एवं कार्यों सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य देशों में 2 से 3 त्यौहार ही पूरे साल में आते हैं परंतु हमारा देश विविधताओं का देश है विभिन्न प्रकार की संस्कृति, रंग, वर्ग, जाति के लोग रहते हैं जिससे साल भर त्योहारों का माहौल रहता है, । अच्छे माहौल में सभी को सुरक्षा के साथ अन्य चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है , फिर भी अच्छे माहौल में अभी तक सभी त्यौहार संपन्न हुए। उन्होंने आश्वस्त भी किया कि आने वाला त्यौहार भी सकुशल संपन्न होंगे ।जिलाधिकारी ने सभी से अनुरोध किया कि यदि कहीं कोई समस्याएं या दिक्कत हो तो वालंटियर के साथ मिल कर इंचार्ज से वार्ता कर के समस्याओं का निस्तारण करा लें। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों को सकुशल सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई ।उन्होंने आगामी त्योहारों पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि आशा है सभी लोग आपसी सौहार्द एवं आपसी सामंजस्य से त्योहार को सकुशल मनाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि जनपद में लगभग 500 जुलूस निकाले जाएंगे जिसके दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। सभी जुलूस के लिए पुलिस टीम की ड्यूटी लगा दी गई है।

सभी से अपेक्षा है कि सुरक्षित वातावरण में खुशियों के साथ अपने त्योहारों को मनाए। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंनें उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने 18- 20 साल के ऊपर के लोगों से वालंटियर के रूप में शामिल होने का आह्वान भी किया। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरूओं ने जिले में अनेकता में एकता, अमन-चैन एवं आपसी सौहार्द कायम रखने पर अपने- अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाये रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी गण, समस्त सीओ, थानाध्यक्ष, सभी ईओ, सहित संबंधित अधिकारी गण व विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से आहत शिक्षक नहीं मनायेंगे शिक्षक दिवस

**देवरिया ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के शिक्षक माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से दुखी होकर शिक्षक दिवस नही मनाने का निर्णय लिया है ।उक्त निर्णय के अनुपालन हेतु प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा समस्त जिलाध्यक्ष एवं जिलामंत्री को दिए गए निर्देश के क्रम में आज दिनांक 4 सितंबर को जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने परेश विज्ञप्ति के माध्यम से जनपद के समस्त शिक्षकों से अपील किया है ।एक सितंबर 2025 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गए आदेश से देश भर में 10 लाख सरकारी शिक्षकों की नौकरी पर संकट मंडरा गया है ।यदि आदेश को निजी स्कूलों पर लागू किया गया तो इससे प्रभावित शिक्षकों की संख्या करोड़ों में होगी ।साथ ही पूर्व में कई गयी पदोन्नति भी प्रभावित होगी ।ऐसे निर्णय से शिक्षक दुखी व चिंतित है ।ऐसी स्तिथि में जनपद देवरिया के शिक्षक शिक्षक दिवस नही मनाएंगे ।क्योंकि बहुत से ऐसे शिक्षक होंगे जिन्हें दो साल बाद सेवा से बाहर होने का खतरा उत्पन्न हो गया है ।ऐसे में शिक्षक छात्रों को पढ़ाने का कार्य करे कि दो साल में खुद पढ़कर टीईटी पास करने का कार्य करे ।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ देवरिया के सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक मंत्री के नेतृत्व में 5 सितंबर को ( ट्विटर) अभियान चलाकर माननीय प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया जाएगा कि शिक्षकों के साथ न्याय करने की घोषणा करने की कृपा करें जिससे 5 सितंबर को शिक्षकों का वास्तविक सम्मान हो ।

## लंपी स्किन डिजीज से बचाव एवं नियंत्रण के लिए पशुपालकों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**देवरिया ।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वैश्य ने बताया कि जनपद के सीमावर्ती राज्य बिहार में लंपी स्किन डिजीज (एल.एस.डी.) का संक्रमण पाया गया है, जिसके कारण गोवंशीय पशु प्रभावित हो रहे हैं। यह एक विषाणुजनित रोग है जो मच्छर, मक्खी, किलनी आदि वाहकों के माध्यम से एक पशु से दूसरे पशु में तेजी से फैलता है उन्होंने बताया कि इस बीमारी से ग्रसित पशुओं को तेज बुखार आता है, पूरे शरीर पर गांठें ( नोड्यूल ) बन जाती हैं, पशु खाना-पीना छोड़ देता है और धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है। गर्भित पशुओं में गर्भपात की संभावना रहती है तथा चमड़े पर बनी गांठों में मवाद भी पड़ सकता है। ऐसे पशुओं को तुरंत स्वस्थ पशुओं से अलग रखना चाहिए और इसकी सूचना नजदीकी पशु चिकित्सालय या संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल देनी चाहिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालकों से अपील की कि प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशकों का छिड़काव करें, मच्छरदानी का उपयोग करें और पशुशालाओं में स्वच्छता बनाए रखें। प्रभावित पशुओं को स्वच्छ पानी पिलाया जाए तथा उनका दूध उबालकर ही प्संक्रमण की स्थिति में सामूहिक चराई पर रोक लगाई जाए और यदि किसी पशु की मृत्यु हो जाए तो उसका शव खुले में न फेंककर वैज्ञानिक विधि से दफनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रोग केवल पशुओं तक सीमित है और मनुष्यों में नहीं फैलता है, अतः किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद में एल.एस.डी. के प्रसार को रोकने और उपचार सुनिश्चित करने के लिए सभी 16 विकास खंडों के खंड विकास अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा उप जिलाधिकारियों को तहसीलवार जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# ट्रंप की नीतियों का जवाब

हमारी अर्थव्यवस्था के सामने पहले भी चुनौतियां पेश करने की कोशिश हुई हैं। परमाणु परीक्षण के बाद पूरी दुनिया ने देश पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन तब भी वैश्विक प्रतिबंधों का जवाब भारत ने तेज प्रगति से दिया था। अब एक बार फिर अमरीका की तरफ से भारत के आर्थिक, सामाजिक और कूटनीतिक मामलों में दखल दिया जा रहा है। देश की संप्रभुता को नकारने का प्रयास हो रहा है। इसका भी जवाब देश को एकजुटता के साथ देना होगा और यह जवाब तेज आर्थिक के रूप में देना सबसे सटीक होगा। फिलहाल भारत की आर्थिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ रही है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप इन आंकड़ों को जानकर जरूरत परेशान होंगे कि उन्होंने जिस अर्थव्यवस्था को डेड इकोनमी कहा था, उसकी विकास दर अमरीकी अर्थव्यवस्था से दोगुने से भी ज्यादा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के जो आंकड़े जारी किये हैं, उसके मुताबिक पहली तिमाही में भारत की आर्थिक प्रगति दर 7.8 रही जो कि बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक तो है ही लेकिन आरबीआई के अनुमान से भी 1.3 फीसद अधिक है।



**देश को एकजुटता के साथ वैश्विक चुनौतियों का जवाब आर्थिक प्रगति एवं आत्मनिर्भर भारत के जरिए देना चाहिए।**

येआंकड़े इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं कि अमरीकी टैरिफ को लेकर अर्थव्यवस्था में जिस तरह की चिंताएं देखी जा रही थीं, वे चिंताएं इन आंकड़ों से जरूर कुछ कम होंगी। विकास की यह रफ्तार आगे भी बनी रहेगी ऐसी उम्मीद है, क्योंकि सरकार जीएसटी रिफॉर्म लागू करने जा रही है। इससे देश की आर्थिक प्रगति 2025-26 में सभी अनुमानों को पीछे छोड़कर सात फीसद को भी पार कर सकती है। अन्य सर्वे और आंकड़े भी तेज आर्थिक प्रगति की बात करते हैं। बीते बुधवार को उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2023-24 यह संकेत देता है कि देश का विनिर्माण क्षेत्र वृद्धि कर रहा है, लेकिन ढांचागत चिंताएं बरकरार हैं। वित्त वर्ष 24 में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में मौजूदा मूल्य पर 11.9 फीसदी का इजाफा हुआ लेकिन समग्र उत्पादन 5.8 फीसदी की दर से बढ़ा जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में काफी कम है। उस वर्ष महामारी के बाद इसमें 21 फीसदी की दर से वृद्धि हुई थी। रोजगार में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई और वित्त वर्ष 24 में प्रति व्यक्ति शुद्ध मूल्य वर्धन में पिछले वर्ष की तुलना में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। यह ठहराव को दर्शाता है। भारत जैसे श्रम-प्रधान देश के लिए, जहां विनिर्माण क्षेत्र को आय का समर्थन करना चाहिए, ये आंकड़े जरूर चुनौती हैं। दरअसल वर्षों के नीतिगत ध्यान के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी केवल 17 फीसद ही है और रोजगार में केवल 12 फीसदी। यह भारत के लिए आवश्यक स्तर से बहुत कम है। लाखों अर्द्ध कुशल या कम कुशलता वाले श्रमिक हर वर्ष श्रम शक्ति में शामिल हो रहे हैं। अगर फैक्ट्री में इनके लिए रोजगार नहीं बनेंगे तो इन लोगों के पास कम वेतन वाले असंगठित क्षेत्र के काम करने के सिवा कोई विकल्प नहीं होगा। औद्योगिक गतिविधियों का प्रसार भी कुछ जगहों पर केंद्रित है। शीर्ष पांच राज्य ही विनिर्माण जीवीए में 54 फीसदी और रोजगार में 55 फीसदी के हिस्सेदार हैं। इसके अलावा उत्पादन में पांच उद्योगों का दबदबा है जो हैं- बुनियादी धातुएं, मोटर वाहन, रसायन, खाद्य उत्पाद और औषधि। यह दरअसल समावेशिता को सीमित करता है और विनिर्माण की व्यापक वृद्धि की संभावनाओं को भी प्रभावित करता है। नीतिगत नजरिये से देखें तो भारतीय विनिर्माण क्षेत्र बहुत विभाजित है। इसमें छोटी कंपनियों का दबदबा है जिनकी तकनीक और वित्त तक सीमित पहुंच है। इससे उत्पादकता कम और लागत अधिक बनी हुई है। यह बात स्वीकारी जा चुकी है कि संस्थागत सख्ती निवेश को प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए भारत के श्रम कानून उद्यमियों को उनके काम के लिहाज से बहुत कम प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। विशेष कर श्रम गहन क्षेत्रों में मसलन कपड़ा एवं वस्त्र, फुटवियर और खाद्य प्रसंस्करण आदि जहां भारत को तुलनात्मक बढ़त होनी चाहिए। ऐसे में यह अहम है कि नीतिगत हस्तक्षेप केवल कर राहत और उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि आर्थिक प्रोत्साहन भी देना जरूरी है।

## विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

# साल दर साल घातक हो रहा मानसून



संजय श्रीवास्तव

**भारत प्राकृतिक विविधताओं के साथ विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं का भी देश है। अतिवृष्टि प्रत्येक कुछ बरसों में दुहराई जाने वाली, वह दर्दनाक दास्तान है, जिसके दुष्परिणाम साल दर साल बढ़ते जा रहे हैं।**

मानसून बीते तीन महीनों में सामान्य से पांच फीसदी से अधिक बरस चुका है। ऐसे में मौसम विभाग की यह घोषणा कि इस महीने मानसून देशभर में सामान्य से ज्यादा बरसेगा, चिंताजनक है। सितंबर माह में पूरे देश में वर्षा का औसत आंकड़ा लगभग 168 मिलीमीटर रहता है, पर इस बार यह 109 फीसदी बढ़ने का अनुमान है। केवल दस हफ़्ते पहले तक सूखे, गिरते भूजल स्तर और मृदा जल क्षरण से जूझ रहे देश को मानसून में यह अचानक बढ़त वाकई भयाक्रांत करने वाली है। जल-अल्पता से कहीं अधिक भयावह है अतिवृष्टि और उससे उपजी परेशानियां। भूस्खलन, फ्लैश फ़्लड, बाढ़, जलजनित बीमारियां, सर्पदंश, मनुष्यों और मवेशियों की मौतें, दुर्घटनाएं और भारी अवसंरचनात्मक एवं आर्थिक नुकसान- ये सब अतिवृष्टि की अनिवार्य परिणतियां हैं। हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बारिश से हालात बिगड़े हुए हैं। दिल्ली, राजस्थान और बिहार के कई हिस्से बुरी तरह प्रभावित हैं। मुंबई, गुजरात और अन्य राज्यों में भीषण वर्षा ने लोगों को हलकान कर दिया है, तो झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा पूर्वोत्तर के अधिकांश इलाके इससे त्रस्त हैं। विश्व बैंक का अध्ययन बताता है कि 2040 तक बाढ़ से प्रभावित आबादी पहले की तुलना में छह गुना बढ़कर ढाई करोड़ से अधिक हो जाएगी। ऐसे में इस महीने भीषण वर्षा का पूर्वानुमान स्वाभाविक ही चिंता बढ़ाने वाला है।

इसी संदर्भ में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भारी वर्षा, बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल गठित किए हैं। प्रभावित राज्यों को तुरंत राहत सहायता देने हेतु 24 राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से 10,000 करोड़ रुपये से अधिक और 12 राज्यों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये जारी किए गए। प्रधानमंत्री ने भी बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि इस मानसून सीजन ने देश की कठिन परीक्षा ली है, पर भारत एकजुट होकर इसका सामना करेगा। प्रश्न यह है कि कैसे? दशकों से देश इसी तरह लड़ता आ रहा है, पर संघर्ष के हथियार वही पुराने हैं।



अब यह पूछा जाना चाहिए कि स्थायी समाधान कहां है? भारत में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाला आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ रहा है। 2013 से 2022 के बीच हर साल औसतन 66,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अगले दशक में यह 125 फीसदी बढ़ गया। आर्थिक क्षति के साथ-साथ जनहानि में भी वृद्धि हुई है। अधिक बारिश और बाढ़ में 'विकास' भी बह जाता है। सड़कें, पुल, बिजली और जल आपूर्ति जैसी सार्वजनिक उपयोगिताएं तबाह हो जाती हैं और जीवित बचे लोगों का जीवन भी दूभर हो जाता है। स्पष्ट है कि समस्या केवल प्राकृतिक नहीं, मानवीय लापरवाहियों और गलत नीतियों की भी गहरी भूमिका है। आपदाओं की बारंबारता और गंभीरता यह दशार्ती है कि हम गैर-जिम्मेदार हैं और हमारे नियंत्रण उपाय निष्फल साबित हो रहे हैं, तभी हर साल हम औसतन 5,629 करोड़ रुपये की आर्थिक हानि और 1,700 से अधिक मौतों का सामना करते हैं। सवाल यही है कि इस आर्थिक, सामाजिक और मानवीय त्रासदी का स्थायी हल क्या है? मानसून को रोका नहीं जा सकता। अतिवृष्टि, क्लाउड बर्स्ट या फ्लैश फ़्लड को भी पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सकता। पर इनके दुष्परिणामों को रोकने और कम करने के जो उपाय हमारे पास हैं, क्या हम उन्हें ईमानदारी और तत्परता से लागू कर रहे हैं? यदि हां, तो हर बार यह प्राकृतिक प्रवृत्ति गंभीर रूप में क्यों लौट आती है? यदि नहीं, तो बचाव के उपाय अब कब लागू होंगे? सभी नगर निगमों को 'स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट मास्टर प्लान' बनाना था- कब बनेगा? हर मकान और अपार्टमेंट में रूफ-टॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करना था- यह कब तक पूरी तरह लागू होगा? स्मार्ट सिटी परियोजना में ड्रेन मैपिंग और उनका डिजिटलीकरण होना था। भूमिगत नालों और जल निकासी प्रणाली को जीआईएस तकनीक पर मैप करना था ताकि उनका अतिक्रमण रोका जा सके और समय रहते उनकी मरम्मत हो सके। इस पर प्रगति कहां पहुंची? नई कॉलोनियों में भूमिगत जलाशय बनाकर वर्षा जल को संचित करने और जलजमाव रोकने की योजना बढ़िया थी- पर उसका क्या हुआ? शहरों में नालों पर स्मार्ट सेंसर और इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक आधारित निगरानी से खतरे का पता लगाना था- कितना काम हुआ? शहरीकरण और सड़को के संजाल से सीमेंटेड सतह बढ़ गई है, जिससे वर्षा जल जमीन में नहीं समा पाता। ग्रीन बेल्ट, पार्क और छिद्रयुक्त सड़कों का विकास आवश्यक है- हमने इस बारे में कितना और क्या किया?

**प्रतिबिंब**

भूस्खलन रोकने के लिए जियो-टेक्निकल इंजीनियरिंग अपनानी थी- रिटेनिंग वॉल, ड्रेनेज चैनल और बायो-इंजीनियरिंग तकनीक। कंप्यूटर मॉडलिंग से बाढ़ और जलजमाव की संभावनाओं का पूवार्नुमान लगाना था। इसके लिए डॉप्लर रडार, उपयुक्त सेंसर, डिजिटल हाइड्रोलॉजी तकनीक, सैटेलाइट और रिमोट सेंसिंग का प्रयोग करना था, जो नदियों का बहाव और भूस्खलन क्षेत्रों की वास्तविक समय की निगरानी कर सके। हम इन साधनों का उपयोग कर रहे तो हैं, सवाल यह है कि क्या यह पर्याप्त है? पहले नगरों में तालाब, बावड़ी, पोखर और नहरें जो केवल जलस्रोत नहीं थीं बल्कि बाढ़-नियंत्रण और भूजल पुनर्भरण की साधन भी थीं। आज जब उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है, वे गायब हैं। उन्हें फिर से नहीं लाया जा सकता, लेकिन विकल्पों पर कितना काम हुआ? नदियों और झीलों के कैचमेंट क्षेत्रों पर निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित करना था, पर यह सख्ती से क्यों नहीं हो पाया? पहाड़ी ढलानों पर निर्माण से पूर्व उसका वैज्ञानिक सर्वेक्षण कितनी कड़ाई से हुआ है- धराली जैसी घटनाएं बताती हैं कि नहीं हुआ।

मिट्टी बांधने के लिए विकसित बायो-टेक्निक, जैसे विशेष घास-पौधे लगाना, इसका पता होने के बावजूद अब अनिवार्य क्यों नहीं किया गया? हिमालयी और पश्चिमी घाट क्षेत्रों में संवेदनशील जोन में चैड़ी सड़कें और भवन निर्माण आत्मघाती हैं- यह सब जानते हुए भी रोक क्यों नहीं लगाई गई? इसके जवाब तलाशने होंगे। स्वास्थ्य सुरक्षा की बात करें तो- प्रत्येक जिले में 'मानसून हेल्थ मिशन' बनाकर डेंगू-मलेरिया निगरानी, टीकाकरण, सर्पदंश एंटीडोट और मोबाइल मेडिकल यूनिट उपलब्ध करानी चाहिए। बाढ़ग्रस्त गांवों में आपदा सुरक्षा शिक्षा दी जानी चाहिए। एआई आधारित चेतावनी प्रणाली और मोबाइल अलर्ट से लोगों की जानमाल की रक्षा की जा सकती है। सरकार और प्रशासन यह कर भी रहा है, लेकिन बहुत बार यह व्यवस्था बिजली की अनुपस्थिति के कारण बाधित हुई या भाषा इसकी पहुंच और सफलता में बाधक हुई। वैकल्पिक ऊर्जा, एआई एवं उपग्रह आधारित संचार संबंधी, इसका समाधान कैसे निकलेगा? सबब यह कि हम अधिकांश क्षेत्रों में कार्यरत तो हैं पर सभी उपायों में कुछ ऐसा अधूरापन है, जो पूर्णता में बाधक है, इसकी वजह से हमें आपेक्षिक लक्ष्य हासिल नहीं हो पा रहा। विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि भारत अपनी जीडीपी का केवल 1 प्रतिशत टिकाऊ जल प्रबंधन और आपदा रोकथाम के तकनीकी उपायों, उपादानों, उपस्करों पर लगाए, तो हर साल इस मद में खर्च होने वाले अरबों रुपये बचाए जा सकते हैं। यह खर्च नहीं बल्कि लाभकारी निवेश होगा, क्योंकि इससे जीवन, संपत्ति, रोजगार और स्वास्थ्य सुरक्षित होंगे।

## सोशल मीडिया



भाजपा अपने तथाकथित राजनीतिक सहयोगियों की जो दुर्गति की, उससे वो अपने अपने समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि अब कहां जायें। अखिलेश यादव.



स्वतंत्रता दिवस पर जी एस टी रिफॉर्म का जो संकल्प पीएम मोदी जी ने देशवासियों के सामने रखा था, आज वह धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। सीएम योगी.



बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने सरकार को जनता के साथ जनसेवा की भावना से जोड़ा है, अब हर नीति नागरिक की आकांक्षा को शक्ति देती है, राष्ट्र को आत्मविश्वास देती है। केशव प्रसाद मौर्य.

# चरित्र निर्माण

**अंतर्दृष्टि**

जैसा वातावरण उनको समाज में बालकों को मिलता है उसी के अनुसार उनका चरित्र और व्यक्तित्व विकसित होता है। बालकों के चरित्र निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उनमें दुनियादारी की समझ विकसित होने का पूरा मौका देना चाहिए। ऐसा न हो कि हम उन्हें हमेशा बालक ही समझकर व्यवहार करते रहें। चरित्र निर्माण के विषय में एक खास बात यह है कि हम उसे सदैव निष्क्रिय और पराश्रित बनाये रखने का प्रयत्न न करें। यह सच है कि बालक मनुष्य के लिए परम आनन्द का साधन होता है। जिसके घर में बालक नहीं, उसके घर में आनन्द नहीं। आनन्द का ऐसा यथेष्ट उपयोग करने के लिए मनुष्य आकाश-पाताल एक कर देता है। हमारे समाज में भी बांझपन, अपशकुन और अभाग्य का कारण माना जाता है। बांझपन का कलंक टालने के लिए स्त्री-पुरुष अपने वश भर कोई बात उठा नहीं रखते। घर में पालना बंध जाने से जो आनन्द प्राप्त हो सकता है, उसकी तुलना में दूसरे किसी आनन्द से नहीं की जा सकती। यह आनन्द देह और देही दोनों का है। इस परम आनन्द ने ही संसार की सतत्ता को बनाये रखा और मनुष्य की शुभ वृत्तियों को हमेशा ऊपर चढ़ाया है। ऊर्ध्वगामी बनाया है। यह मनुष्य के आनन्द का जनक है। जब ऐसे आध्यात्मिक आनन्द को देने वाला कोई पात्र परिवार में जन्म लेता है तो वह न केवल अपने माता-पिता के, बल्कि सब किसी के आनन्द का साधन बन जाता है। उसे देखकर सब आनन्द मग्न हो जाते हैं। उसे गोद में लेकर सब कोई तृप्ति का अनुभव करते हैं। उसके कारण सारा परिवार आनन्द से परिप्लावित रहता है। बालक के आनन्द में माता-पिता का सच्चा आनन्द समाया हुआ है। जब बालक का आनन्द लुप्त होता है, तो माता-पिता का आनन्द भी जाता रहता है। बालक सममूचे कुटुम्ब के आनन्द का केन्द्र बन जाता है। कुटुम्ब के परिचित लोग भी बालक को देखकर खुश होते हैं और एक प्रकार के गहरे आनन्द का अनुभव करते हैं। किन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे-वैसे इस आनन्द की कक्षा और इसका प्रवाह बदलता रहता है। सब किसी के आनन्द का कारण बनने वाला धीरे-धीरे सबके आनन्द का स्थूल और स्वार्थी साधन बनने लगता है। माता-पिता और बड़े-बूढ़े समझते नहीं कि बालक का भी अपना आननद होता है। जन्म के बाद तुरंत ही जो बालक अपनी रक्षा और अपने पोषण की अपेक्षा रखता है और अपने ढंग से अपना विकास करने लगता है। वह धीरे-धीरे समझदार और सशक्त भी बनता जाता है। बालक के लिए कामों को करने में माता-पिता को जो आनन्द मिलता है अथवा घर के बड़ों बूढ़ों द्वारा जो काम या आयोजन बच्चों के लिए, बच्चों का पोषण करने की दृष्टि से किये जाते हैं उनसे हमेशा आनन्द मिलता ही है।

# परीक्षा पर डाउट, पेपर आउट


**व्यंग्यलोक**

वह परीक्षा किस काम की जिस में पेपर आउट ना हो! प्रश्नों को हल करने में किसी प्रकार का डाउट ना हो! आउट हो गया चुनावी गणित का पर्चा। हर एक वोटर को देना होगा इसका खर्चा। चुनाव प्रचार में दलदल पार्टी का नेता वोटरों के आगे प्रतिदिन अपनी नाक को 1.1 मिलीमीटर घिसता रहा। रबड़दल पार्टी का नेता अपनी नाक 1.2 मिलीमीटर घिसता है। चुनाव परिणाम के दिन दलदल पार्टी की नाक 5.5 मीटर घिस चुकी थी जबकि रबड़दल पार्टी की नाक 5 मीटर ही घिसी बताइए दोनों ने कितने कितने दिन चुनाव प्रचार किया? सामान्यतया वोटरों में शराब बांटने से 1.7 प्रतिशत, रुपए बांटने से 1.2 प्रतिशत और कपड़े बांटने से 0.7 प्रतिशत वोटों की वृद्धि होती है। एक पार्टी अपने वोटों को पिछले चुनावों की तुलना में 17.5 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, तो बताइए उसे 60 करोड़ वोटरों के लिए कितनी मात्रा में शराब कपड़े और रुपयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी? एक विरोधी नेता की सभा में हंगामा मचाने के लिए 10 उत्तम किस्म के चमचे चाहिए। इस किस्म के एक चमचे पर कुल 0.4 लाख रुपयों का खर्चा पड़ता है। एक पार्टी ने ऐसे चमचों पर 11.5 करोड़ रुपए खर्च किए तो बताइए उसने कुल कितनी विरोधी सभाओं में हंगामा मचाया? एक पार्टी अपने फंड में 30 प्रतिशत रुपए भ्रष्टाचार से 10 प्रतिशत रूपए कमीशन से 25 प्रतिशत रुपए रिश्वत से 20 प्रतिशत रुपए ट्रांसफर से व शेष रुपए चंदे से जमा करती है। यदि पार्टी फंड में इस वर्ष 8000 करोड़ रुपए जमा हुए तो बताइए पार्टी ने ट्रांसफर बिजनेस में कितना रुपया कूटा? ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर के किसी विरोधी गुट के नेता को तोड़ने में दी जाने वाली राशि का अनुपात 1:2:3 का रहता है। अगर कोई पार्टी विरोधी गुट के जिला स्तरीय नेता को 0.7 करोड़ में तोड़ती है, तो उसे राज्य स्तरीय 8 नेताओं को तोड़ने में कितने रुपयों की जरूरत होगी? एक पार्टी ने दलित वोटों के लिए 500 कैरेट शराब, पिछड़े वोटों के लिए 400 टन कबाब और सवर्ण नोटों के लिए 570 शबाब की व्यवस्था की, बताइए पार्टी को मिलने वाले वोटों में दलित, पिछड़े व सवर्ण के वोटों का कितना अनुपात रहेगा? एक नेता को तोड़ने में 5 करोड़ रुपए व चार सुंदरियों की जरूरत होती है। पार्टी को सरकार बनाने के लिए 38 नेताओं की जरूरत है। बताइए सरकार बनाने के लिए उसे कितने रुपए व कितनी सुंदरियों की जरूरत होगी। चुनाव जीतने में एक नेता ने 10 करोड़ खर्च किए व मंत्री पद उसने 15 करोड़ में खरीदा। अगर उसे प्रति भ्रष्टाचार 5 लाख प्रति कमीशन डीलिंग 3 लाख व प्रति ट्रांसफर 1 लाख रुपयों की आय होती है। तब बताइए कि उसे कुल कितने भ्रष्टाचार, कमीशन और ट्रांसफर केस डील करने होंगे ताकि वह नेता व्यवसाय में अपनी लागत का 5 गुना रुपया आराम से निकाल सके?



रामविलास जॉंगिड़

# एक चट्टान को तराश कर बनाया गया 'कैलाश मंदिर'



**पर्यटन**

मैं महाराष्ट्र में औरंगाबाद से लगभग 30 किमी की दूरी पर एलोरा गुफाओं में था। हालांकि एलोरा की गुफाओं में अनेक बौद्ध, जैन व हिन्दू स्मारक मौजूद हैं, जिन्हें मैं अनेक बार देख चुका हूं, लेकिन इस बार मेरी दिलचस्पी विशेष रूप से यहां स्थित कैलाश मंदिर को देखने में थी। ऐसा अकारण न था। कैलाश मंदिर दुनिया का एकमात्र शिव मंदिर है, जो केवल एक पत्थर से बना हुआ है। इस मंदिर में किसी भी प्रकार का सीमेंट, सरिया का इस्तेमाल नहीं किया गया है, जोकि इस मंदिर को खास बनाता है। लेकिन कैलाश मंदिर की विशेषताएं सिर्फ.यहीं तक सीमित नहीं हैं।

एलोरा की गुफाएं यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल हैं। इनका निर्माण लगभग 8वीं सदी में हुआ था यानी यह 1200 साल पुरानी हैं। इतिहासकारों के अनुमान के अनुसार इनके निर्माण में 18 वर्ष लगे। बहरहाल, पर्यटकों के बीच मशहूर कैलाश मंदिर की खासियत यह है कि इसे एक ही चट्टान को तराश करके बनाया गया है। यह कारीगरी का आश्चर्यजनक नमूना है कि 2,00,000 टन की चट्टान को तराश करके इस विशाल शिव मंदिर का निर्माण किया गया है, जोकि भारत की सबसे बड़ी वास्तुकला उपलब्धियों में से एक है। बिना सीमेंट व सरिया के प्रयोग के, इस विशाल मंदिर को बनाना हैरत में डालता है। एनशंट एलियंस धारावाहिक में तो यह दावा किया गया है कि इसका निर्माण एलियंस के हाथों से हुआ है। यह दावा सच है या झूठ, कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन सदियों पहले 2,00,000 टन चट्टान का खनन केवल हाथ के औजारों से करके मंदिर का निर्माण करना अचंभित अवश्य करता है। मेरा मानना है कि यह काम बिना श्रद्धा, भक्ति व दैविक मदद के मुमकिन न था। हैरत इस बात की भी है कि इस मंदिर का निर्माण ऊपर से नीचे की ओर किया गया है, जबकि हम जब भी किसी इमारत का निर्माण करते हैं तो नीचे से ऊपर की ओर करते हैं। कैलाश मंदिर को देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि यह हमारे देश की प्राचीन उत्कृष्ट वास्तुकला का प्रतीक ही नहीं है बल्कि हमारी आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है। इस मंदिर में केवल शिव महिमा ही नहीं है बल्कि रामायण व महाभारत जैसे महाकाव्यों की कलाकृतियां भी उकेरी गईं हैं, जिससे इस मंदिर को देखने के बाद अलौकिक अनुभव का होना लाजमी सा हो जाता है। मंदिर बासाल्ट चट्टान को तराश करके बनाया गया है, जोकि बहुत कठोर होती है? मंदिर का निर्माण मालखेड स्थित राष्ट्रकूट वंश के राजा कृष्ण प्रथम (757-783) ने कराया था।

कैलाश मंदिर भीतर से कोरा तो गया ही है, लेकिन बाहर से मूर्ति की तरह समूचे पर्वत को तराश करके इसे द्रविड़ शैली के मंदिर का रूप दिया गया है। यह 276 फीट लम्बा व 154 फीट चैड़ा है। अनुमान यह है कि इसका निर्माण करते हुए तकरीबन 40 हजार टन भार के पत्थरों को चट्टान से हटाया गया था। इसके निर्माण के लिए पहले खंड अलग किया गया और फिर इस पर्वत खंड को भीतर बाहर से काट-काटकर 90 फीट ऊंचा मंदिर बनाया गया। मंदिर के भीतर व बाहर चारों ओर मूर्ति-अलंकरणों से भरा हुआ है। इस मंदिर के आंगन के तीन ओर कोठरियों की पांत थीं, जो एक पुल द्वारा मंदिर के ऊपरी खंड से जुड़ी हुई थीं। अब यह पुल गिर चुका है। सामने खुले मंडप में नंदी है और उसके दोनों ओर विशालकाय हाथी व स्तंभ बने हुए हैं। एक दिलचस्प बात यह है कि मध्य युग की एक मराठी पौराणिक कथा 'कथा-कल्पतरु' में बताया गया है कि इस मंदिर का निर्माण क्यों कराया गया। इस कथा के अनुसार स्थानीय राजा को एक गंभीर रोग हो गया था। उसकी रानी ने एलापुरा में भगवान घरिश्नेश्वर (शिव) से प्रार्थना की कि उनके पति को ठीक कर दिया जाये। रानी ने कसम खायी कि अगर उसकी प्रार्थना स्वीकार कर ली गई तो वह मंदिर का निर्माण करायेगी और जब तक मंदिर का शिखर नहीं देख लेगी, तब तक उपवास से रहेगी। राजा ठीक हो गया तो रानी ने उससे मंदिर तुरंत बनवाने के लिए कहा, लेकिन आर्किटेक्ट्स ने कहा कि शिखर सहित मंदिर के निर्माण में महीनों लगेंगे। कोकासा नामक आर्किटेक्ट ने राजा को यकीन दिलाया कि रानी सप्ताहभर में मंदिर का शिखर देख सकेंगी। उसने चट्टान को तराश करके मंदिर को ऊपर से नीचे की ओर बनाना शुरू कर दिया। उसने एक सप्ताह में शिखर तैयार कर दिया और रानी को उपवास रखने से मुक्ति मिल गई। रानी के नाम पर मंदिर को मनिकेश्वर नाम दिया गया। **समीर चौधरी.**

## आप की बात

### श्रमिकों का कल्याण

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### विकास से बढ़ेंगे अवसर

प्रदेश में निवेश के जो प्रयास हो रहे हैं उससे प्रगति तेज होगी और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है।

**राकेश कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### महंगाई से मिलेगी राहत

देश में जीएसटी कटौती से महंगाई कम होगी। दरअसल हर महीने जीएसटी में भी पर्याप वृद्धि हो रही है। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अर्थात अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंचना यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था तमाम झंझावातों से जूझते हुए, खराब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच रास्ता बनाते हुए तेज गति से आगे बढ़ रही है और अब यह दुनिया भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गयी है। इसका प्रतिबिंब माह-दर-माह बढ़ते टैक्स कलेक्शन में देखने को मिल रहा है। चूंकि हर महीने टैक्स बढ़ रहा है ऐसे में अब समय आ गया था जब जीएसटी सुधार को लागू कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जाये। केंद्र सरकार ने यही राहत देने का प्रयास किया है।

**अमरेश कुमार कश्यप, लखनऊ.**

संक्षेप

## रेस्टोरेंट में हुई लूट में दर्ज होगी रिपोर्ट, कोर्ट ने दिया आदेश

अयोध्या। पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के कोडरी चैराहा स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई लूट के मामले में कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है। यह आदेश सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ एकता सिंह की अदालत से हुआ।

अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने बताया की की घटना 1 मई 2025 की है। आरोप है कि सराय चैमल ग्राम के प्रधान सुनील कुमार मौर्य के कोडरी चैराहा स्थित एक रेस्टोरेंट में विनोद कुमार निवासी शिवनगर कॉलोनी पहाडगंज तीन-चार अन्य लोगों के साथ रात 11:00 बजे घुसे और शराब के नशे में दो पॉल्यूशन मशीन कीमती लगभग 5 लाख रुपए तथा गाड़ी के बीमा के लिए रखा 70000 रुपया, ब्लैंक चेक बुक, काउंटर से लूट ले गए कर्मचारी और रेस्टोरेंट मालिक ने विरोध किया तो उन्हें गाली दिए और जान से मारने की धमकी दिए। इसकी रिपोर्ट थाने पर नहीं दर्ज हुई एसपी ने भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। तब रेस्टोरेंट मालिक ने अदालत की शरण ली।

# मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से नवाजे गये पांच अध्यापक



अयोध्या। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर समाजवादी शिक्षक सभा के द्वारा मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से जिले के पांच अध्यापकों को सम्मानित किया गया। गुरूवार को सपा कार्यालय गुलाबबाड़ी फैजाबाद में नेताजी मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल जी व विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक सभा डा एस पी सिंह पटेल थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सभा के जिला महासचिव डा. घनश्याम यादव जी ने किया, कार्यक्रम शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ। समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा चुने गए पांच शिक्षक डॉ माधुरी मौर्या, कुबरा यासमीन, दयाशंकर भारतीय, संतोष कुमार यादव, एवं चंद्रकमल वर्मा को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल व कार्यक्रम के संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह व जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव भी मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष के अयोध्या आगमन पर का जगह जगह फूल मालाओं से कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया, नेताजी मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि नेताजीजी के नाम से ये कार्यक्रम 2012 से लगातार होता आ रहा है जो सराहनीय है, कार्यक्रम के संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व आयोजक जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह को मै बधाई देता हूं इस शानदार कार्यक्रम कराने के लिए, मुख्य अतिथि ने कहा कि 2004 में एमपी इंटर कॉलेज गोरखपुर का वाकया आज भी तरोताजा है जब तत्कालीन मुख्य सचिव मंच पर सीएम मुलायम सिंह यादव को शिक्षकों के मांग को नहीं मानने का इशारा करती रहीं, और उन्होंने यूपी बोर्ड में भी सीबीएसई के बराबर कॉपियों के मूल्यांकन के पारिश्रमिक की घोषणा कर दी ऐसे तमाम बातें है जो नेताजी मुलायम सिंह यादव ने की, आज मौजूदा भाजपा सरकार रोजगार छीनना चाहती है स्कूल बंद करना चाहती है जिससे लोग शिक्षा से वंचित हो जाएं। कार्यक्रम के संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि नेताजी ने शिक्षकों के हित के लिए अनेकों काम किए, शिक्षकों के सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दिया और मृतक आश्रितों को योग्यता के आधार पर नौकरी की सौगात दे दी, शिक्षकों के हित में य नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सर्वाधिक फैसले लिये, अब शिक्षकों को पेंशन और ट्रेजरी से समय से वेतन मिल रहा है, यह भी मुलायम सिंह यादव की ही देन है, आज भाजपा सरकार नौकरी खत्म करना चाहती है, आउटसोर्सिंग पर नौकरी करने पर विवश कर रही मौजूदा सरकार और अगर अपने हक की आवाज उठाने के लिए सड़कों पर निकले तो नौजवानों और महिलाओं पर लाठियां बरसा रही है भाजपा सरकार, आज शिक्षित समाज जागरूक है 2027 में अखिलेश यादव जी की सरकार बनाने का संकल्प ले चुका है बुद्धजीवी समाज। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, प्रदेश महासचिव दादा जयशंकर पांडे जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, श्रीमती लीलावती कुशवाहा, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, अनिमेष प्रताप सिंह राहुल, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू बलराम मौर्य, छोटे लाल यादव राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता शावेज जाफरी, उपाध्यक्ष संजय सिंह राकेश पांडे, प्रवीण राठौर, भानु सिंह जगन्नाथ यादव वीरेंद्र गौतम, शक्ति जायसवाल विजय यादव, सियाराम यादव, आकाश यादव हर्षित पाठक अजय यादव,, पार्षद राम भवन यादव, कृष्ण गोपाल यादव, राम अजोर यादव जगत नारायण यादव, लल्लूर यादव अखिलेश जायसवाल सीमा यादव, पूजा वर्मा, पूनम गुप्ता शिक्षक सभा के विमल सिंह यादव, संत प्रसाद मिश्र, अवनीश प्रताप सिंह, डॉ विनोद यादवइ आदि उपस्थित रहे।

- समाजवादी शिक्षक सभा ने माधुरी मौर्या, कुबरा यासमीन, दयाशंकर भारतीय, संतोष कुमार यादव, व चंद्रकमल वर्मा को प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

## छापेमारी कर बरामद की 30 लीटर कच्ची शराब



बाराबंकी। शराब तस्करों व माफियाओं पर अंकुश लगाने हेतु जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक की टीम ने सर्किल अन्तर्गत समस्त सरकारी देशी एंव कंपोजिट दुकानों पर सघन चेकिंग की। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने देशी शराब दुकान खमौली, बारिनबाग, नियामतगंज व कंपोजिट दुकान बरई, नियामतगंज, बारिनबाग पर क्यूआरकोड़ के माध्यम सें शराब की गुणवत्ता को जांचा। तथा पत्रावलियों की जांच कर स्टाक का मिलान करवाया। तो वही आबकारी निरीक्षक की टीम ने थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम बरई, आल्हनमऊ समेत 10 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लगभग 30 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। छापेमारी के दौरान कई अवैध भट्टियो तथा ड्रमो मे छुपाकर रखी 450 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया गया। इसके साथ ही देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाइवें से होकर गुजरने वालें टैकरों, मालवाहक वाहनो की भी चेकिंग की। छापेमारी के दौरान प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, सिपाही दीपक मिश्रा, विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

## फ्यूल भरवाने आये 18 वाहन चालको के एआरटीओ ने किये चालान



बाराबंकी। रोड़ सेफ्टी नियम को मजबूत करने के लिए परिवहन विभाग का ‖नो हेलमेट, नो फ्यूल‖ अभियान चैथे दिन भी जारी है। आमजन मे हेलमेट के उपयोग को बढ़ावा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन दल ने वाहन चालको को बिना हेलमेट से होने वाले हादसो के प्रति जागरुक किया। तो वही दर्जनो चालान भी किये। आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट फ्यूल भरवाते मिलने पर 18 वाहनो के चालान किये। तथा चालको को नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। तो वही पेट्रोप पम्प संचालको को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## नकदी और आभूषण बरामद, चार गिरफ्तार



जिला संवाददाता

बहराइच। बहराइच के थाना कोतवाली देहात अंतर्गत04 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का सामान एक अदद हार पीली धातु, एक अदद मांग टीका पीली धातु, एक अदद अंगूठी पीली धातु, एक अदद लॉकेट पीली धातु, दो अदद पावजेब सफेद धातु, दो अदद पायल सफेद धातु, सफेद धातु, दो अदद बिछिया सफेद धातु व इक्कीस हजार दो सौ रुपए नकद बरामद* 27.08.2025 को थाना को0 देहात क्षेत्र में मोहल्ला झुडिया सरस्वतीनगर मे घर मे घुसकर चोरी की घटना को कुछ अज्ञात चोरो द्वारा अंजाम दिया गया था जिसके सम्बन्ध मे वादी श्री जगराम पुत्र स्व0 बरसाती निवासी मोहल्ला झुड़िया सरस्वतीनगर थाना को0 देहात बहराइच की तहरीरी सूचना पर मु0अ0सं0- 352/25 धारा 305,331(3) भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 04.09.2025 को समय 06.05 बजे को0 देहात पुलिस द्वारा नानपारा बायपास के किनारे त्रिमुहानी तिराहे से 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर चोरी का सामान नगदी व जेवर बरामद कर घटना का सफल अनावरण किया।

# मरीजों को लूटने वाला चपरासी वार्ड से हटा

मिल्कीपुर-अयोध्या। संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के ऑर्थो विभाग अंतर्गत प्लास्टर कक्ष में धड़ले से हो रही अवेद वसूली की शिकायतों का अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने संज्ञान ले लिया है और

- चपरासी और ड्राइवर बांधते थे मरीजों को प्लास्टर
- सरकारी शुल्क के नाम पर करते थे अवैध वसूली
- चपरासी एवं ड्राइवर मरीजों की जेब पर डालते थे ढाका
- शिकायत और खबरों का सीएमएस ने लिया संज्ञान

उन्होंने पारित कार्यवाही करते हुए मरीजों से सरकारी शुल्क के नाम पर वसूली करने के आरोपी चपरासी धनंजय सिंह मिंटू को ऑर्थो विभाग से हटा दिया है। लुटेरे चपरासी को उन्होंने अस्पताल के स्टोर में तैनाती दे दी है। इसके अलावा ऑर्थो चिकित्सक डॉ प्रवीण बरनवाल के निजी ड्राइवर का अस्पताल भवन में प्रवेश वर्जित कर दिया है। यही नहीं सीएमएस ने शिकायतों का संज्ञान लेते हुए चिकित्सक डॉ प्रवीण बरनवाल को भी सख्त हिदायत दे दी है कि ओपीडी समाप्त करने के उपरांत अपनी निगरानी और देखरेख में मरीज का प्लास्टर सहित अन्य इलाज कराएं। बताते चलें कि संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के ऑर्थो चिकित्सक डॉ प्रवीण बरनवाल के साथ चपरासी के रूप में धनंजय सिंह उर्फ मिंटू की तैनाती थी, जो ओपीडी में मरीज का पर्चा जमा कर उन्हें चिकित्सक से दिखाने का काम करता था डॉ प्रवीण बरनवाल द्वारा हड्डी फ्रैक्चर मरीज का प्लास्टर हेतु सलाह देते हैं इसके उपरांत चपरासी धनंजय सिंह मिंटू एवं उनका ड्राइवर छोटू संबंधित मरीज को प्लास्टर कक्ष में ले जाते हैं और उनसे बिना निर्धारित सरकारी शुल्क की रसीद कटाए 500 से 1000 रुपए तक ऐठं लेते हैं। यह कम अस्पताल में ओपीडी



चपरासी - धनंजय सिंह मिंटू

अपराध 2:00 बजे समाप्त होने के बाद देर शाम तक चलता रहता था। बीते बुधवार को डॉक्टर के दोनों गुर्गों द्वारा अवैध वसूली को लेकर हंगामा हो गया। अस्पताल पहुंचे लोगों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा किया और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से समूचे घटनाक्रम और खुलेआम की जा रही अवैध वसूली की शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि अस्पताल के ऑर्थो चिकित्सक द्वारा कभी भी प्लास्टर के नाम पर मरीजों को हाथ तक नहीं लगाया जाता है। जिसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि जब से अस्पताल संचालित हुआ है, तब से कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जो कि आउट सोर्सिंग के माध्यम से अस्पताल में कार्यरत हैं, एक ही पटल पर जमे हैं, उनका पटल बदल दिया जाए। जिससे भ्रष्टाचार और अवैध वसूली पर अंकुश लग सकेगा। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रवि पांडे ने मरीजों की जेब पर डाका डालने वाले चपरासी धनंजय सिंह मिंटू को ऑर्थो विभाग से हटाने का आदेश दे दिया और उनके स्थान पर अस्पताल के स्टोर में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुराग सिंह को ऑर्थो विभाग में जिम्मेदारी सौंप दी है। सीएमएस डॉ रवि पांडे ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है हालांकि ऑर्थो चिकित्सक डॉ प्रवीण बरनवाल को भी कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें अपने मौजूदगी एवं निगरानी में मरीज का समुचित इलाज किए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

## कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने वित्तमंत्री का किया आभार व्यक्त




बाराबंकी। मानसून सत्र में काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने वित्त विधेयक पर चर्चा करते हुये केन्द्र सरकार से प्राकृतिक मेंथा पर भी सिन्थेटिक मेंथा की तरह 12 प्रतिशत जीएसटी की समस्याओ पर वित्तमंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमण से लाभकारी मूल्य दिये जाने तथा कठिनाइयों की समाधान प्राकृतिक मेंथा को जनहित में हतोत्साहित किये जाने को लेकर पत्र सौपा था। जिस पर वित्तमंत्री द्वारा जीएसटी काउंसिल की बैठक में प्राकृतिक मेंथा की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत एवं सिन्थेटिक मेंथा की दर 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत की सहमति प्रदान किये जाने पर किसानों हित मे ऐतिहासिक निर्णय पर काग्रेस सांसद ने वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# जिला पौधरोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा जिओ टैगिंग शत प्रतिशत नहीं की गई है वे अविलंब करा कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

- सभी विभाग शत प्रतिशत सुनिश्चित करें पौधरोपण जिओ टैगिंग: डीएम




बैठक में जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत दिए गए निदेर्शों के क्रम में कूड़े को उठाकर उसको तिरपाल से ढक कर ले जाने की कार्यवाही पर चर्चा की गई। जिस पर ईओ नगर पालिका संजय शुक्ला ने बताया कि वाहनों पर वर्तमान में कूड़ा तिरपाल से ढककर ले जाया जा रहा है। बैठक मे जिलाधिकारी ने बायो मेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण करने, जिला अस्पताल व महिला अस्पताल सहित समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण की नियमित मॉनिटरिंग, समस्त नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट ट्रांसफर स्टेशन, डम्पिंग साईट छमता एवं कार्यात्मक स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट पर बल दिये जाने, जनपद में उत्पन्न हो रहे ठोस अपशिष्ट के उपचार एवं वैज्ञानिक प्रबन्धन (वेस्ट टू कम्पोस्ट एवं वेस्ट टू एनर्जी) हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक में घाघरा नदी, गोमती नदी, कल्याणी नदी एवं रेठ नदी के घाटों को पर्यटन के रूप में विकसित करने, अंत्येष्टि स्थल निर्माण, जनपद में छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, समस्त अपजिलाधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, पीडी डीआरडीए, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 अतुल अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता



बाराबंकी। रामस्वरूप विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के शांतिपूर्ण आंदोलन पर बाहरी गुंडों द्वारा हमला, पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज व विधि पाठ्यक्रम के अवैध संचालन के विरोध मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन करते हुये मुख्यमंत्री को सम्बोधित 4 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को सौपा।

ज्ञापन मे कहा गया है कि लाठीचार्ज घटना में पुलिसकर्मियों व बाहरी गुंडों सहित सभी दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कार्यवाही करने, विधि छात्रों के वर्तमान को भ्रम में रखकर

- मुख्यमंत्री को संबोधित 4 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

भविष्य के साथ खिलवाड़ कर नवीनीकरण व अनुमति के बिना विधि पाठ्यक्रम के अवैध संचालन की समग्रता से तथ्यात्मक जांच करने, पूरी प्रक्रिया में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को दंडित कर विश्वविद्यालय को बंद किये जाने, उच्च शिक्षा परिषद सचिव द्वारा दर्ज कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर रामस्वरूप विश्वविद्यालय पर कार्यवाही आरम्भ करने, विश्वविद्यालय ने लगभग 6 बीधे सरकारी भूमि नाली, तालाब, बंजर व चकमार्ग पर अवैध कब्जे को 48 घण्टे के अंदर अविलम्ब कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की। अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी परिषद प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन हेतु बाध्य होगी। प्रदर्शन के दौरान कार्तिकेय मिश्रा, आकाश त्रिवेदी, योगेश सिंह, अभय शुक्ला, राजवीर त्रिवेदी, अस्तित्व मिश्रा ,वैष्णवी परमार, ईशा, अभय राम त्रिपाठी, कामिल, आदर्श सिंह, विशाल सिंह, शशांक गुप्ता, आशुतोष, शिव केश, शरद, अनुराग, निशांत सिंह, जिज्ञासा गुप्ता, सलामुद्दीन, पवन सोनी, अभिनव, राज, गौरव, प्रांशी, अभिषेक बाजपेई, अनुराग शुक्ला, साक्षी वर्मा, आयुष वर्मा मौजूद रहे।

## संसार में बिना त्याग के कुछ होने वाला नहीं है: आचार्य सौरभ सागर




बाराबंकी। दसलक्षण धर्म में आज का आंठवा दिन उत्तम त्याग धर्म का है। जीवन आशा हॉस्पिटल प्रणेता आचार्य श्री सौरभ सागर गुरुदेव के अनुसार इस संसार में बिना त्याग के कुछ होने वाला नहीं है। जिस प्रकार पेड़ फलों का सूरज रौशनी का त्याग करता है। आप स्वास लेकर छोड़ना बंद कर दो ऐसा नहीं हो सकता। संसार में कोई भी क्रिया करोगे तो कुछ न कुछ तो छोड़ना पड़ेगा ही। जोड़ना महत्वपूर्ण नहीं है छोड़ना महत्वपूर्ण है। सृष्टि क्रम ऐसे ही चलता है जब कोई कुछ छोड़ता है। तभी हमे कुछ मिलता है। अगर हम जिन्दा हैं तो कुछ न कुछ छोड़ रहे है तभी जीवित हैं। दान अच्छी वस्तुओं का किया जाता है जैसे धन वैभव आदि एवं त्याग बुरी चीजों का किया जाता है। जैसे पाप, कसाय, व्यसन, मान, माया, लोभ, क्रोध, भोग एवं विलास का त्याग ही उत्तम त्याग है। प्रातः काल की बेला में चैबीस तीर्थंकर भगवान का केसर मिश्रित जल से अभिषेक व शांतिधारा किया गया। णमोकार मंत्र के जाप के साथ महिलाएं प्रभु की पूजा में तल्लीन थी। सांयकालीन सभा में महिलाओ द्वारा 108 दीपकों से भगवान की महाआरती की गयी। तत्पश्चात रोली और रीना गंगवाल द्वारा तीर्थंकर हमारी शान चिन्ह से पहचान (तम्बोला) का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभागियो मे पुरस्कार वितरण किये गये। इस अवसर पर सुभाष गंगवाल, शेखु जैन, विवेक जैन धनावत, आशीष जैन, अजय जैन, कैलाश सेठी, अभिषेक जैन, संगीता बाकलीवाल, सोनल जैन, रमेश जैन तिलक, महाबीर प्रसाद धनावत मौजूद रहे।

# बहराइच में विकास की गंगा बहाने आगे आई पालिका



एस पी मिश्रा

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री एके शर्मा के संकल्प को मूर्त रूप देने में नगर पालिका परिषद बहराइच ने कमर कस ली है। अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल के प्रयासों से शहर में करोड़ों की लागत से विकास की बयार बह रही है

### गलियों से चौराहों तक नयी सड़कों का जाल

नगर पालिका को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्राप्त होते ही 5.85 करोड़ की लागत से 74 नई सड़कों का निर्माण स्वीकृत हुआ है। ‖काया-कल्प योजना‖ से विद्यालय, यात्री शेड और महाराणा प्रताप चौक से रेलवे स्टेशन तक लाइटिंग कार्य पर 1.11 करोड़ खर्च होगा।

### 200 से अधिक कार्य पूरे, टेंडरों की झड़ी

इस वर्ष अब तक 200 से ज्यादा निर्माण व मरम्मत कार्य पूरे हो चुके हैं।, स्वर्ग धाम सौंदर्यीकरण : 44.62 लाख, तिकोनी बाग‖स्वर्ग धाम मार्ग : 90 लाख, डीएम चौराहा‖गुरुद्वारा रोड : 80 लाख, पीपल चौराहा‖गुदड़ी रोड : 24.31 लाख, छोटी बाजार‖पानी टंकी मार्ग : 40 लाख

### जलभराव से निजात को नालों का निर्माण

बरसात की समस्या दूर करने के लिए नालों का निर्माण तेजी से जारी है। सरस्वती नगर : 2 करोड़, गल्ला मंडी से आउटर रोड : 1 करोड़, इसके अलावा चांदमारी, रविदास, रायपुर राजा व किला क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर नाले बनाए जा रहे हैं।

### मंदिर-घाट और पर्यटन स्थलों पर भी खास ध्यान

बेरिया मंदिर तालाब : 50 लाख, गुल्लाबीर मंदिर में वंदन योजना : 60 लाख, मरी माता मंदिर घाट : 1.68 करोड, नगर का पहला वेडिंग जोन : 35 लाख, इंदिरा स्टेडियम व अन्य स्थलों पर शौचालय निर्माण भी पूर्ण।

### सुरक्षा और स्मार्ट सिटी की ओर

17 लाख की लागत से लगे कैमरे, जल्द ही 40 लाख की लागत से पूरा नगर सीसीटीवी निगरानी में, त्यौहारों पर जुलूस मार्गों पर अस्थायी कैमरे, नगर पालिका स्मार्ट सिटी योजना में चयनित हो चुकी है। घंटाघर पार्क, स्टीलगंज पार्क सहित प्रमुख स्थलों का कायाकल्प किया जाएगा।

पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल ने कहाआप सभी के सहयोग से बहराइच बहुत जल्द विकसित और आधुनिक नगर के रूप में पहचान बनाएगा। इस अवसर पर सभासद सीताराम गुप्ता, सनी, साधना जैन, पुष्प नाथ तिवारी, सुरेश गुप्ता, हर्षित श्रीवास्तव, अजमत अली भूरी, सज्जन, विनोद श्रीवास्तव, अवधेश, वैभव जैन, पुनीत गुप्ता सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अभियुक्त को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

बराइच। वादी मुकदमा कुँवर किशोर शुक्ला द्वारा दिनाँक 30.05.2020 को थाना विशेश्वरगंज को लिखित सूचना दी गई कि उसकी बहन सविता देवी की शादी 20 वर्ष पहले ग्राम हरैय्या(डोलकुँआ) निवासी रामकुबेर पुत्र राम धोखे पाण्डेय के साथ हुई थी तथा उसके बच्चे भी थे। वादी के बहनोई रामकुबेर के अवैध सम्बन्ध के चलते जब वादी की बहन इसका विरोध करती थी तो रामकुबेर उसे जान से मारने की धमकी देता था तथा उसे मारता-पीटता था। इसी बात को लेकर दिनाँक 30.05.2020 को सुबह करीब 07.00 बजे रामकुबेर ने वादी की बहन सविता देवी को कुल्हाड़ी से मार दिया जिससे मौके पर उसकी मृत्यु हो गई।

जिसके सम्बन्ध में थाना विशेश्वरगंज में दिनांक 30.05.2020 को मु.अ.सं 132/2020 धारा 302 भा.द.वि. बनाम रामकुबेर उपरोक्त के पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त रामकुबेर के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनांक 11.06.2020 को प्रेषित कर माननीय न्यायालय द्वारा दिनाँक 05.03.2021 को आरोपों को विरचित किया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में उक्त अभियोग में माननीय न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री सतेन्द्र कुमार, सत्र न्यायाधीश बहराइच द्वारा मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, प्रभारी थाना विशेश्वरगंज, डी.जी.सी. क्रिमिनल श्री गिरीश चन्द्र शुक्ला, कोर्ट मोहर्रिर का0 सौरभ त्रिपाठी, थाना पैरोकार का0 सतीश मौर्या की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक-04.09.2025 को दोषी अभियुक्त रामकुबेर उपरोक्त को आजीवन कारावास व ?10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

अयोध्या। अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा कुमारगंज थाना क्षेत्र की बड़ी नहर के पास हुआ। तारुन थाना क्षेत्र के बालापुर गांव निवासी अनिल कुमार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से कुमारगंज अपने साडू के घर जा रहे थे।

थाना क्षेत्र के बड़ी नहर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनका 7 वर्षीय बेटा अमन बाइक से दूर जा गिरा। स्थानीय लोगों ने घायल बच्चे को सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। दूसरा हादसा कैंट थाना क्षेत्र के मऊ शिवाला के पास हुआ। यहां एक पिकअप और बुलेट मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। बुलेट पर सवार महवा थाना पूरा कलंदर निवासी 22 वर्षीय रूपम शर्मा और बिछिया थाना कैंट अयोध्या निवासी हिमांशु रावत गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने रूपम को मृत घोषित कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संक्षेप

## बगीचे में पड़ा मिला युवक का शव

चांदा, सुलतानपुर। खरीदने बाजार गया युवक घर नहीं लौटा। अगले दिन एक बगीचे में उसका शव मिला। चांदा क्षेत्र के कयामुद्दीनपुर निवासी गणेश पुत्र गंगादीन के अनुसार उनका भाई महेश पुत्र गंगादीन बुधवार की शाम कुछ सामान खरीदने के लिए बाजार गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। परिवार जन ने काफी खोजबीन की। लेकिन महेश का कुछ पता नहीं चल पाया। अगले दिन सुबह महेश का शव किन्दीपुर बाजार के समीप स्थित एक बगीचे में पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। सूचना के बाद पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मृतक महेश के भाई गणेश की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। महेश की तीन संताने हैं, जिनमें 15 वर्षीय प्रिया, 12 वर्षीय सुंदरी और लगभग 4 वर्षीय पुत्र समर है। महेश चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मातम का माहौल है।

## पुलिसिया कार्यशैली सवालों के घेरे में

अमेठी। एक ओर योगी सरकार लगातार मित्र पुलिस वा भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश दे रही है वहीं थाना क्षेत्र अमेठी में एक गंभीर आरोप पीड़िता द्वारा अमेठी थाना पुलिस पर लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता प्रिया वर्मा पुत्री रामसुख उम्र लगभग 16 वर्ष का उसी गांव की निवासिनी काजल पुत्री रामकिशोर, काजल की मां गीता देवी भाई बादल गुप्ता तथा पिता राम किशोर द्वारा 19 अगस्त 2025 को अपहरण कर लिया गया था। जिसके संबंध में पीड़िता के भाई ओम प्रकाश वर्मा द्वारा 229/25 के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था। जिसके पश्चात नाबालिग युवती बरामद हो गई। किंतु पीड़िता के भाई ओम प्रकाश द्वारा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है कि पुलिस द्वारा उसकी बहन को बदहवास स्थिति में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान देने के लिए ले गए तथा उसके साथ ही एक अन्य युवती को भी लेकर गए था। पुलिस द्वारा पीड़िता के स्थान पर अन्य युवती का बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष कराया गया। पीड़िता के भाई द्वारा उपरोक्त के संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया तो पुलिस अधीक्षक ने कहा हम इस पर कुछ नहीं कर सकते।

## टैबलेट वितरण संपन्न

बछरावां, रायबरेली। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में स्नातक, परस्नातक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं को स्मार्ट फोन एवं टैबलेट फोन प्रदान कर शिक्षा के अधुनिकी करण को बढ़ावा दे रहे है। उत्तर प्रदेश टैबलेट योजना का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने 19 अगस्त 2021 को किया था। जिस योजना से आज श्री जालपा सिंह महाविद्यालय पुनः लाभान्वित हुआ। श्री जालपा सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष रोहित प्रताप सिंह शिक्षा के क्षेत्र में नवीन पद्धति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्राओं को उत्तम एवम गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए कटिबद्ध है। जैसे शिक्षा के उन्नयन की बीच बीच में गोष्ठियां करना एवम खेल कूद की प्रतियोगिताएं करवाना आदि। जैसा कि स्मार्ट फोन वितरण समारोह में प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह ने बड़े ही सुचिता पूर्ण ढंग से कराने का काम किया।

# हॉस्पिटल की लापरवाही की भेंट चढ़ी प्रसूता

## कमीशन के चक्कर में एजेंट निजी अस्पतालों में भेज रहे मरीज



बछरावां रायबरेली। एक तरफ जहां सरकार आयुष्मान योजना के जरिए गरीबों को इलाज में राहत पहुंचाने की कोशिश कर रही है। वहीं दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को कमीशन की लालच में निजी अस्पतालों में भेजने वाला गैंग भी सक्रिय है। इससे मरीजों को जान और धन दोनों ही से हाथ धोना पड़ रहा है। मामला बछरावां के लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित आर के चैधरी हॉस्पिटल का है जहां पर प्रसूता की नॉर्मल डिलीवरी के बाद दर्दनाक मौत हो गई। अयोग्य चिकित्सकों ने एक नवजात बालिका को मां की ममता से वंचित कर दिया। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसूता निशा देवी पत्नी नारेंद्र कुमार उम्र 26 वर्ष निवासी बल्दी खेड़ा खानपुर सेंहगो जनपद रायबरेली का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां से चल रहा था। बीते 3 सितंबर को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग 11 बजे लेकर गए। वहां पर न जाने क्या बताया गया और कौन अपने लाभ के चक्कर में इनको आर के चैधरी हॉस्पिटल में लगभग 2 बजे भर्ती कर दिया। वहीं कल जिलाधिकारी का दौरा भी चल रहा था उसके बाद भी कितने हिकमती हैं एजेंट कि उनको किसी का भय नहीं है। अपने लाभ के चक्कर में आर के चैधरी हॉस्पिटल ले गए। जहां पर प्रसूता के परिजनों को ऑपरेशन करने की सलाह दी गई और खून की आवश्यकता के लिए अवगत कराया गया। परिजन उनके इंतजाम में ही लगे थे की रात्रि में प्रसव पीड़ा बढ़ने पर पता नहीं किस प्रकार लापरवाही द्वारा नॉर्मल डिलीवरी कराई गई कि डिलीवरी के उपरांत 4 सितंबर की सुबह लगभग 8:30 बजे प्रसूता की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की जानकारी परिजनों को मिलने पर प्रसूता के मायके पक्ष बलभद्र खेड़ा जोगी व ससुराल पक्ष के लोग अस्पताल आ गए। परिजनों ने काफी हंगामा काटा उसके बाद लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया लगभग एक घंटे लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग जाम रहा उसके उपरांत पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए राहगीरों को जाम से निजात दिलाई। संवाददाता ने प्रसूता के पति नारेंद्र से बात की तो उसने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पत्नी की डिलीवरी अयोग्य डॉक्टरों द्वारा कराई गई उनकी ही लापरवाही के कारण पत्नी की मौत हुई है। जब तक अस्पताल बंद नहीं होगा और प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही व दोषी अयोग्य डॉक्टर के खिलाफ नहीं की जाएगी तब तक वह लोग प्रदर्शन करते रहेंगे।

# दहेज उत्पीड़न मामले में कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ केस

जिला संवाददाता (vol)

सलोन, रायबरेली। दहेज के लिए ससुराल वालों की प्रताड़ना झेल रही एक विवाहिता को जब पुलिस से न्याय नहीं मिला तो आखिरकार उसे अदालत की शरण लेनी पड़ी। अदालत के आदेश पर बुधवार को सलोन पुलिस ने विवाहिता के पति सहित चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के पूरे धमकी मजरे मिरजहांपुर गांव का है यहां की निवासी बबली पुत्री हीरालाल ने बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उसका विवाह पूरे स्कन्दी मजरे रसूलपुर निवासी राहुल पुत्र सिरजी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था विवाह के बाद से ही दहेज में अधिक धनराशि न मिलने पर ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करने लगे। मायके से मोटरसाइकिल, सोने की चेन और तीन लाख रुपये नकद लाने का दबाव बनाते हुए वे मानसिक और शारीरिक रूप से उसे लगातार परेशान करते रहे।

**12 दिसंबर 2024 को दहेज की मांग पूरी न होने पर पति राहुल ने उसे बेरहमी से पीटा और जबरन जहर पिला दिया**

पीड़िता का आरोप है कि 12 दिसंबर 2024 को दहेज की मांग पूरी न होने पर पति राहुल ने उसे बेरहमी से पीटा और जबरन जहर पिला दिया। इस दौरान सास अनारकली, चांदनी, बबलू समेत अन्य परिजनों ने भी मारपीट की और जान से मारने की नीयत से मुंह खोलकर जहर पिलाने का प्रयास किया बेहोश होने पर ससुराल पक्ष ने पीड़िता के पिता को फोन कर सूचना दी कि उनकी बेटी ने जहर पी लिया है। इसके बाद मायके पक्ष के लोग उसे अचेत अवस्था में एम्स रायबरेली लेकर गए, जहां इलाज के बाद उसकी जान बच सकी स्वस्थ होने के बाद विवाहिता ने सलोन थाने जाकर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत की, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः विवश होकर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति राहुल, सास अनारकली और अन्य दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बरसात से गिरा किसान मकान राजस्व कर्मियों ने नहीं कीजांच




शाहगढ़, अमेठी। प्रदेश की भाजपा सरकार अपने अधिकारियों, कर्मचारियों को बरसात में गिर रहे कच्चे मकान की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजने की सख्त हिदायत दी है लेकिन अमेठी में मुख्यमंत्री का आदेश बेपरवाह साबित हो रहा है। बताते चलें कि मामला विकास खण्ड शाहगढ़ के ग्राम पंचायत नोहरेपुर का है जहां निवासी के भगीरथी का मकान विगत सप्ताह से जनपद में हो रही बरसात से चार पांच दिन पूर्व भरभराकर गिर गया। पीड़ित परिवार लगातार बरसात में किसी तरह अपना गुजर बसर कर रहा है क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। इस बारे में जब ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भागीरथी का पहले दिन आधा मकान गिर गया था लेकिन तीसरे दिन पूरा मकान गिर गया लेखपाल को दो बार सूचना दी गई लेकिन मौका देखने अभी तक नहीं आये है। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि मकान गिरने की सूचना मिली है कल तक देख लेंगे।

# संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक की पुण्यतिथि

अमेठी। बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी के संस्थापक स्व० डॉ० सुरेंद्र प्रताप सिंह की 30वीं पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर सायंकाल आयोजित दीपयज्ञ एवं श्रद्धॉजलि सभा में राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की साज-सजावट में प्रमुख भूमिका निभाने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया। साथ ही यज्ञामृतम स्मारिका की संपादक डॉ० मीनाक्षी सिंह को उनके योगदान के लिए मंत्र पट्टिका व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में देव पूजन गायत्री सिंह द्वारा संपन्न किया गया। दीप यज्ञ के दौरान 501 दीप प्रज्वलित किये तत्पश्चात गायत्री मंत्रोच्चार के साथ आहुति दी गई। माँ गायत्री की प्रतिमा के समक्ष टिमटिमाते सैकड़ों दीप व इंद्रदेव शर्मा, जगन्नाथ यादव व सच्चिदानंद तिवारी की संगीतमय प्रस्तुति से पूरा माहौल दिव्य बन गया। गायन टीम के गीत 'जय महाकाल - जय महाकाल' पर श्रोतागण जमकर झूमे। डॉ० प्रवीण सिंह दीपक ने बताया कि 1979-80 में पिताजी ने न सिर्फ.मंदिर निर्माण का संकल्प लिया बल्कि माँ गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा तक नमक, चीनी का त्याग कर दो वर्षों तक अस्वाद भोजन के व्रत का पालन किया। उस दौर में पिताजी का साथ देने के लिए कुछ बिरले लोग सामने आये, जिन्होंने पिताजी के साथ साइकिल से गाँव गाँव का भ्रमण कर जन जागरण का अभियान चलाया। डॉ0 दीपक सिंह ने उपस्थिजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 30 साल बीत गए लेकिन पिताजी की यादें अभी भी ताजी हैं। परम्पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा से समाज सुधार के लिए उनकी सोच और प्रयास ने अनेकों लोगों की जीवन दिशा ही बदल दी। उन्होंने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ की नींव से जुड़े परिजनों ने जिस समर्पण, लगन व परिश्रम के साथ योगदान दिया है वो प्रेरणादायी है। समाज की सभी समस्याओं का समाधान गुरुदेव ने दिया है उनसे जुड़कर अपने जीवन को सार्थक करना मानव जीवन का परम्सौभाग्य है।

# जनपद में 23 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी पीईटी परीक्षा

रायबरेली। पीईटी परीक्षा को जनपद में सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों पर 6 व 7 सितम्बर (शनिवार व रविवार) को दो पालियों में आयोजित करायी जायेगी। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। जिसमें सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की कुल संख्या 39552 है। परीक्षा को सकुशल, नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन किसी भी परीक्षार्थी तथा केन्द्र के टीचर आदि को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स गैजेटस मोबाईल, लेपटाप, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रानिक घड़ी ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुरूप निर्विघ्न, नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने की सभी तैयारियां प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षक, समन्वयी पर्यवेक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सहायक पर्यवेक्षक, निरीक्षण पर्यवेक्षक, परीक्षा सहायक आदि पूरी कर लें तथा दिये गये दिशा निदेर्शों व आदेशों को भली-भांति पढ़ लें। किसी भी प्रकार की यदि कोई कमी हो तो उसको समय रहते दुरूस्त करा लें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा के दौरान समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी इसके साथ ही परीक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, यातायात का सुचारू रूप से संचालन हो इसके लिए यातायात पुलिस की भी तैनाती की जाएगी। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाएगा। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार




गोसाईगंज, सुलतानपुर। बुधवार रात गश्त के दौरान गोसाईगंज पुलिस के ऊपर बदमाशों ने तमंचे से फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग के बाद पुलिस ने दो बदमाशों को दबोच लिया। जिनके पास से अवैध असलहा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपितो को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक द्रिबेश त्रिवेदी, उप निरीक्षक गुलाबचंद पाल, उप निरीक्षक इनामुल हक, हेड कांस्टेबल अयूब खान, अभिषेक सिंह, हेड कांस्टेबल विकास त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ बुधवार रात को क्षेत्र में मौजूद थे। पुलिस को सूचना मिली कि बाइक सवार बदमाश मगनगंज की ओर से इटकौली की तरफ आ रहे हैं। पुलिस ने इटकौली मगनगंज रोड पर जोली मोड़ के पास टॉर्च जलाकर बाइक सवार बदमाशों को रुकने के लिए कहा। जिस पर बाइक पर पीछे बैठे दो बदमाशों ने पुलिस पर तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली हेडकांस्टेबल विकास त्रिपाठी और कांस्टेबल रोहित सिंह से बगल से निकल गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाशों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वह हड़बड़ा कर गिर बाइक सहित गिर पड़े। पुलिस के पहुंचने तक दोनों बाइक सवार चालक मौके से फरार हो गए। वहीं बाइक पर पीछे बैठकर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान मोतिगरपुर थाना क्षेत्र दियरा निवासी दिनेश मिश्रा पुत्र राममिलन मिश्रा और मोतिगरपुर मलवा निवासी निर्भय सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से दो अवैध तमंचा, दो खाली और दो जिंदा कारतूस को बरामद किया है। दिनेश मिश्रा मोतिगरपुर थाने के हिस्ट्रीसीटर बदमाश है। निर्भय पर पांच और दिनेश पर कुल 12 आपराधिक मामले दर्ज है। मोतिगरपुर थाने में दर्ज मुकदमे में आरोपित फरार चल रहे थे।

पुलिस की पूछताछ में आरोपितो ने बताया कि भागने वाला उनका साथी कृष्ण कुमार निषाद उर्फ टाइगर व मोनू है। पुलिस ने जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर निर्भय सिंह और दिनेश मिश्रा को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायालय ने दोनों को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर हुए विविध समारोह

अमेठी। स्थानीय ब्लॉक के रामनगर में स्थित राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल (आरआरएसजीएस) में गुरुवार को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में केक कटिंग सेरेमनी का आयोजन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने समस्त शिक्षकों के साथ केक काटकर सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। छात्रा श्रेया राजपूत, अनंत सिंह, रितांशु सिंह ने शिक्षकों के ऊपर कविता प्रस्तुत की। छात्र आदर्श, कशिका ने भाषण प्रस्तुत किया। छात्राओं अनुश्री, सौम्या, श्री बुंदेला और आराध्या आदि ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को बांटे गये स्मार्टफोन-टैबलेट



चांदा, सुलतानपुर। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद-अयोध्या से सम्बद्ध स्वामी विवेकानंद एस.एस. पी.जी.कॉलेज, गोपालपुर मधैया लम्भुआ में गुरुवार को सरकार की योजना से संचालित स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक प्रेम नाथ शुक्ला ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट का सही दिशा में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि डिजिटल साधनों का समुचित प्रयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को आसान बनाता है। इस अवसर पर बी.ए .बी.एस.सी.बी.एड. सहित विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। कुल 568 पंजीकृत विद्यार्थियों में से लगभग 444 छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर स्मार्टफोन एवं टैबलेट प्राप्त किए। पाने वालों में तनु शुक्ला, रागिनी तिवारी, पंकज वर्मा, अमित कुमार निषाद, अंकित मिश्रा, दीपक गुप्ता, नैंसी, प्रिया तिवारी, सचिन यादव, सौरभ दुबे, शुभम पांडेय, कोमल सिंह आदि छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय, नोडल अधिकारी डॉ. सभाजीत यादव, डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. नंद कुमार शर्मा, डॉ. अच्छे लाल यादव, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ.नवनीत यादव, श्रीमती कुसुम पाठक, रेनू यादव, पुष्पावती यादव, विनय पांडेय, रुद्र मिश्रा, सूरज सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# किशोर ने शारदा नहर में लगायी छलांग, दूसरे दिन शव बरामद

जिला संवाददाता (vol)

बछरावा, रायबरेली। अज्ञात कारणों से बीते बुधवार को 17 वर्षीय एक किशोर ने शारदा नहर में छलांग लगाई जिसकी तलाश लगातार पुलिस के द्वारा की जा रही थी। दूसरे दिन बाद किशोर का सब घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद हुआ। इस दर्दनाक घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की शाम देवपुरी के पास स्थित शारदा नहर में एक 17 वर्षीय किशोर ने मोबाइल पर बात करते हुए छलांग लगाई। नहर में छलांग लगाने की सूचना जानवर चरा रहे लोगों के द्वारा परिजनों दी गई। परिजनों के मुताबिक किशोर विजय शुक्ला पुत्र स्वर्गीय सुशील कुमार शुक्ला उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी कायस्थन टोला, नगर पंचायत बछरावां बुधवार शाम को कपड़े आदि पहनकर तैयार होकर घर से निकला था। मामले की जानकारी पुलिस को होते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गया और किशोर की तलाश की जाने लगी। देर रात्रि तक किशोर की तलाश जारी रही। बृहस्पतिवार सुबह से ही किशोर की तलाश की जा रही है। पुलिस के द्वारा नहर के बहाव को कम कराया गया है। लगातार खोजबीन के पश्चात घटना के दूसरे दिन शाम को किशोर का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद हुआ। पुलिस व परिवारी जनों की सहमति पर शव का पोस्टमार्टम करने के इनकार के पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा कर पारिवारिक जनों को सौंप दिया है। इस भीषण हादसे से परिवारी जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# नाचे-गाते कांवरियों का दल हुआ रवाना भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात



तिलोई, अमेठी। गंगाघाट डलमऊ से जल भरकर हजारों कांवरियों का काफिला सेमरौता पहुंचा। भक्तिमय गीतों पर कांवरियां थिरकते नजर आ रहे हैं। कांवरियों की सुरक्षा में भारी संख्या में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ डटा रहा। जनपद की सीमा पर भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। डलमऊ गंगा घाट से जल भरकर अनंत चतुर्दशी को हैदरगढ़ के औसानेश्वर धाम पर जलाभिषेक के लिए चले भक्तों का जत्था गुरुवार शाम कस्बा सेमरौता पहुंचा जहां भोले के भक्तों का कस्बा वासियों ने जोरदार स्वागत किया। वही हनुमानगंज चौराहे पर शिव रिसॉर्ट अहोरवा भवानी के मालिक अभिषेक अग्निहोत्री ने कावंरिया संघ के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कस्बा सेमरौता के रामगंज चौराहे पर समाजसेवी आशीष मिश्रा और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिनेश जायसवाल के नेतृत्व में तिलोई प्रेस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र मिश्र, प्रमोद वर्मा ने भोलेनाथ के भक्तों का अभूतपूर्व स्वागत किया और दो घंटे से अधिक समय तक क्षेत्र बोल बम के उद्घोष गुंजायमान रहा। इस मौके पर डब्बू शुक्ला, अरुण मिश्र, रत्नाकर पांडेय, राजेश पांडेय, भोलू अवस्थी, परमानन्द मिश्र, नीतम पाठक, दीपू शुक्ला अवनीश तिवारी हिमांशु अवस्थी राहुल गुप्ता भानू पंडित कल्लू वैशय सीमू सोनी राकेश साहू बद्री विशाल शिवम तिवारी, संदीप यादव, कौशलेंद्र सिंह, अनिल पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राजापुर-कोटा संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील



सुलतानपुर। कुड़वार विकास खण्ड के राजापुर से कोटा संपर्क मार्ग की हालत बहुत ही जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बने गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन बच्चे और बुजुर्ग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। विनायकपुर निवासी डॉ अनन्त प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि सड़क पर गड्ढों की वजह से आना-जाना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों को होती है, जो रोज साइकिल से आते-जाते हैं। इस रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिला मंत्री भाजपा प्रदीप शुक्ला ने बताया कि मार्ग में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश में इन गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे राहगीरों को गड्ढे का अंदाजा नहीं होता और लोग गिरकर घायल हो जाते हैं। छेत्र के मनीष तिवारी, पवन तिवारी, सुनील तिवारी, राजकुमार तिवारी, शेरू सिंह, राजू गुप्ता, प्रिंस सहित दर्जनों लोगों ने उच्च अधिकारियों से सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह मुद्दा आगामी चुनाव में जोर पकड़ सकता है।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया शिक्षक दिवस

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षक दिवस पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस पर मदर टेरेसा की सेवाओं को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। छात्रा अपर्णा ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए गीत प्रस्तुत किया, छात्र आदर्श ने डॉ राधाकृष्णन के प्रतिरूप में सभी का मन मोह लिया, साथ ही विद्यार्थियों ने शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन के पदों पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया। छात्र रिशांक पाल ने बताया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षकों को सम्मान देने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षकों द्वारा हमें ज्ञान प्रदान करने और हमारे मूल्य निर्धारण में उनका योगदान हमारे भविष्य को आकार देता है, हम सभी अपने शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त करते हैं।



प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए पूर्ण समर्पित होते है और वह उनके भविष्य के निमार्ता होते है, विद्यार्थियों की सफलता और भविष्य में नित नई ऊंचाइयों की प्राप्ति ही एक शिक्षक की असली गुरु दक्षिणा है। श्री प्रजापति ने विद्यार्थियों से सन्मार्ग पर चलते हुए बेहतर भविष्य निर्माण की अपील की, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार मदर टेरेसा ने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर दिया।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अजय राज सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मनायी गयी सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में विवेकानंद हाउस के सौजन्य से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के उपलक्ष में पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्कूल की छात्राओं ने राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। कुछ स्टूडेंट्स ने स्वरचित उपहार भेंटकर अपने गुरुजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि अपने ही देश में नहीं विश्व के कुछ अन्य देशों में भी शिक्षकों को विशेष सम्मान देने के लिए शिक्षक दिवस आयोजित किया जाता है। हमारे देश में 5 सितंबर को प्रतिवर्ष प्रसिद्ध दार्शनिक, विद्वान, शिक्षक डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। आज के दिन स्कूल के बच्चों ने ही शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका का निर्वहन करते हुए कक्षाओं में शिक्षण कार्य किया।

# इग्नू के कोर्सों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितंबर

सुल्तानपुर। कमला नेहरू संस्थान मे इग्नू के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों मे प्रवेश की तिथि बढाई गई। प्रवेश तिथि को सर्टिफिकेट प्रोग्राम को छोड़कर अब 15 सितम्बर तक छात्र हित मे बढा दिया गया है। यह जानकारी केएनआई इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. शक्ति सिंह नें दी है। इन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी या कोई व्यक्ति इग्नू के अंतर्गत एम.ए, बी.ए. बी.कॉम एम.कॉम. बी.लिब बी.बी.ए. व एम.बी.ए. के पाठ्यक्रमों मे प्रवेश ले सकता है। वहीं हॉर्टिकल्चर डेयरी टेक्नोलॉजी व रूरल डेवलपमेन्ट जैसे डिप्लोमा कोर्सों प्रवेश जारी है। डॉ शक्ति सिंह ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान मे इग्नू अध्ययन केन्द्र के अधीन लगभग 65 रोजगारपरक कार्यक्रम संचालित है जिसमे छात्र प्रवेश लेकर अपने भविष्य को सवांर सकते हैं। इग्नू के समन्वयक ने बताया कि दूर-दराज इलाकों के नवयुवकों के कौशल विकास के लिए इग्नू एक सुनहरा अवसर है। नौकरी-पेसा वाले या अध्ययन से वंचित लोग भी इग्नू का लाभ उठा सकते हैं। प्रवेश के लिए आयु सीमा की कोई बाध्यता नही है। इससे संबंधित अधिक जानकारी के लिए के.एन.आई. स्थिति इग्नू कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से इग्नू वेबसाइट पर जाकर भी लिया जा सकता है। साथ ही साथ रेगुलर कोर्स के साथ भी कैरियर विकल्प के रूप में इन कोर्सों में प्रवेश लेकर अध्ययन किया जा सकता है।

संक्षेप

## रिवॉल्वर के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध देशी रिवॉल्वर व जिन्दा कारतूस सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र देशराज सिंह निवासी रशीदपुर कनेटा थाना मटसेना फिरोजाबाद को एक अवैध देशी रिवॉल्वर तथा एक जिन्दा कारतूस के साथ बिजली घर सर्विस रोड मोढा थाना रसूलपुर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## परिवार के लिए आफत बनी बारिश, मासूम की मौत

**आगरा।** बुधवार को बारिश आफत बनकर बरसी। एक घंटे की मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सड़कों पर जलभराव होने के साथ दुकानों और घरों में पानी घुस गया। उफनाए नाले में मासूम बह गया। आगरा में एक घंटे की बारिश बुधवार दोपहर को आफत बनकर बरसी। जलभराव से सड़कों पर घंटों जाम रहा। गली-मुहल्ले, पॉश कॉलोनियों और बाजारों में दुकानों में पानी भर गया। रुनकता में 15 महीने का बालक शिव उफनाए नाले में बह गया। जब तक उसे निकाला गया, तब तक बच्चे की मौत हो गई।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस 8 को

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन सं 01-परीक्षा/2025, द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा का आयोजन 06 सितम्बर 2025 (माह का प्रथम शनिवार) व 07 सितम्बर 2025 को प्रत्येक दिवस दो पाली प्रथम पाली पूर्वाह 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया है कि शासन द्वारा ह्लसम्पूर्ण समाधान दिवसह्ल प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसील मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किये जाने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गये हैं। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के आयोजन के दृष्टिगत 6 सितम्बर 2025 (माह के प्रथम शनिवार) को आयोजित होने वाला ह्लसम्पूर्ण समाधान दिवसह्ल अब 8 सितम्बर 2025 (सोमवार) को आयोजित किया जायेगा।

## 108 एंबुलेंस बनी जीवन रक्षक

जौनपुर। चंदवक बाजार का एक युवक राज दुबे प्रवेश दुबे गणेश जी की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान चंदवक बाजार डोभी में खौलते हुए तेल में गिर जाने के कारण युवक थर्ड डिग्री बर्न की घटना सामने आई । युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया । घायल के परिजन बहुत ज्यादा चिंतित थे की सूचना होने पर जिला प्रभारी मनीष सिंह के द्वारा तत्काल स्तर पर 108 की एंबुलेंस की व्यवस्था कराकर मरीज को सुचारू उपचार देते हुए जिला अस्पताल पर एडमिट कराया गया सरकारी 108 एंबुलेंस की सुविधा मिलने पर और घायल को सही सलामत जिला अस्पताल ले जाने के लिए परिजनों ने एंबुलेंस कर्मी शशि प्रताप और दिनेश यादव की सराहना की एवं आभार प्रकट किया ।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के छात्रों को दिया गया प्रशिक्षण



सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के सैन्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पाण्डेय के द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों को हमेशा घटना दुर्घटना व आपदा से बचाव के तरीके बताए गये । डा. विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि आकस्मिक घटनाओं के प्रभाव से निकलने के लिए एक तरफ गांव व कस्बों मे सुरक्षा मानक के अनुरूप आवश्यक साजोसामान रहना चाहिए वहीं युवाओं को इनको प्रयोग मे लाने के लिए प्रशिक्षित भी होना चाहिए। आयोजित कार्यक्रम मे छात्रो को सुरक्षा उपकरणों बारे में जानकारी दी गई । साथ ही साथ विद्यार्थी रस्सियों से सीढ़ी बनाने, नदी पार करने, सड़क बनाने के तरीकों के साथ साथ लाइफ जैकेट को उपयोग करने के गुण को सीखे। डॉ पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि आपातकालीन स्थिति में व्यक्तिगत के साथ साथ राष्ट्र की सुरक्षा हेतु तैयार रखना सभी भारत वासी का नैतिक कर्तव्य है। प्रशिक्षण में अमन कुमार अभय कुमार सोनी पलक पाण्डेय प्रांजल व प्रिंश सहित अनेको छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## शिक्षक दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

**सुलतानपुर।** फोर्ट एजुकेशन स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक इम्तियाज सुभानी ने की। विद्यालय की प्रधानाचार्या आरती शुक्ला ने शिक्षकों और छात्रों को शिक्षक दिवस की बधाई दी और शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में रेखा, कैफ, प्रियंका, विशाल, समा परवीन, समरीन, सानिया, रोशनी आदि उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षिका रेखा और प्रियंका द्वारा तैयार की गई, जिसे सभी ने खूब सराहा। छात्रों ने कविता, गीत, भाषण आदि प्रस्तुति किया और अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ता पवन शर्मा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति थे।

## डीएम-एसएसपी ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को लेकर दिये दिशा निर्देश

**फिरोजाबाद।** जनपद में 6 और 7 सितंबर को होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को सकुशल और संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सभी स्टैटिक, सेक्टर केंद्र अधीक्षक और केंद्र प्रभारियों को महत्वपूर्ण निर्देश निर्गत किए, उन्होंने कहा कि जनपद में इस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जो शिकोहाबाद और फिरोजाबाद में स्थित है, सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र अधीक्षक व केंद्र प्रभारी प्रातः 6 बजे तक अपने-अपने केंद्रों पर अवश्य पहुंच जाए, सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र अधीक्षक यह सुनिश्चित करें, कि सभी सी0सी0टी0वी0 सुचारू रूप से क्रियाशील हो रहे हैं, इसके अलावा आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्तियों स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्र अधीक्षक समन्वय, पर्यवेक्षक व केंद्र प्रभारियों को छोड़कर परीक्षा कार्य में लगे समस्त स्टाफ के मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को अनिवार्यतः जमा कर लिए जाएं, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए, कि किसी भी दशा में कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा कक्ष में न ले जाने पाए, सभी परीक्षा में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठापूर्वक करेंगे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि इस दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, सभी पुलिसकर्मी आस-पास के ढ़ाबों को अवश्य जांच लें, जिससे आस-पास के असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके, परीक्षा के दौरान बिजली एवं पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से रहे, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए केंद्र से कुछ दूरी पर बैठने की व्यवस्था की जाए, इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कहा कि इस परीक्षा को लेकर सभी पुलिस बल पूरी सतर्कता बरतें इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए, इस दौरान सोशल मीडिया पर भी पूरी निगरानी रखी जाए, जिससे कोई व्यक्ति इस परीक्षा के संबंध में कोई अफवाह न फैला सके, साथ ही वरिष्ठ पुलिस से अधीक्षक ने इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों को चुस्त और मुस्तैद रहने की सलाह दी, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशु राजा एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता के साथ सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

## शिकोहाबाद रेलवे पर महानंदा एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी



**फिरोजाबाद।** दिल्ली से अलीपुर द्वार तक चलने वाली महानंदा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15483/15484 के शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति के बाद उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ मंडल संचालन प्रबंधक कोचिंग द्वारा दिनांक 4 सितंबर 2025 को ठहराव के आदेश जारी कर दिए हैं। और इस गाड़ी का ठहराव 7 सितंबर 2025 से दिल्ली से जाते समय तथा 8 सितंबर 2025 से अलीपुर द्वार से दिल्ली आते समय प्रारंभ हो जाएगा दिल्ली से चलकर सुबह शिकोहाबाद स्टेशन पर यह ट्रेन सुबह 11:38 पर पहुंचेगी तथा वापसी में ट्रेन सायंकाल 3:38 पर पहुंचेगी और 2 मिनट ठहराव के बाद प्रस्थान करेगी क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि उन्होंने 25 जून 2025 को प्रयागराज में आयोजित जोनल रेलवे मीटिंग में शिकोहाबाद एवं फिरोजाबाद रेलवे स्टेशनों पर करोना से पूर्व रुकने वाली ट्रेनों का जो ठहराव बंद कर दिया है, उसे पुनः ठहराव दिए जाने की मांग जोर-जोर से रखी थी तथा लंबे समय से रेल मंत्रालय में पत्र के माध्यम से भी मांग रख रहे थे। उन्होंने कहा कि शेष गाड़ियों का ठहराव फिरोजाबाद एवं शिकोहाबाद रेलवे स्टेशनों पर कराए जाने हेतु प्रयास किया जाएगा। श्री गौतम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## यू-डायस प्लस पोर्टल पर लापरवाही पर स्कूलों को कारण बताओ नोटिस

**फिरोजाबाद।** शासन एवं विभागीय स्तर से निरन्तर यू-डायस प्लस पोर्टल पर स्कूल प्रोफाईल शिक्षक प्रोफाईल एवं छात्र प्रोफाईल भरने हेतु पोर्टल को दिनांक 24 जून 2025 से खोला जा चुका है। किन्तु दिनांक 04 सितम्बर 2025 को किये गये अनुश्रवण से संज्ञानित हुआ है कि विद्यालयों को बार-बार निर्देशित करने के उपरान्त भी एक भी छात्र को वर्ष 2025-26 में आगामी कक्षा में कक्षोन्नत तक नहीं किया गया है। सम्बन्धित विद्यालय के प्र०अ० प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए कार्य पूर्ण कराने के निदेर्शों के साथ-साथ दिनांक 09 सितम्बर 2025 को कार्यालय में अपरान्ह 04.00 बजे उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 09 सितम्बर 2025 तक कार्य पूर्ण न करने स्वयं उपस्थित होकर वस्तुस्थिति से अवगत न कराने पर सम्बन्धित विद्यालयों के द्वारा विभागीय निदेर्शों की अवहेलना किये जाने के दृष्टिगत उनकी मान्यता प्रत्याहरण करने विद्यालय को तहसील स्तरीय समिति के माध्यम से सीज कराने अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त करते हुए सम्बन्धित बोर्ड को सूचित करने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। जिस हेतु विद्यालय प्रबन्धतंत्र स्वयं उत्तरदायी होगें।

# चश्मे ने कर दिया धर्मांतरण गिरोह को बेनकाब

आगरा। शाहगंज पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी और तीन महिलाओं सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपी प्रार्थनासभा में लोगों को बहाने से बुलाते थे। गैंग के पदार्फाश के बाद अब चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। केदार नगर में हिंदू से ईसाई धर्मांतरण कराने वाले आठ लोगों की गिरफ्तारी में क्षेत्र के रहने वाले घनश्याम हेमलानी ने अहम भूमिका निभाई। आरोपी राजकुमार लालवानी ने उनका भी धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया था। इस पर उन्हें लगा कि इस तरह से सैकड़ों परिवार को शिकार बनाया जा रहा है। इसलिए उन्होंने सनातन धर्म को बचाने के लिए जासूस की तरह काम किया। दिल्ली से कैमरे वाला चश्मा खरीदकर लाए। बिना मोबाइल के प्रार्थना सभा में गए। चश्मे में लगे कैमरे से रिकॉर्डिंग कर पुलिस के पास तक पहुंचा दी। इससे सारा सच सामने आ गया। घनश्याम हेमलानी ने बताया 8 मई को कुछ महिलाएं उनकी पत्नी को बहलाकर कीर्तन में बीमारी दूर करने के बहाने से ले गईं। वहां उनके हाथ से कलावा काट दिया। कहा कि घर से देवी देवताओं की प्रतिमा भी फेंक दो। तभी बेटी की शादी और मकान मिल पाएगा। उन्होंने घर आकर पति को सारी बात बताई। इस पर वह 6 जुलाई को अपने साथ शाहगंज निवासी समाजसेवी सुनील कर्मचंदानी को इलाज के लिए लेकर गए। वहां दोनों के हाथ के कलावा और टीका हटा दिया। अंदर मोबाइल ले जाने से मना कर दिया। आरोपियों ने जल्द बीमारी दूर करने का आश्वासन दिया।सभा में मोबाइल लेकर जाने की इजाजत नहीं थी। 13 जुलाई को वह कमर में मोबाइल छिपाकर ले गए। कीर्तन के बाद मौन करने के दौरान थोड़ा सा वीडियो बना लिया। डर से मोबाइल अंदर रख लिया। उन्हें डर था कि आरोपियों ने पकड़ लिया तो जाने से मार देंगे। बाद में सनातन धर्म को बचाने की ठानी। दिल्ली से कैमरे वाला चश्मा लेकर आ गए। कीर्तन में उससे आरोपियों की सारी गतिविधियों के वीडियो बना लिए। पुलिस को सौंप दिए। उन्होंने सुनील कर्मचंदानी के माध्यम से साक्ष्य पुलिस आयुक्त को दिखाए। तब पूरे प्रकरण का खुलासा हो गया। आगरा में शाहगंज पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी और तीन महिलाओं सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपी प्रार्थनासभा में लोगों को बहाने से बुलाते थे। ईसाई धर्म अपनाने पर बीमारी और गरीबी दूर करने का झांसा देते थे। घर से देवी-देवताओं की मूर्तियां हटाने का दबाव डालते थे। हाथों से कलावे कटवा देते थे। तिलक लगाने से रोक देते थे। मुख्य आरोपी भी चार साल पहले हिंदू से ईसाई बना था। इसके बाद अन्य लोगों का धर्म परिवर्तन कराने लगा। उसके संपर्क में कई और लोग हैं। उनके बारे में पुलिस पड़ताल में लगी है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि इस मामले में केदार नगर निवासी घनश्याम हेमलानी ने पुलिस से शिकायत की थी। बताया कि उसे राजकुमार ने दो से तीन बार अपने घर बुलाया। इस दौरान हाथ में बंधा कलावा खुलवा दिया। तिलक हटवा दिया। घर से मूर्ति हटाने के लिए कहा। इस पर उन्हें शक हो गया। घनश्याम की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी राजकुमार लालवानी चार साल पहले उल्लहास नगर, महाराष्ट्र गया था। यहां पर हिंदू से ईसाई बन गया। अपने घर आने के बाद धर्म परिवर्तन कराने लगा। लोगों को विश्वास में लेकर बीमारी ठीक करने के नाम पर यीशु का स्मरण कराता था। इसके बाद बाइबल पढ़ने को कहता था। इसी के नाम पर पैसा भी लेता था। बच्चों की अच्छी पढ़ाई व किसी क्रिश्चियन मिशनरी में नौकरी दिलाने की बात करता था। इससे लोग झांसे में आ जाते थे। पुलिस के मुताबिक, हिंदू से ईसाई बनने वालों को कभी भी कलावा नहीं पहनने दिया जाता था। तिलक भी नहीं लगाने देते थे। हर सभा में कलावा काटने और तिलक मिटाने की बात कहते थे। धर्म परिवर्तन करने वाले घर में मूर्ति नहीं रखते थे। इसके लिए मना कर दिया जाता था। जो लोग कीर्तन सभा में मांस खाकर खून पीते हैं, वह ईसाई बन जाते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें किसी तरह का प्रमाणपत्र नहीं दिया जाता था। कई बार लोगों के कष्ट दूर करने के नाम पर रकम भी ली जाती थी। इससे जो फायदा होता था, उसे आरोपी आपस में बांट लिया करते थे। धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार आरोपी राजकुमार यूं ही धर्मांतरण नहीं करा रहा था। कई लोग रुपयों के लिए उसका साथ दे रहे थे। यह सभी अन्य लोगों को सभा में आने के लिए तैयार करते थे। गूगल मीट के माध्यम प्रार्थनासभा में जोड़ते थे। यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड करके ईसाई धर्म का प्रचार किया करते थे। सभा में कई शहरों के साथ ही स्पेन और दुबई के लोग भी जुड़ जाते थे। पुलिस ने आरोपी राजकुमार के पास से डायरी और रजिस्टर बरामद किए हैं। इनमें कई लोगों के नाम और नंबर की जानकारी मिली है। उसकी पड़ताल की जा रही है। डीसीपी सिटी ने बताया कि राजकुमार का साथ अनूप कुमार (पंचशील कालोनी, दौरेठा), जयकुमार (राधे हाईट्स, शास्त्रीपुरम), अरुण कुमार (बारह खंबा, सराय ख्वाजा) और कमल कुंडलानी (राहुल ग्रीन, दयालबाग) और आरोपी तीन महिलाएं दिया करती थीं। सभी लोग अलग-अलग इलाके में जाते थे। गरीब और कम पढ़े लिखे लोगों से कहते थे कि एक बार सभा में आओगे तो बहुत लाभ होगा। सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। कीर्तन से आत्मा को शांति मिलेगी। रविवार को कोई व्यक्ति सभा में आ जाता था तो उसे हिंदू धर्म की मान्यताओं को नहीं मानने के लिए कहा जाता था। खाने में मीट भी परोसा जाता था।

## छात्रा से फर्जी नाम से दोस्ती कर युवक ने दुष्कर्म किया, आरोपी शमीम खान निकला

**आगरा।** छात्रा से फर्जी नाम से दोस्ती कर युवक ने दुष्कर्म किया। मोबाइल कॉल से असली नाम और शादीशुदा होने का राज खुल गया। पुलिस ने आरोपी शमीम खान को गिरफ्तार कर लिया। विशेष समुदाय के एक युवक ने छात्रा से नाम बदलकर दोस्ती की, दुष्कर्म किया। विरोध पर ब्लैकमेल कर अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी थाना मलपुरा क्षेत्र के तनु विहार निवासी शमीम खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शाहगंज थाना क्षेत्र की निवासी पीड़िता बीए की छात्रा है। कुछ दिन पहले संजय नाम के एक युवक ने उससे दोस्ती कर ली। होटल में मिलने के बहाने दुष्कर्म किया। इसी दौरान उसे प्यास लगी तो वह जल्दबाजी में पानी की बोतल लेने चला गया। मोबाइल वहीं रह गया। तब उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। पीड़िता ने कॉल रिसीव कर लिया। दूसरी ओर से बोलने वाले युवक ने उसे शमीम के नाम से पुकारा। तब पता चला कि आरोपी विशेष समुदाय का है। वह शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। विरोध पर अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा था। पुलिस ने केस दर्ज कर टाटा गेट के पास से आरोपी शमीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# नकली दवा मामले में ए राजा की फैक्ट्री से जुड़े तार

**आगरा।** नकली दवा सिंडिकेट को पुडुचेरी से संचालित कर रहे दवा माफिया ए राजा की मीनाक्षी फार्मा पर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और पुडुचेरी के औषधि नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। टीम ने पुडुचेरी की मेट्टुपालयम स्थित बंद फैक्ट्री से दो करोड़ की दवाएं और उपकरण जब्त किए हैं। पुडुचेरी के दवा माफिया ए राजा की कई फैक्ट्री संचालित हैं, इन फैक्ट्री और फर्म का स्थानीय औषधि विभाग और एसटीएफ की टीम भी पता लगाने में जुटी है। औषधि विभाग और एसटीएफ की टीम ने 22 से 31 अगस्त तक मां मेडिको, श्री राधे मेडिकल एजेंसी, बंसल मेडिकल एजेंसी, एमएसवी मेडि प्वाइंट और ताज मेडिको पर छापा मारा था। इन फर्म से नकली दवाएं जब्त की गईं थी, ये दवाएं पुडुचेरी के दवा माफिया ए राजा की फर्म मीनाक्षी फार्मा और श्री अमान फार्मा द्वारा सप्लाई की गईं थी। 10 लाख के बिल पर 80 लाख की दवाएं पुडुचेरी से चेन्नई होते हुए आगरा ट्रेन से सप्लाई की जा रहीं थी, यहां से इन दवाओं को लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ के साथ ही दिल्ली, बिहार सहित 12 राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था। सहायक औषधि आयुक्त अतुल उपाध्याय ने बताया कि सीडीएसओ और पुडुचेरी के औषधि नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार और बुधवार को मेट्टुपालयम के औद्योगिक क्षेत्र स्थित मीनाक्षी फार्मा पर छापा मारा। फर्म के साथ ही फैक्ट्री भी संचालित हो रही थी और कई महीने से बंद थी, टीम ने फैक्ट्री से खाली कैप्सूल, टैबलेट और पैकिंग सामग्री जब्त की हैं। मल्टी विटामिन के कैप्सूल भी मिले हैं। कैप्सूल पर वीरनपेट्टई, पुडुचेरी और चेन्नई की फर्म का नाम दर्ज मिला है, जबकि टैबलेट, एल्युमीनियम फाइल और कार्टन बाक्स जैसी पैकेजिंग सामग्री के साथ, विल्लुपुरम की कंपनी का नाम दर्ज मिला लेकिन ये फैक्ट्री भी बंद हैं। उधर, औषधि विभाग और एसटीएफ की टीम द्वारा की जा रही जांच में सामने आया है कि पुडुचेरी में ए राजा की कई फैक्ट्री हैं, हर छह महीने से एक वर्ष में फैक्ट्री का स्थान बदल देता है। नेटवर्क इतना मजबूत है कि छापा पड़ने से पहले उसे जानकारी मिल जाती है इसलिए उसे अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। पुडुचेरी में हुई कार्रवाई को स्थानीय टीम छापे के नाम पर खानापूर्ति मान रही है जबकि स्थानीय औषधि विभाग की टीम ने ए राजा को वाट्स एप पर बंसल मेडिकल एजेंसी के संचालक संजय बंसल के भतीजे सोहित बंसल द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष से आडर दिए जा रहे थे और 10 करोड़ की दवाएं बिल से मंगाने के सुबूत भी मिले थे। औषधि विभाग की टीम ने हे मां मेडिको मोती कटरा से 23 अगस्त को 2 .20 करोड़ की नकली ऐलेग्रा और रोसुवास टैबलेट जब्त की थीं।

- पुडुचेरी की बंद फैक्ट्री पर छापा सीडीएससीओ ने पकड़ीं दो करोड़ की दवाएं

## डायलिसिस असिस्टेंट पैसे लेकर बना रहा सेना और पुलिस भर्ती के लिए युवाओं के मेडिकल

**आगरा।** सेना और पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं का मेडिकल करने और कमी मिलने पर आपरेशन कर उसे ठीक करने का दावा कर संचालित हो रहे एसएस चाहर प्री मेडिकल सेंटर, रोहता पर स्वाथ्य विभाग की टीम ने छापा मारा। यहां कई राज्यों के युवा मिले जो सेना और पुलिस भर्ती में शामिल हुए थे। कान के पर्दे में कमी सहित अन्य कमियों के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर डायलिसिस असिस्टेंट आपरेशन करता था, दो दिन तक जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तहरीर दी है। सीएमओ डा. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि रोहता में एसएस चाहर प्री मेडिकल सेंटर, रोहता में सेना और पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं के मेडिकल करने की शिकायत मिली थी, एसीएमओ डा. सुशील कुमार ने सोमवार को सेंटर पर छापा मारा। सेंटर पर एटा, हाथरस, मैनपुरी के साथ ही हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित कई राज्यों के 40 से 50 युवा और उनके स्वजन मिले। सेंटर में आंखों की रोशनी की जांच, कान के पर्दे की जांच के उपकरण और आपरेशन थिएटर भी संचालित मिला। सेंटर पर कोई डाक्टर नहीं था, संचालक सोहन सिंह अपने साथी अंकुश कुमार, रजत कुमार के साथ सेंटर संचालित कर रहा था, संचालक कोई पंजीकरण भी नहीं दिखा सके। पूछताछ में खुद को डायलिसिस असिस्टेंट बताया। इनके द्वारा सेना और पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले और सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं का आंखों की रोशनी, कान के पर्दे सहित अन्य जांच कर मेडिकल करने और कमी मिलने पर दवा और आपरेशन से इलाज करने के नाम पर 200 से 1500 रुपये वसूले जा रहे थे। सेंटर से एक रजिस्ट्रर भी मिला, जिसमें बड़ी संख्या में मेडिकल कराने वालों के नाम लिखे हुए थे। युवाओं से लाखों रुपये की वसूली की जा चुकी है।

## सुदिती ग्लोबल अकैडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



**टूंडला।** फिरोजाबाद रोड़ स्थित सुदिती ग्लोबल अकैडमी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका का निर्वाह करते हुए शिक्षण कार्य कराया एवं कविता, नृत्य और नाट्य मंचन प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों को स्मृति चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमल कौशिक ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## पीडीए जनपंचायत पखवाड़ा के तहत सपा की बैठक संपन्न

लालगंज, मीरजापुर। 395 छानवे विधानसभा की एक बैठक पीडीए जनपंचायत पखवाड़ा के तहत पार्टी कार्यालय लालगंज में वृहस्पतिवार को सम्पन्न हुई। बैठक के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के कर्मठ, जुझारू एवं संघर्षशील गंगहराकलां निवासी अवनींद्र कुमार दुबे (लल्लू) को सपा पार्टी के प्रति वफादारी और मेहनत को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अनुमति पर छानवे विधानसभा कार्यालय लालगंज में विधानसभा अध्यक्ष सोकीम अहमद झल्लू ने ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपा। साथ ही विधानसभा उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार कोल, विधानसभा सचिव दीलिप शर्मा, जोनल सेक्टर प्रभारी का छांगुर मौर्या को बनाए जाने पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने खुशी जताया। पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर हम लोगों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस जिम्मेदारी को पूरी इमानदारी से निर्वाह करूंगा और समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोकीम अहमद झल्लू व संचालन महासचिव हरिशंकर यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कीर्ति कोल, जुम्मन खां, सियाराम जैसल, सुभाष पासी, रवि उपाध्याय, राजू यादव, सुशील सिंह, छानवे ब्लाक अध्यक्ष संग्राम बिंद, व हलिया ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद लाल यादव व लालगंज ब्लाक अध्यक्ष अवनींद्र कुमार दुबे लल्लू, अमृतलाल यादव, छांगुर मौर्या, शकील अहमद, सुरेंद्रदेव त्रिपाठी, अशोक मिश्रा, बब्बू चमार, सोनू सिंह, ब्रह्म बली, राजेंद्र मौर्य, रामजतन यादव, ओम प्रकाश यादव, हरिशंकर पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सिटी मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन राम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नवीन जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल भी मौजूद रहे, डीएम ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों से वार्ता भी की और उनको दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के विषय में भी जाना, डीएम ने जिला अस्पताल में व्याप्त व्यवस्था पर संतोष जताया, उन्होंने कहा कि अब यहां पर उच्च कोटि की चिकित्सा सुविधाएं मौजूद हैं, उच्च गुणवत्ता की उच्चतम तकनीक से युक्त मशीनों से यहां इलाज किया जा रहा है, डीएम ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों का ससमय और बेहतर इलाज हो, साथ ही डीएम ने कहा कि इमरजेंसी वार्ड में आ रहे मरीजों के आयुष्मान कार्ड अवश्य बने हो जिससे आगे का इलाज कराने में उन्हें कोई परेशानी न हो, उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं को देखा, साथ ही उन्होंने मिलने वाली धनराशि के विषय में तत्काल फीडबैक कॉल भी कराई, जहां पर सोन देवी ने बताया कि उन्हें अभी तक इस योजना के तहत धनराशि नहीं मिली है, जिलाधिकारी ने कहा कि 48 घंटे के अंदर महिलाओं को इस योजना के तहत धनराशि आवश्यक मिल जानी चाहिए, क्योंकि यह महिलाओं के पोषण और उत्तम स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है।

डीएम ने इसके अलावा टीकाकरण कक्ष और पैथोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया, साथ ही साथ डीएम ने एक्स-रे विभाग, सर्जरी ओपीडी मेडिसिन वार्ड, मुख्य ऑपरेशन थिएटर इत्यादि कक्षों का भी निरीक्षण किया, टीकाकरण कक्षों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं का टीकाकरण नियमित रूप से अवश्य हो, डीएम को अवगत कराया गया कि यहां पर प्रतिदिन 30 से 35 गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं का टीकाकरण होता है, बाहर काउंटर पर अव्यवस्था देख डीएम नाराज दिखे, उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्थाओं को ठीक किया जाए, मरीजों के बैठने की उत्तम व्यवस्था हो साथ ही डीएम ने कहा कि यहां पर पर्ची सिस्टम लागू किया जाए, जिससे यहां लोगों की लंबी कतारे न लगने पाए, इसके अलावा डीएम नवनिर्मित 200 सैय्या युक्त स्वशासी राज्य चिकित्सालय भी देखने गए, जहां पर उन्होंने लीवर की समस्या से ग्रसित रोहित नामक व्यक्ति से उसका हाल-चाल पूछां, जिलाधिकारी ने कहा कि इस नवनिर्मित अस्पताल में सभी चिकित्सा सेवाएं शीघ्र प्रारंभ की जाए, जिससे मरीजों को इलाज में सुविधा प्रदान की जा सके।

## पड़ोसन ने दो सगी बहनों के फोटो पर अश्लील कमेंट कर पोस्ट करने के साथ दी दुराचार कराने की धमकी

**आगरा।** सदर क्षेत्र में महिला ने पड़ोसी छात्राओं की फोटो पर अश्लील कमेंट कर पोस्ट किए और दुष्कर्म कराने की धमकी दी। डर के कारण दोनों बहनों ने कॉलेज जाना बंद कर दिया, पुलिस ने केस दर्ज किया। सदर थाना क्षेत्र में एक महिला ने पड़ोस में रहने वाली दो छात्राओं के फोटो पर अश्लील कमेंट लिख कर पोस्ट कर दिए। शिकायत पर बदनाम कर दुष्कर्म कराने की धमकी दी। छात्राओं ने दहशत के चलते कॉलेज जाना बंद कर दिया। छात्राओं की मां की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में लगी है। दर्ज केस के अनुसार छात्राओं की मां ने तहरीर दी। उनकी दो बेटियां है। दोनों स्नातक की छात्राएं हैं। पड़ोस में रहने वाली महिला अपने पति के नंबर से इंस्टा आईडी चलाती है। उसने उनकी इंस्टा आईडी से दोनों बेटियों के फोटो डाउनलोड कर लिए। अश्लील कमेंट लिख फोटो पोस्ट कर दिए। जानकारी होने पर उन्होंने विरोध किया तो वह नाराज हो गई। मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कहा कि दोनों बहनों को उठवाकर दुष्कर्म करा देगी। उनकी बेटियों को कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगी। शादी भी नहीं होने देगी। तब से दोनों बहने दहशत में हैं। डर से उन्होंने कॉलेज जाना बंद कर दिया। डर है कि उनके साथ कोई अप्रिय घटना न हो जाए। पुलिस को साक्ष्य के तौर पर फोटो भी दिए हैं। पुलिस ने पति-पत्नी दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है।




# सेमीफाइनल : मेरठ व लखनऊ आमने -सामने

## यूपी टी-20 2025 : भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम, लखनऊ में दूसरा क्वालीफायर मैच जारी

खेल संवाददाता



लखनऊ : उत्तर प्रदेश टी-20 लीग 2025 अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। गुरुवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम, लखनऊ में दूसरा क्वालीफायर खेला जा रहा है, जिसे सेमीफाइनल जैसी अहमियत दी जा रही है। इस मुकाबले में मेरठ मावेरिक्स और लखनऊ फॉक्स आमने-सामने हैं। दोनों ही टीमें बेहतरीन प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाने की जद्दोजहद में जुटी हैं। टॉस मेरठ मावेरिक्स के पक्ष में रहा और कप्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने तेज शुरूआत करने की कोशिश की लेकिन लखनऊ के गेंदबाजों ने शुरूआती झटके देकर दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मावेरिक्स ने 17.3 ओवर तक पांच विकेट खोकर 127 रन बनाए। यह स्कोर दर्शाता है कि मैच पूरी तरह संतुलन में है और आने वाले ओवर बेहद अहम साबित होंगे। बल्लेबाजी क्रम में मेरठ के कुछ खिलाड़ियों ने अच्छी साझेदारियां कीं, मगर लखनऊ के गेंदबाजों ने रनगति पर नियंत्रण बनाए रखा। गौरतलब है कि लीग चरण के दौरान इन दोनों टीमों के बीच खेले गए मैच में मेरठ मावेरिक्स ने लखनऊ फॉक्स को करारी शिकस्त दी थी। उस मुकाबले में मेरठ ने 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था और फॉक्स को महज 140 पर ढेर कर दिया था।

उस मैच में मेरठ के बल्लेबाजों ने जोरदार आतिशबाजी की थी और रितुराज शर्मा ने शानदार पारी खेलकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब हासिल किया था। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए मावेरिक्स के खिलाड़ी आत्मविश्वास से लबरेज हैं। दूसरी ओर, लखनऊ फॉक्स ने लीग में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कभी बल्लेबाजी ने टीम को जीत दिलाई तो कभी गेंदबाजी ने शानदार कमाल दिखाया। हालांकि लगातार प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बावजूद टीम ने फाइनल तक पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखी हैं। कप्तान और टीम मैनेजमेंट का मानना है कि इस बड़े मैच में खिलाड़ियों को संयम और आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाना होगा। स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ जुटी है और माहौल पूरी तरह रोमांचक है। लखनऊ के घरेलू दर्शक अपनी टीम का जोश के साथ हौसला बढ़ा रहे हैं, वहीं मेरठ के समर्थक भी पीछे नहीं हैं। हर चौका और हर विकेट पर स्टेडियम गूंज उठता है। यह दृश्य दर्शाता है कि यूपी टी-20 अब केवल एक टूनार्मेंट नहीं बल्कि प्रदेश की क्रिकेट संस्कृति का उत्सव बन चुका है। इस समय मुकाबला बेहद दिलचस्प मोड़ पर है। मेरठ मावेरिक्स की पारी के अंतिम ओवर बाकी हैं और यह देखना होगा कि वे लक्ष्य को कितना बड़ा बनाते हैं। वहीं लखनऊ फॉक्स की बल्लेबाजी लाइनअप पर सबकी निगाहें टिकी हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन करना होगा।

## श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराया

हरारे। वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप करने के बाद श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को पहला टी-20 भी 4 विकेट से हरा दिया। हरारे में बुधवार को जिम्बाब्वे ने 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। श्रीलंका ने 19.1 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कामिंडु मेंडिस ने मिडिल ऑर्डर में 16 गेंद पर 41 रन की अहम पारी खेली। जिम्बाब्वे से ब्रायन बेनेट ने 81 रन बनाए हरारे में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। जिम्बाब्वे ने तीसरे ओवर में ओपनर तादिवानाशे मरुमानी का विकेट गंवा दिया, वे 7 रन बनाकर आउट हुए। ब्रायन बेनेट ने फिर पावरप्ले में शॉन विलियम्स के साथ टीम का स्कोर 60 के करीब पहुंचा दिया। विलियम्स छठे ओवर में 14 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सिकंदर रजा ने फिर बेनेट के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। रजा 28 रन बनाकर आउट हुए। रायन बर्ल ने फिर 17 रन बनाए और बेनेट के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। बेनेट 81 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हुए। चमीरा ने 3 विकेट लिए जिम्बाब्वे ने आखिरी ओवर में 2 विकेट गंवाए, लेकिन टीम ने 20वें ओवर में 13 रन बटोरे और स्कोर 175 तक पहुंचा दिया। श्रीलंका से दुष्मंथा चमीरा ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए। नुवान थुषारा, महीश तीक्षणा और दुषन हेमंत को 1-1 विकेट मिला। कामिंडु मेंडिस और दसुन शनाका को कोई विकेट नहीं मिला। एक बैटर रन आउट भी हुआ। श्रीलंका ने मजबूत शुरूआत की 176 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम को ओपनर्स ने मजबूत शुरूआत दिलाई।

पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस ने 10 ओवर में 96 रन बटोर लिए। 11वें ओवर में निसांका 55 रन बनाकर आउट हुए। यहां से टीम ने 10 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए। मेंडिस 38, कुसल परेरा 4, नुवानिडु फर्नांडो 7 और चरिथ असलंका 1 रन बनाकर आउट हो गए। आखिरी 18 गेंद पर 34 रन की जरूरत दसुन शनाका भी 17वें ओवर में 6 रन बनाकर आउट हो गए। आखिरी 18 गेंद पर टीम को 34 रन की जरूरत थी। यहां कामिंडु मेंडिस ने तिनोतेंदा मपोसा के ओवर में 26 रन बटोर लिए। उन्होंने ओवर में 2 छक्के और 1 चौका लगाया। दूसरे एंड पर दुषन हेमंत ने भी 1 चौका लगा दिया। यहां से आखिरी 2 ओवर में टीम को 8 रन की ही जरूरत थी। कामिंडु और हेमंत ने 19वें ओवर में 5 रन और 20वें ओवर में जीत के लिए जरूरी 3 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। मेंडिस 41 और दुषन 15 रन बनाकर नॉटआउट रहे। जिम्बाब्वे के लिए रिचर्ड नगारवा ने 20 रन देकर 2 विकेट लिए। ब्लेसिंग मुजरबानी, तिनोतेंदा मपोसा, ब्रैड एवंस और सिंकदर रजा के हाथ 1-1 विकेट लगा। शॉन विलियम्स कोई विकेट नहीं ले सके। दूसरा टी-20 मैच 6 सितंबर को श्रीलंका ने हरारे में पहला टी-20 जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

## प्रज्ञानानंदा का सामना जैफ्री शियोंग से, बाकरोट खेलेंगे डी गुकेश





समरकंद (उजबेकिस्तान)। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के पहले दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर जैफ्री शियोंग से खेलेंगे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश की टक्कर फ्रांस के एटियेने बाकरोट से होगी। ओपन वर्ग में 116 और महिला वर्ग में 56 खिलाड़ी 855000 डॉलर ईनामी राशि के लिये मुकाबला करेंगे जिसमें से 625000 पुरस्कार ओपन वर्ग में होगा।

यह टूर्नामेंट अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये क्वालीफायर है लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त मैग्नस कार्लसन, फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन को क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है और वह विश्व चैम्पियनशिप नहीं खेलते हैं। कारूआना कैंडिडेट्स के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं और नकामूरा को यकीन है कि जनवरी 2026 तक की औसत रैंकिंग के आधार पर वह जगह बना लेंगे। ओपन और महिला वर्ग से दो कोटा स्थान तय होंगे। इन तीनों के नहीं खेलने से शीर्ष तीन वरीयता भारतीय खिलाड़ियों को मिली है। दुनिया के चौथे, पांचवें और छठे नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख भी ओपन वर्ग में उतरेंगी जो महिला कैंडिडेट्स के लिये क्वालीफाई कर चुकी हैं। वह महिला वर्ग में भाग नहनीं ले रही हैं ।पहले दौर में उनका सामना हमवतन अभिमन्यु पुराणिक से होगा। भारत के 15 खिलाड़ी ओपन में और तीन महिला वर्ग में उतरेंगे। महिला वर्ग में डी हरिका, पिछली विजेता आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल भाग लेंगे। कोनेरू हम्पी महिला कैंडिडेट्स के लिये क्वालीफाई कर चुकी हैं इसलिये यहां नहीं खेल रही हैं।

## संक्षेप

### सिनेर अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क। गत चैम्पियन यानिक सिनेर ने इटली के ही दसवीं रैंकिंग वाले लोरेंजो मुसेत्ती को 6.1, 6.4, 6.2 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा जिन्होंने आठवीं रैंकिंग वाले एलेक्स डि मिनौर को 4-6, 7-6, 7-5, 7-6 से हराया। सिनेर का यह लगातार पांचवां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है। अगर वह शुक्रवार को जीतते हैं तो इस साल चारों ग्रैंडस्लैम फाइनल पहुंचने वाले खिलाड़ी बन जायेंगे।

### आईजीपीएल टूर की युवराज ने आईपीएल से की तुलना

नयी दिल्ली। इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने 10 सितंबर से शुरू होने वाले अपने पहले टूर के कार्यक्रम की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आईजीपीएल के सह मालिक और ब्रांड दूत युवराज सिंह ने गोल्फ पर इस टूर के संभावित प्रभाव की तुलना क्रिकेट पर आईपीएल प्रभाव से की। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) और भारतीय महिला गोल्फ संघ (डब्ल्यूजीएआई) के साथ साझेदारी में आईजीपीएल टूर पर 10 प्रतियोगिता का कैलेंडर होगा जिसकी शुरुआत 10 से 12 सितंबर तक चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में होने वाले पहले टूर्नामेंट से होगी। प्रत्येक प्रतियोगिती तीन दिवसीय होगी जिसमें कोई कट नहीं होगा। इसमें युवा और अनुभवी गोल्फरों के साथ-साथ महिला पेशेवर और एमेच्योर गोल्फर होंगे। पहले वर्ष में 48 पेशेवर खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें 36 पुरुष और 12 महिलाएं।

### मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीत के साथ भारत का अभियान शुरू

लीवरपूल। पवन बर्तवाल ने बृहस्पतिवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुषों के 55 किग्रा वजन वर्ग के पहले दौर में ब्राजील के माइकल डगलस दा सिल्वा ट्रनिडाडे पर कड़े मुकाबले में विभाजित फैसले से जीत से भारत के अभियान की शुरुआत की। बर्तवाल ने पेरिस ओलंपियन और 2023 पैन अमेरिकन खेलों के रजत पदक विजेता को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में 3-2 से शुरूआत की। पर ब्राजील के मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में जवाब दिया और बर्तवाल पर ताकतवर मुक्कों की झड़ी लगाकर इसे अपने नाम कर लिया। अब दोनों बराबरी पर थे। पर बर्तवाल ने निर्णायक राउंड में शिकंजा कसा और जीत पक्की कर ली।

## कोहली ने लंदन में पास किया फिटनेस टेस्ट

एजेंसी



लंदन। विराट कोहली ने लंदन में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों की निगरानी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। कोहली ने बीसीसीआई से लंदन में फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति मांगी थी। यह टेस्ट बीसीसीआई के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की देखरेख में हुआ। विराट से पहले 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी पूरा किया था। विराट के लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठे विराट कोहली के बेंगलुरु की बजाय लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी 29 अगस्त को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरु में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए मौजूद थे। कोहली के लंदन में टेस्ट देने पर सोशल मीडिया पर फैंस ने सवाल करने शुरू कर दिए। फैंस ने कहा कि कोहली को भी बाकी प्लेयर्स की तरह बेंगलुरु में टेस्ट देना चाहिए था। विराट लंदन में परिवार के साथ विराट कोहली इस समय अपने परिवार के साथ इंग्लैंड में ही रह रहे हैं और वहीं प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे पहले 2024 टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद उन्होंने रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के साथ टी-20 फॉर्मेट से भी संन्यास ले लिया था। रोहित-विराट सिर्फ वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। वे अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं। विराट कोहली ने नईम अमीन के खिलाफ इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट की। उन्होंने लिखा- 'तैयारी में मदद करने के लिए शुक्रिया भाई। आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है। गिल-बुमराह भी फिटनेस टेस्ट पास कर चुके हैं बेंगलुरु में आयोजित प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट में भारत के एशिया कप खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उप-कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर और शार्दूल ठाकुर ने भी अपना फिटनेस टेस्ट पास किए। दूसरा चरण सितंबर में होगा बीसीसीआई ने सितंबर में फिटनेस टेस्ट का दूसरा चरण निर्धारित किया है, जिसमें के एल राहुल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और नीतीश रेड्डी जैसे खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच होगी। 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया। वनडे कप्तान ने यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी क्लियर किया। प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट में भारत के एशिया कप प्लेयर्स भी शामिल हुए। उप-कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, भी टेस्ट पूरा करके वअए में खेलने को तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर नारायण जगदीशन की नाबाद 148 रन की पारी की बदौलत दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन दक्षिण क्षेत्र ने उत्तर क्षेत्र के खिलाफ तीन विकेट पर 297 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की। पिछले महीने ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान जगदीशन को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने 260 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके और दो छक्के लगाए।

## टीम में अंदर बाहर होते रहना निराशाजनक था : अमित

नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने बृहस्पतिवार को क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास ले लिया और उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान दो अलग दौर का सामना किया। पहला दौर महान स्पिनर अनिल कुंबले की जगह लेने के साथ उनसे की जाने वाली अपेक्षाओं के भारी दबाव से निपटने में बीता तो दूसरा दौर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के आने से हुई प्रतिस्पर्धा से निपटने का रहा। इसमें से ऑफ स्पिनर अश्विन जहां महेंद्र सिंह धोनी की योजना का हिस्सा रहे तो वहीं जडेजा विराट कोहली की रणनीति के अनुकूल रहे। लेकिन लेग ब्रेक गेंदबाजी करने वाले और शानदार गुगली फेंकने वाले मिश्रा को अश्विन और जडेजा के साथ तीसरे विकल्प के रूप में काफी कम इस्तेमाल किया जाता। मिश्रा ने 22 टेस्ट में 76 विकेट लिए हैं। उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद पीटीआई वीडियो से कहा यह बहुत निराशाजनक चीज थी। कभी आप टीम में होते हैं, कभी बाहर। कभी आपको अंतिम एकादश में खेलने का मौका मिलता, कभी नहीं। निश्चित रूप से यह निराशाजनक है। इसमें कोई शक नहीं कि मैं कई बार निराश हुआ। उन्होंने कहा लेकिन आपका सपना तो भारत के लिए क्रिकेट खेलना होता है। आप राष्ट्रीय टीम के साथ हो और लाखों लोग टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हो। आप भारतीय टीम के 15 खिलाड़ियों में से एक हो तो मैंने सकारात्मक बने रहने की कोशिश की। मिश्रा ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहना मानसिक रूप से मुश्किल था। उन्होंने कहा जब भी मैं निराश होता था तो मैं यही सोचता कि मैं कहां सुधार कर सकता हूं। चाहे वह मेरी फिटनेस हो, बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, मैंने हमेशा बेहतर होने पर ध्यान केंद्रित किया। जब भी मुझे भारतीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया।

## ब्रेक के दौरान लाल गेंद के क्रिकेट पर किया काम : गायकवाड़

बेंगलुरु। रुतुराज गायकवाड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने चोट के कारण मिले करीब पांच महीने के ब्रेक का फायदा उठाया और लाल गेंद के क्रिकेट पर काम किया लेकिन इस भारतीय बल्लेबाज का मानना है कि सत्र की शानदार शुरुआत के बावजूद उन्हें खेल के पारंपरिक प्रारूप में अभी लंबा रास्ता तय करना है। गायकवाड़ को अप्रैल की शुरुआत में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलते हुए कोहनी में चोट लग गई थी जिसके कारण वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2025 में नहीं खेल पाए और फिर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए टीम का हिस्सा नहीं बन पाए।

## रानी यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत



लखनऊ। लखनऊ की राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी व सामाजिक कार्यकर्ता रानी सिंह को खेलकूद व सामाजिक कार्यो में किए गए योगदान को देखते हुए उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय ने देते हुए उम्मीद जताई कि रानी सिंह पूर्व की भांति हैंडबॉल की गतिविधियों के संचालन व खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में योगदान करती रहेंगी।

इस नियुक्ति पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने विश्वास जताया कि रानी सिंह के अनुभव का लाभ प्रदेश में हैंडबॉल खेल के विकास और महिला खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व और ज्यादा बढ़ाने में मिलेगा।

वहीं उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने भी रानी सिंह को नियुक्ति के लिए बधाई दी।

## महिला एशिया कप हॉकी में नये सिरे से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

हांगझोउ (चीन)। प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान भारतीय महिला हॉकी टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरूआत करने उतरेगी। विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम पूल बी के मैच में 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम से खेलेगी। भारत पूल में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है जिसमें जापान (12), थाईलैंड और सिंगापुर (31) भी है। पूल ए में चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं। चीन (चार) के बाद भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।



# पीएम ने लोगों को दिया दिवाली का तोहफा

## जीएसटी सुधार नागरिकों को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से बंपर उपहार : नड्डा



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए इसे दुर्गा पूजा और दिवाली जैसे त्योहारों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नागरिकों को दिया गया बंपर उपहार बताया।

उन्होंने जीएसटी परिषद द्वारा उठाए गए कदमों में खामियां निकालने के लिए कांग्रेस की आलोचना भी की और कहा कि यह विपक्षी पार्टी के दोहरे मानदंडों को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उन फैसलों का विरोध करते हैं जिनका समर्थन उनकी पार्टी शासित राज्य सरकारों के वित्त मंत्रियों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद के सभी निर्णय आम सहमति से लिए गए हैं। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी ) भी लागू नहीं कर पाई क्योंकि राज्यों को उस पर भरोसा नहीं था। उन्होंने दावा किया कि इसके विपरीत, उस समय कांग्रेस ने मूल्य वर्धित कर ( वैट ) के जरिए गरीबों और व्यापारियों को लूटा और कर चोरी की भरपूर गुंजाइश छोड़ी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2017 में जीएसटी लागू करके एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा को साकार किया। जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी में व्यापक सुधारों की घोषणा की, जिसमें 28 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के कर स्लैब को हटा दिया गया और केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रखे गए। नड्डा ने कहा कि कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है और कई अन्य उत्पादों पर इसे काफी घटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में जीएसटी सुधारों की मंशा व्यक्त की थी और अब जीएसटी परिषद ने यह ऐतिहासिक कदम उठाया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ये सुधार नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और व्यापारियों एवं छोटे व्यवसायों के लिए व्यापार को आसान बनाने में मदद करेंगे। नड्डा ने कहा, हमारी सरकार का लक्ष्य केवल राजस्व संग्रह ही नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाना भी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और नयी उम्मीदें जगाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर हटाने का निर्णय एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है तथा इससे लोगों के स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। नड्डा ने इस निर्णय के लिए जीएसटी परिषद की अध्यक्ष केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इसके सदस्य विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों की भी प्रशंसा की।

# वैष्णव ने हरियाणा में टीडीके लिथियम आयन बैटरी संयंत्र का किया उद्घाटन



गुरुग्राम। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरियाणा के सोहना में जापान की कंपनी टीडीके कॉरपोरेशन के लिथियम-आयन बैटरी संयंत्र का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया।

वैष्णव ने उद्घाटन के बाद कहा कि हरियाणा के सोहना में कारखाना देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयास का हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि मोबाइल फोन व घड़ियों, ईयरबड, एयरपॉड और लैपटॉप जैसे पहनने योग्य उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली लिथियम-आयन बैटरियां अब भारत में टीडीके कॉर्पोरेशन के इस अत्यंत उन्नत संयंत्र में बनाई जाएंगी। यह संयंत्र हर साल करीब 20 करोड़ बैटरी पैक का निर्माण करेगा। टीडीके.. एप्पल, प्रमुख मोबाइल फोन कंपनियों, लैपटॉप विनिर्माताओं और अन्य वायरलेस उपकरणों को बैटरियां प्रदान करता है। वैष्णव ने कहा कि देश में मोबाइल फोन क्षेत्र में हर साल करीब 50 करोड़ सेल पैक की आवश्यकता होती है। मंत्री ने कहा, इसका मतलब है कि करीब 40 प्रतिशत क्षमता इसी कारखाने से पूरी होगी। इस कारखाने में विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। मैं यह कारखाना स्थापित करने में सहयोग देने के लिए हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि यह कारखाना 5,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन करेगा। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि यह कारखाना करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया गया है। ऊर्जा समाधान व्यवसाय कंपनी टीडीके के मुख्य कार्यपालक अधिकारी फुमियो शशिदा ने कहा कि कारखाना इस कैलेंडर वर्ष की चौथी तिमाही में छोटे पैमाने पर उत्पादन शुरू करेगा।

# विदेशी नागरिक अधिनियम पर केंद्र का आदेश हास्यास्पद, चुनावी हथकंडा : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत हाल के उस आदेश को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र पर निशाना साधा, जिसमें पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रहने की अनुमति दी गई है। उन्होंने इसे एक चुनावी हथकंडा करार दिया। बंगाली प्रवासियों पर कथित अत्याचारों की निंदा करने संबंधी एक सरकारी प्रस्ताव पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में चर्चा के दौरान बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र का कदम आगामी चुनावों से पहले जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से है। उन्होंने भाजपा पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए इस तरह की रणनीति का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनावी हथकंडा के अलावा कुछ नहीं है, लेकिन इस बार यह काम नहीं करेगा।







# बिहार बंद का रहा मिला-जुला असर



पटना। बिहार के दरभंगा में कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां को कथित तौर पर अपशब्द कहे जाने के विरोध में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) द्वारा बृहस्पतिवार को आहूत पांच घंटे के राज्यव्यापी बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। राजधानी पटना में सड़कों पर वाहन कम दिखे और कुछ निजी स्कूल बंद रहे। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं, तो कइयों ने खोलीं भी। राजग के प्रमुख घटक भाजपा और अन्य दलों के कार्यकर्ता पूरे राज्य में बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतरे, जिनमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताएं भी शामिल थीं। बंद के बारे में पुलिस ने कहा कि राज्य के किसी भी हिस्से से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, राजद और कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई वीडियो क्लिप साझा किए, जिनमें आरोप लगाया गया है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया और लोगों को उनके कार्यस्थलों, ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशनों और चिकित्सा आपात स्थिति के लिए अस्पतालों तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की। भाजपा के गठबंधन सहयोगियों ने बंद को अपना भरपूर समर्थन दिया। इन सहयोगियों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला जनता दल ( यूनाइटेड ), केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाला हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ( हम ) शामिल हैं। पटना में स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और सांसद धर्मशीला गुप्ता सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर धरना दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, मोदी जी की दिवंगत मां का अपमान बिहार बर्दाश्त नहीं करेगा। उनकी ( विपक्ष की ) बेशर्मी इतनी है कि कांग्रेस के एक भी वरिष्ठ नेता ने अभी तक इस घटना के लिए माफी नहीं मांगी है। यह कांग्रेस नेताओं और उनके गठबंधन सहयोगियों के अहंकार को दर्शाता है।

# ट्रंप के टैरिफ भारत के साथ महत्वपूर्ण संबंधों के लिए खतरा पैदा करते हैं: अमेरिकी सांसद

न्यूयॉर्क। अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए मनमाने टैरिफ दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों के लिए खतरा हैं। प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के प्रमुख डेमोक्रेट सदस्य मीक्स ने बुधवार को अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात के बाद अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए कांग्रेस के समर्थन पर जोर दिया। मीक्स के हवाले से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया, पिछले 25 वर्षों में क्वाड सहित, मजबूत हुई अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए अमेरिकी कांग्रेस के समर्थन को रेखांकित करने के लिए राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात की। मैंने गहरे संबंधों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, यूक्रेन में शांति की हमारी साझा आशा और ट्रंप के मनमाने टैरिफ पर अपनी चिंता दोहराई, जो इस महत्वपूर्ण रिश्ते के लिए खतरा हैं। विदेश मामलों की समिति में नेतृत्व के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों के लिए उनके निरंतर परामर्श और दृढ़ समर्थन के लिए आभारी हूं। हमारी चर्चा व्यापार, ऊर्जा, हिंद-प्रशांत और आपसी हितों के व्यापक मुद्दों पर केंद्रित रही। क्वात्रा ने कांग्रेसनल एनर्जी एक्सपोर्ट कॉकस की अध्यक्ष कैरोल मिलर से भी मुलाकात की।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
( पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com